# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 02 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 26, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## वोडा-आइडिया को 26.8 करोड़ का नोटिस

दूरसंचार विभाग ने वोडाफोन आइडिया को 26.83 करोड़ रुपये का लिक्विडेटेड डैमेज भरने का नोटिस भेजा है। } 10

## सेना की रक्षात्मक व आक्रामक क्षमता में आया बड़ा बदलाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा देश की सशस्त्र सेनाओं की रक्षात्मक और आक्रामक, दोनों क्षमताओं में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक ने नए राष्ट्रवाद की नींव रखी और आज देश उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। } 10



# राष्ट्रमंडल खेल : भारत के लिए स्वर्णिम दिन, जीते 7 गोल्ड

















ग्लास्गो। भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी और प्रिया घंघास, अरुंधति चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वजन वर्गों में स्वर्ण पदक जीते जबकि पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जादूमणि सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय पैरा गोला फेंक एथलीट सोमन राणा ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता जबकि त्रिकूद स्पर्धा में प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए।

प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में कनाडा की स्कारलेट डेलगाडो को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन जैसमीन ने भी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उत्तरी आयरलैंड की गत चैंपियन माइकेला वॉल्श को 5-0 के समान अंतर से मात देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। साक्षी ने फिर महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में इंग्लैंड की रूबी वाइट को 5-0 से हराकर दिन में भारत को मुक्केबाजी का तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। प्रिया को महिलाओं के 60 किग्रा में कनाडा की मैरी बाथोल अल अहमदिएह से कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने 4-1 के विभाजित फैसले से पहला स्थान हासिल किया। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में छठा स्वर्ण पदक जीता जब सचिन सिवाच ने नामीबिया के ट्रायागेन मार्निंग को पुरूषों के 60 किलो फाइनल में हराया। इससे पहले भारत के दिन के तीसरे मुकाबले में जादूमणि सिंह को ऑस्ट्रेलिया के जाई डिक्सन के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 0-5 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक मिला। लंबे कद के ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरुआत में संघर्ष करने के बाद जादूमणि ने शानदार वापसी करते हुए पहला राउंड 3-2 से अपने नाम किया। डिक्सन ने हालांकि दूसरे राउंड में जोरदार वापसी की और सभी जज के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राहुल गांधी, पप्पू यादव व अवधेश पर केस दर्ज

## साधू के भेष में चंदा चोरी का नाटक करना पड़ा भारी, भाजपा नेताओं ने नई दिल्ली और वाराणसी में करवाई एफआईआर

एजेंसी

नयी दिल्ली/वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की तरफ ध्यान खींचने के लिये संसद परिसर में नाटक करने को लेकर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अयोध्या से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में शिकायत दर्ज कराई। नयी दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने पार्टी विधायकों के साथ संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई। वाराणसी के पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि संतों की तहरीर पर कोतवाली थाने में राहुल गांधी, यादव और प्रसाद के खिलाफ सनातन धर्म का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर अलग-अलग समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक कार्य करना) और धारा 299 (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करने वाले जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य) सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाने में तैनात एक अधिकारी ने बताया कि इन नेताओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 302 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के जानबूझकर इरादे से शब्दों आदि का इस्तेमाल करना) और धारा तीन (पांच) (सभी की साझा मंशा को आगे बढ़ाने के लिए कई व्यक्तियों द्वारा किया गया आपराधिक कृत्य) के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। बांसुरी ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शन की आड़ में सनातन संस्कृति का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कल (शुक्रवार को) संसद परिसर में प्रदर्शन के बहाने सांसद पप्पू यादव, अवधेश प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक नाटक किया। यह कोई प्रदर्शन नहीं था। यह सनातन संस्कृति का मजाक, संत समाज का उपहास और भारतीय परंपराओं का ...शेष पृष्ठ 10 पर




### हिन्दू संगठनों ने देशभर में किया प्रदर्शन

भोपाल। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संसद परिसर में विपक्ष द्वारा अयोध्या स्थित राम मंदिर में चंदे के कथित गबन को लेकर प्रस्तुत किए गए नाटक के विरोध में शनिवार को भोपाल में प्रदर्शन किया।

भगवा वस्त्र धारण किए निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने शुक्रवार को संसद परिसर में अन्य विपक्षी सांसदों के साथ राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर एक नाटक किया था। इस नाटक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए थे। भोपाल में विहिप और बजरंग दल के प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी व्यापम चौराहे से लिंक रोड की ओर मार्च निकालने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की, जिससे पुलिसकर्मियों के साथ हल्की धक्का-मुक्की हुई। हालांकि, पुलिस के अनुसार स्थिति नियंत्रण में रही और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रदर्शन में शामिल विहिप और बजरंग दल के नेताओं ने आरोप लगाया कि संसद परिसर में विपक्ष द्वारा किए गए इस नाटक से भगवान राम का अपमान हुआ है और ...शेष पृष्ठ 10 पर

### अनिल अंबानी पर धोखाधड़ी का केस

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को l,816.22 करोड़ रुपये का कथित नुकसान पहुंचाने के मामले में रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) और उसके पूर्व चेयरमैन अनिल डी. अंबानी के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

हालांकि, अंबानी के प्रवक्ता के अनुसार अनिल अंबानी ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्वाई केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की 21 जुलाई की शिकायत के बाद की गई, जिसमें धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को गलत तरीके से वित्तीय नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है, यह शिकायत ईपीएफओ की ओर से उसके अधिकृत अधिकारी द्वारा सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद दर्ज कराई गई है। इसका संबंध रिलायंस कैपिटल लिमिटेड द्वारा जारी सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में ईपीएफओ के निवेश से हुए भारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 192 रुपये घटी

नयी दिल्ली। होटल और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में उपयोग होने वाली वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में शनिवार को बड़ी कटौती की गयी। इसके तहत 19 किलोग्राम के एलपीजी के सिलेंडर के दाम में 192 रुपये की कमी की गयी है। वहीं विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय मानक दरों के रुख को देखते हुए किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों से मिली सूचना के अनुसार, दिल्ली में 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर अब 2,930 रुपये के बजाय 2,738 रुपये का मिलेगा। वहीं, एटीएफ की कीमत 110 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 115 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। यह लगातार दूसरा महीना है, जब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में कटौती की गई है। इससे पहले एक जुलाई को 183.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गई थी। वहीं, एटीएफ की कीमत में वृद्धि ने एक जुलाई को की गई लगभग समान कटौती का असर खत्म कर दिया।

### सिधरिया ड्रेन में डूबने से तीन बहनों की मौत

कुशीनगर। जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम सिधरिया ड्रेन में डूबने से एक ही परिवार की तीन मासूम बच्चियों की मौत हो गई। करीब 12 घंटे तक चले तलाश अभियान के बाद शनिवार सुबह ग्रामीणों ने तीनों के शव बरामद किए। पुलिस के अनुसार, दुबौली गांव निवासी शंभू की पुत्रियां सपना (10) और छोटी (8) तथा रंजीत की पुत्री कुंचन (12) शुक्रवार शाम खेत से घास काटकर घर लौट रही थीं। रास्ते में बभनौली गांव के समीप स्थित सिधरिया ड्रेन की पुलिया पर तीनों कुछ देर के लिए रुकीं। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से तीनों पुलिया से नीचे तेज बहाव वाली ड्रेन में गिर गईं और देखते ही देखते पानी की धारा में बह गईं।

# एलडीए जेई समेत तीन लोग रिश्वत लेते गिरफ्तार

## विजिलेंस ने गोमती नगर कार्यालय में की बड़ी कार्रवाई

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की टीम ने प्राधिकरण के एक अवर अभियंता (जेई) समेत तीन लोगों को 7.50 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई गोमती नगर स्थित एलडीए के जोन-5 कार्यालय में की गई। गिरफ्तार आरोपियों में एलडीए जोन-5 कार्यालय में तैनात जेई दिनेश कुमार वर्मा, सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश और रिश्वत में सहयोग करने वाला बिचौलिया श्रवण कुमार शामिल हैं। आरोप है कि तीनों ने मकान निर्माण के मामले में कार्रवाई का डर दिखाकर शिकायतकर्ता से 15 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। बाद में सौदा 7.50 लाख रुपये में तय हुआ।



❍ मकान निर्माण रोकने की धमकी देकर मांगी थी 15 लाख की घूस

विजिलेंस अधिकारियों के अनुसार, शिकायतकर्ता ने उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के लखनऊ सेक्टर के पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि जेई दिनेश कुमार ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 52 दिन बाद कब्र से निकाला युवती का शव, जांच शुरू

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में 16 वर्षीय एक लड़की की मौत के कारणों पर संदेह के कारण दफनाए जाने के 52 दिन बाद शनिवार को उसका शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जिला प्रशासन द्वारा मामले की नए सिरे से जांच के आदेश दिए जाने के बाद शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के शाह जमाल कब्रिस्तान में नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में शव को कब्र से निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्वाई स्थानीय निवासी दुलारे खान की लिखित शिकायत के बाद की गई। खान ने शिकायत में आरोप लगाया था कि आठ जून की सुबह जब वह पास की मस्जिद से ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी

## रोजगार तलाशने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बनें उत्तराखंड के युवा : धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा और कौशल को केवल नौकरी प्राप्त करने तक सीमित न रखें, बल्कि अपनी क्षमता का इस्तेमाल नए रोजगार और अवसर सृजित करने में करें। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी शक्ति के सामर्थ्य पर विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि भारत आज परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में तेजी से हो रहे



विस्तार ने युवाओं के सामने आगे बढ़ने की संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा, विचार और रचनात्मकता को सही दिशा देकर देश की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों को नई गति दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सफलता का अर्थ केवल सरकारी या निजी नौकरी प्राप्त करना नहीं है। अपने कौशल के आधार पर कोई नया कार्य शुरू करना, उद्यम खड़ा करना और अन्य लोगों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

## शिवसागर की दिखो नदी, गोलाघाट के नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी में भीषण बाढ़

# असम में बाढ़ का कहर, 1.92 लाख लोग प्रभावित

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के शिवसागर, गोलाघाट, जोरहाट, नागांव और चराईदेव जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे राज्य में अब भी 1.92 लाख लोग प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण दो और लोगों की मौत होने के बाद इस आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 82 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि असम के आठ जिलों में बृहस्पतिवार को दो लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित थे। हालांकि, अब स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन शिवसागर की दिखो नदी और गोलाघाट के नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी अभी भी गंभीर बाढ़ की स्थिति में हैं। अधिकारियों ने लोगों से इन इलाकों से दूर रहने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 13,000 लोगों को 54 राहत शिविरों में रखा गया है। इसके अलावा 26 राहत वितरण केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां 5,384 लोगों को सहायता दी जा रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) समेत कई एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस साल बाढ़ में शिवसागर और चराईदेव जिलों में एक-एक और मौत की पुष्टि हुई है, जिससे मृतकों की संख्या ...शेष पृष्ठ 10 पर



### गुजरात में भारी बारिश सैकड़ों गांव जलमग्न

अहमदाबाद। दक्षिण और मध्य गुजरात के कई हिस्सों में शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। विशेष रूप से सूरत और नवसारी जिलों के प्रभावित इलाकों से 27,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा 53 अन्य लोगों को बचाया गया है। कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूरत जिले की अंबिका तहसील में शनिवार सुबह छह बजे समाप्त हुए 24 घंटा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अंतिम चरण में राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच : ट्रस्ट

जिला संवाददाता

अयोध्या (उप्र)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक सदस्य ने शनिवार को बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है और एक नव गठित जांच टीम मंदिर परिसर के अंदर लोगों से पूछताछ कर रही है।

ट्रस्ट के सदस्य महंत दीनेन्द्र दास ने कहा कि भक्तों द्वारा चढ़ाए गए सोने, चांदी और अन्य चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। यह बयान तब आया है जब ट्रस्ट ने चल रही जांच के बीच दान इकट्ठा करने और उसे गिनने की प्रक्रिया में ज़्यादा पारदर्शिता लाने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। संसद में हुई एक घटना, जिसमें कथित तौर पर रामलला की तस्वीर जमीन पर रखी गई थी, पर प्रतिक्रिया देते हुए महंत दीनेन्द्र दास ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया। उन्होंने संसद सदस्यों से धार्मिक आस्था और भगवान राम की छवि का सम्मान करने की अपील की। दास ने यह भी कहा कि राम मंदिर में पूजा और दर्शन सुचारु रूप से चल रहे हैं और रोज़ाना आरती और अनुष्ठान वैष्णव परंपरा के अनुसार किए जा रहे हैं। दास ने पहले कहा था कि 25 जुलाई से दान संभालने की प्रक्रिया के हर चरण, गिनती वाले कमरे से खाली बक्से हटाने से ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ रूफटॉप सोलर ऊर्जा में लखनऊ नंबर-1 (पृष्ठ-02)
❍ पेशेवर शिकायतकर्ताओं के खिलाफ होगा केस (पृष्ठ-03)
❍ यूपीआई 29.9 लाख करोड़ के नये रिकॉर्ड स्तर पर (पृष्ठ-10)
❍ रणथम्भौर में दो शावकों संग नजर आई बाघिन (पृष्ठ-10)
❍ विनिर्माण केंद्र बनने के लिए, आंध्र तैयार (पृष्ठ-10)


C M Y K

# रूफटॉप सोलर ऊर्जा में लखनऊ देश में नंबर-1

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

विशेष संवाददाता (vol)

- यूपी के 17 जिले टॉप-100 में शामिल
- वाराणसी 10वें और कानपुर नगर 14वें स्थान पर



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के अभियान में उत्तर प्रदेश ने देश स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश के 17 जनपद देश के शीर्ष 100 जिलों की राष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल हुए हैं। वहीं राजधानी लखनऊ ने 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना के साथ देश में लगातार प्रथम स्थान बनाए रखा है।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है। रूफटॉप सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धि ने यह साबित किया है कि आम लोगों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने के अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।

यूपी नेडा के निदेशक रविन्द्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय रैंकिंग में लखनऊ जनपद ने सर्वाधिक 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। बड़ी संख्या में घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने से लखनऊ देश में मॉडल जनपद के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश में 10वां स्थान प्राप्त किया है।

वाराणसी में 48,829 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। वहीं औद्योगिक नगरी कानपुर नगर 43,289 संयंत्रों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर 14वें स्थान पर है। प्रदेश के अन्य जनपदों ने भी रूफटॉप सोलर ऊर्जा अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। बरेली 28,315 संयंत्रों के साथ 24वें स्थान पर, आगरा 26,375 संयंत्रों के साथ 29वें स्थान पर और प्रयागराज 23,773 संयंत्रों के साथ 37वें स्थान पर शामिल है। रूफटॉप सोलर संयंत्रों के विस्तार से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बचत का लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अवसर भी उपलब्ध हो रहा है।

सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार की ओर से जनजागरूकता अभियान, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना, समयबद्ध स्वीकृति, डिस्कॉम और संबंधित एजेंसियों के बेहतर समन्वय तथा सब्सिडी वितरण की प्रभावी व्यवस्था के कारण प्रदेश में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी आई है।

उत्तर प्रदेश में रूफटॉप सोलर ऊर्जा का तेजी से विस्तार राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। देश के शीर्ष 100 जनपदों में 17 जिलों की मौजूदगी और लखनऊ का लगातार नंबर-1 स्थान प्रदेश की हरित ऊर्जा नीति की सफलता को दर्शाता है।

### राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपद

राष्ट्रीय रैंकिंग में लखनऊ ने प्रथम स्थान हासिल किया है। लखनऊ में 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। वाराणसी 48,829 संयंत्रों के साथ देश में 10वें स्थान पर, कानपुर नगर 43,289 संयंत्रों के साथ 14वें स्थान पर, बरेली 28,315 संयंत्रों के साथ 24वें स्थान पर और आगरा 26,375 संयंत्रों के साथ 29वें स्थान पर है।

इसी क्रम में प्रयागराज 23,773 संयंत्रों के साथ 37वें स्थान पर, झांसी 18,354 संयंत्रों के साथ 51वें स्थान पर, रायबरेली 17,532 संयंत्रों के साथ 56वें स्थान पर, गोरखपुर 14,498 संयंत्रों के साथ 70वें स्थान पर, सहारनपुर 13,821 संयंत्रों के साथ 73वें स्थान पर, मुजफ्फरनगर 13,464 संयंत्रों के साथ 75वें स्थान पर, मेरठ 13,137 संयंत्रों के साथ 78वें स्थान पर, बाराबंकी 13,126 संयंत्रों के साथ 79वें स्थान पर, अलीगढ़ 12,925 संयंत्रों के साथ 81वें स्थान पर, शाहजहांपुर 12,158 संयंत्रों के साथ 86वें स्थान पर, सीतापुर 12,008 संयंत्रों के साथ 88वें स्थान पर तथा उन्नाव 11,779 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के साथ देश में 90वें स्थान पर है।

# गो संरक्षण बना रोजगार का नया मॉडल

विशेष संवाददाता (vol)

- देसी गायों के उत्पादों की विदेशों तक बढ़ी मांग
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही नई ताकत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गो संरक्षण नीति अब गो सेवा के साथ रोजगार और उद्यमिता का नया मॉडल बनकर उभर रही है। देसी गायों पर आधारित उत्पादों की बढ़ती मांग ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी है। प्रदेश में तैयार होने वाले दूध, बिलौना घी, पंचगव्य, आयुर्वेदिक औषधियों, जैविक खाद और हर्बल उत्पाद अब देश ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जापान, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, दुबई और यूरोप के कई देशों तक पहुंच रहे हैं।

सरकार की नीति से प्रेरित होकर बड़े उद्यमी, इंजीनियर और सामाजिक संस्थाएं भी गो संरक्षण से जुड़ रही हैं। गोशालाएं अब केवल गोवंश के संरक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उत्पादन, स्वरोजगार और ग्रामीण उद्योगों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रही हैं। गो आधारित उद्योगों के विस्तार से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए स्रोत तैयार हो रहे हैं।

योगी सरकार ने गो संरक्षण को जैविक खेती, महिला सशक्तीकरण, स्वरोजगार और ग्रामीण उद्योग से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। इसके परिणामस्वरूप देसी नस्ल की गायों के दूध, घी, गोमूत्र अर्क, पंचगव्य औषधियों, जैविक खाद और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र को नई दिशा दी है। करीब 15 वर्ष तक विदेशी कंपनियों में कार्य करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर असीम रावत ने गो संरक्षण को अपनाकर गाजियाबाद में 'हेता ऑर्गेनिक' की स्थापना की। आज यह संस्था देसी गायों के संरक्षण के साथ करीब 10 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार कर रही है। यहां अ2 बिलौना घी, पंचगव्य उत्पाद, दूध, हर्बल चाय, मिठाइयां, स्नैक्स और स्किन केयर सहित 150 से अधिक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। वाराणसी स्थित सुरभि शोध संस्थान भी गो आधारित उद्यम का बड़ा उदाहरण है। कारोबारी एवं समाजसेवी सूर्यकांत जालान की गोशालाओं में 28 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। यहां गोबर और गोमूत्र से जैविक उत्पाद तैयार किए जाते हैं तथा एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। बुलंदशहर के पर्यावरण इंजीनियर पराग गौड़ लगभग 70 देसी गायों के माध्यम से दूध, घी और अन्य उत्पाद तैयार कर रहे हैं। उनका वार्षिक कारोबार करीब 1.25 करोड़ रुपये का है और इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं।

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, सरकार उन्नत देसी नस्ल की गायों को बढ़ावा देने के साथ गो संरक्षण को प्राकृतिक खेती, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार से जोड़ रही है। इससे प्रदेश में गो आधारित उद्योगों का विस्तार हो रहा है और युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

# स्वयं सहायता समूहों से सशक्त हो रहा ग्रामीण उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण को नई गति मिली है। प्रदेश सरकार का दावा है कि स्वयं सहायता समूहों के जरिए लाखों महिलाएं स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजनाझराष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 75 जनपदों और 826 विकास खंडों में संचालित इस अभियान के अंतर्गत अब तक 1.19 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों की महिलाएं 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों, 66 हजार से अधिक ग्राम संगठनों तथा 3,298 संकुल स्तरीय संघों से जुड़ चुकी हैं। सरकार का कहना है कि यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा सामाजिक बदलाव है।

मिशन के तहत महिलाओं को विभिन्न बैंकों के सहयोग से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर सकें। इसके साथ ही कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, लघु उद्योग, डिजिटल सेवाओं और अन्य आयवर्धक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

सरकार का कहना है कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आर्थिक निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का भी प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना को मिली रिकॉर्ड रफ्तार

## 22 दिनों में 5.23 लाख से अधिक शिक्षक-कार्मिकों की ई-केवाईसी पूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। योजना के तहत बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा उनके आश्रितों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चलाए जा रहे ई-केवाईसी अभियान में रिकॉर्ड प्रगति दर्ज की गई है।

सरकार के अनुसार, 8 जुलाई को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए योजना शुरू होने के 22 दिनों के भीतर 5.23 लाख से अधिक शिक्षक-कार्मिकों ने ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर ली है। वहीं 26 जुलाई को उच्च शिक्षा विभाग में योजना लागू होने के मात्र चार दिनों के भीतर लगभग 47 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। प्रदेश के तीनों शिक्षा विभागों के 12,89,018 पात्र लाभार्थियों में से अब तक 5,40,878 शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रित योजना से जुड़ चुके हैं। ई-केवाईसी पूरी होने के बाद लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 फरवरी 2026 को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने योजना का पोर्टल, अस्पतालों की सूची और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं तय समय में पूरी कर 138 दिनों के भीतर 8 जुलाई को वाराणसी से योजना का शुभारंभ कर दिया। इसके बाद 26 जुलाई को आगरा से उच्च शिक्षा विभाग को भी योजना में शामिल कर लिया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग के 11,03,464 पात्र लाभार्थियों में से अब तक 4,57,390 शिक्षक-कार्मिक ई-केवाईसी पूरी कर चुके हैं। विभागीय स्तर पर सभी जिलों में अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के 1,47,543 पात्र लाभार्थियों में से 65,754 शिक्षक-कार्मिकों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। संस्थानवार प्रगति की निगरानी की जा रही है ताकि सभी पात्र लाभार्थियों का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित हो सके।

उच्च शिक्षा विभाग में योजना लागू होने के मात्र चार दिनों के भीतर 38,011 पात्र लाभार्थियों में से 17,734 की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। यह कुल पात्र लाभार्थियों का लगभग 47 प्रतिशत है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि योजना को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। सभी जिलों और शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक पात्र शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा उनके आश्रित की ई-केवाईसी समयबद्ध ढंग से पूरी कराई जाए, ताकि सभी को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार का लाभ मिल सके।

# आगरा की कोठी मीना बाजार में बनेगा छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक

**मुंबई/लखनऊ।** उच्च शिक्षा मंत्री एवं आगरा दक्षिण से भाजपा विधायक योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से उनके मुंबई स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर आगरा की ऐतिहासिक कोठी मीना बाजार में छत्रपति शिवाजी महाराज के दिव्य एवं भव्य स्मारक के निर्माण में महाराष्ट्र सरकार की सहभागिता का आग्रह किया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस ऐतिहासिक परियोजना में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



योगेन्द्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री फडणवीस को बताया कि उनके नेतृत्व में इतिहासकार प्रो. सुगम आनन्द तथा डॉ. अमि आधार निडर (स्वर्गीय) द्वारा किए गए ऐतिहासिक शोध से यह तथ्य सामने आया कि मुगल सम्राट औरंगजेब ने छलपूर्वक छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र को जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह के पुत्र राम सिंह की जिस कोठी में नजरबंद रखा था, वही स्थान आज कोठी मीना बाजार के नाम से जाना जाता है। इसी स्थान से छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने अद्वितीय साहस, बुद्धिमत्ता और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए मुगल पहरे को धता बताकर ऐतिहासिक रूप से प्रस्थान किया था।

उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक स्थल पर छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक स्थापित कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। योगी सरकार द्वारा कोठी के अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसके पूर्ण होते ही स्मारक निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार मिलकर ऐसा भव्य स्मारक विकसित करें, जो राष्ट्रीय एकता, भारतीय शौर्य और गौरव का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि आगरा आने वाला प्रत्येक पर्यटक ताजमहल के साथ-साथ छत्रपति शिवाजी महाराज के इस स्मारक का भी दर्शन करे। यह स्मारक नई पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने के साथ-साथ विश्व के सामने भारतीय पराक्रम और स्वाभिमान का प्रेरक संदेश भी देगा। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने इस पहल की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि महाराष्ट्र सरकार इस ऐतिहासिक स्मारक के निर्माण में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य करेगी। मुलाकात के दौरान महाराष्ट्र नेता सुनील कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# विपश्यना पार्क व लाइट एंड साउंड शो का लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)



- 3.50 करोड़ की परियोजना से बुद्ध सर्किट पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा
- आधुनिक तकनीक से जान सकेंगे भगवान बुद्ध का जीवन दर्शन

**सिद्धार्थनगर।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को सिद्धार्थनगर जनपद के भारत-नेपाल सीमा स्थित ऐतिहासिक बुद्ध विपश्यना केंद्र, कपिलवस्तु (पिपरहवा) में लगभग 3.50 करोड़ रुपये की लागत से विकसित विपश्यना पार्क एवं लाइट एंड साउंड शो का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना कपिलवस्तु की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने के साथ-साथ वैश्विक पर्यटन को भी नई दिशा प्रदान करेगी।

आधुनिक तकनीक के माध्यम से श्रद्धालु और पर्यटक भगवान बुद्ध के जीवन, उनके त्याग, शांति, करुणा और विपश्यना के संदेशों को प्रभावी ढंग से अनुभव कर सकेंगे। लोकार्पण के बाद सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में डिजिटल फिल्म और अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो के जरिए भगवान बुद्ध के जीवन और दर्शन पर आधारित प्रस्तुति दिखाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह, विधायक श्याम धनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, भाजपा नेत्री पूजा पाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नई परियोजना के शुरू होने से कपिलवस्तु आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों और बौद्ध श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ ऐतिहासिक विरासत का बेहतर अनुभव मिल सकेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# एसआईआरडी में तकनीकी एवं वित्तीय प्रबंधन का दिया जायेगा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

- स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (एसआईआरडी), बख्शी का तालाब में मॉडल संकुल स्तरीय संघ के एमआईएस सहायकों एवं लेखाकारों का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शनिवार से शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य संकुल स्तरीय संघ के कैडर को तकनीकी और वित्तीय रूप से दक्ष बनाना है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मिशन निदेशक अरुण कुमार के निर्देशन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान के आचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सत्र प्रभारी डॉ. सीमा, मिशन मुख्यालय से डॉ. नंदकिशोर साह, प्रशिक्षण संसाधन व्यक्ति मोरिस कुमार तथा जिला संसाधन व्यक्ति राघवेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में संत रविदास नगर, प्रयागराज, सिद्धार्थनगर और औरैया जनपदों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. नंदकिशोर साह ने बताया कि प्रशिक्षण को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहले चार दिनों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, संकुल स्तरीय संघ की संरचना, नीति, मॉडल मानक और पांच वर्षीय विजन पर आधारित आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद छह दिनों तक प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन, ऋण प्रबंधन, लेखा प्रणाली, अंकेक्षण, वैधानिक अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण, ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि, मोबाइल एप एवं पोर्टल संचालन, मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा अभिलेखों के रखरखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद एमआईएस सहायक और लेखाकार योजनाओं की प्रभावी निगरानी, वित्तीय पारदर्शिता और समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा तथा ग्रामीण महिलाओं के रोजगार, आय वृद्धि और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

## अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर 10 ट्रेनों के ठहराव समय में वृद्धि

**लखनऊ।** श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे मंडल ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर 10 महत्वपूर्ण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव समय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब इन ट्रेनों का ठहराव वर्तमान 2 मिनट से बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया गया है। संशोधित समय-सारिणी विभिन्न तिथियों से क्रमशः लागू होगी। 19167 साबरमती एक्सप्रेस 03:48 03:53 तीन अस्गत से, 19168 साबरमती एक्सप्रेस 18:19 18:24 चार अगस्त, 19165 साबरमती एक्सप्रेस 03:48 03:53 और 19166 साबरमती एक्सप्रेस 18:19 18:24 पांच, 15744 फरक्का एक्सप्रेस 10:58 11:03, 15743 फरक्का एक्सप्रेस 15:05 15:10, 13308 गंगासुतलेज एक्सप्रेस 14:08 14:13, 13307 गंगासुतलेज एक्सप्रेस 09:25 09:30, 13152 जम्मूतवी - कोलकाता एक्सप्रेस 19:48 19:53, 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 06:10 06:15 चार अगस्त से ठहराव शुरू होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक समर्थ गुप्ता ने कहा कि रेलवे प्रशासन यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ठहराव समय बढ़ने से अयोध्या आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को ट्रेन से उतरने-चढ़ने में अब अधिक समय मिलेगा।

## लखनऊ स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण

**लखनऊ।** मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को लखनऊ स्टेशन का निरीक्षण किया। रेल भूमि विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता, समयबद्धता एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का गहन अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता, सुरक्षा तथा कार्य की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म संख्या-1 स्थित पार्सल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने इनवर्ड एवं आउटवर्ड पार्सल संचालन व्यवस्था, पार्सलों की हैंडलिंग तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि पार्सल संबंधी समस्त कार्य पूर्ण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपादित किए जाएं, जिससे ग्राहकों को त्वरित, सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के अगले चरण में मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म संख्या 2/3, 4/5 तथा 6/7 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन प्लेटफॉर्मों पर निमार्णाधीन कॉन्कोर्स एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रदेश भर में भाजपा 10 से चलायेगी हर घर तिरंगा यात्रा अभियान

## भाजपा के तत्वावधान में हर घर तिरंगा यात्रा अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के तत्वावधान में आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में अभियान की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि प्रदेश भर में 10 अगस्त से 15 अगस्त तक व्यापक जनभागीदारी के साथ हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जाएगा। कार्यशाला का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान के संयोजक बृज बहादुर भारद्वाज ने किया। अभियान के संचालन के लिए गठित समिति में प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज को संयोजक तथा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, प्रदेश मंत्री अनिल यादव एवं रजनी पांडे को अभियान का सह-संयोजक बनाया गया है।



भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी ने कहा कि आज हम किसी साधारण कार्यक्रम की तैयारी के लिए नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन की तैयारी के लिए एकत्र हुए हैं, जिसने पिछले कुछ वर्षों में देश के सबसे बड़े जनभागीदारी वाले अभियानों में अपना स्थान बनाया है। हर घर तिरंगा केवल घरों पर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ने का अभियान है। यह राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी सशक्त टीम का गठन कर जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन किया जाए। प्रत्येक मंडल के साथ नियमित संपर्क रखा जाए तथा जनप्रतिनिधियों, मोर्चों, प्रकोष्ठों और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक जिला यह सुनिश्चित करे कि उसके सभी मंडल पूर्ण तैयारी के साथ इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हों। उन्होंने कहा मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि यह अभियान केवल भाजपा का कार्यक्रम बनकर नहीं रहना चाहिए। यह पूरे समाज का अभियान बने। तिरंगा यात्रा में हर वर्ग, हर समाज, हर आयु का नागरिक सहभागी बने। विद्यालयों, महाविद्यालयों, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सांस्कृतिक संगठनों तथा समाज के सम्मानित नागरिकों को इस अभियान से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**तिरंगा हमारे राष्ट्रगौरव का जीवंत प्रतीक : पंकज चौधरी...** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने हर घर तिरंगा यात्रा अभियान की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रगौरव का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र-गौरव के इस प्रतीक को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें गर्व की अनुभूति से परिचित कराने वाले अभियान का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लिए तो तिरंगा अद्भुत सम्मान का प्रतीक इसलिए भी है, क्योंकि प्रथम स्वाधीनता संग्राम से लेकर आजादी की अंतिम लड़ाई तक में इस प्रदेश के वीरों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। यह तिरंगा उन सबके बलिदान का पावन प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज यहां उपस्थित टोलियां पूरे प्रदेश में पार्टी के कार्यक्रम के अनुसार हर घर तिरंगा अभियान को मजबूत करने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि बूथ अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हर कार्यकर्ता कम से कम 50 घरों के लोगों को इस अभियान के साथ अवश्य जोड़े।

**धर्मपाल सिंह ने भव्य तिरंगा यात्रा की रूपरेखा की तयः** प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि 11 से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान तथा 10 से 14 अगस्त तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए संगठनात्मक संरचना निर्धारित की गई है। क्षेत्र, जिला और मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया है। 04 एवं 05 अगस्त को जिला योजना बैठकें तथा 06 अगस्त को मंडल योजना बैठकें आयोजित कर सभी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करते हुए अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करे। 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल तथा महानगरों के वार्ड स्तर पर 1 से 2 किलोमीटर लंबी भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इन यात्राओं में भारतीय जनता युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका रहेगी तथा महिला मोर्चा सहित सभी मोर्चे और प्रकोष्ठ सक्रिय सहभागिता करेंगे। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, शहीद स्थलों, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों तथा उनके आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाए। इन स्थलों पर महापुरुषों और शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया जाए।

## रेलवे पॉलीक्लिनिक में स्तनपान पर किया जागरूक

**लखनऊ।** विश्व स्तनपान सप्ताह पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बादशाहनगर रमेश चंद्र के दिशानिर्देशन में ऐशबाग स्थित रेलवे पॉलीक्लिनिक पर 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाये जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम जीवन की स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपानः जो कारगर है उसे मजबूत करें पर आधारित यह सप्ताह शिशुओं के स्वास्थ्य, सही पोषण और स्तनपान के प्रति माताओं एवं परिवारों में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय तिवारी द्वारा पॉलीक्लिनिक पर महिला रोगियों एवं महिला कर्मचारियों को स्तनपान के लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए जानकारी दी गयी।

संक्षेप

## सई में समाये युवक की तलाश जारी

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बाबा घुइसरनाथ धाम स्थित सई पुल से सई में समाए युवक का दूसरे दिन शनिवार को भी समाचार भेजे जाने तक पता नही चल सका। हालांकि सांगीपुर पुलिस के साथ एसडीआरएफ तथा स्थानीय गोताखोर रेस्क्यू अभियान में जुटे दिखे। अमेठी के पूरे शिवपाल डेहरा विशेषरगंज थाना संग्रामपुर गांव निवासी पचीस वर्षीय रवि मौर्य शुक्रवार को दोपहर धाम स्थित सई पुल से छलांग लगा दिया था। उसने बाइक व मोबाइल फोन पुल पर ही छोड़ दिया था। परिजनों के मुताबिक नदी में कूदने से पूर्व उसने अपने भाई अभिषेक को व्हाट्सऐप पर आत्महत्या करने की सूचना भी दी थी। इधर युवक के परिजन अप्रिय घटना की आशंका में दूसरे दिन भी रोते बिलखते दिखे। इधर सई में लगातार जलस्तर बढ़ने से रेस्क्यू अभियान की गति भी धीमी है। वहीं सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है प्रयास जारी है।

## नहर में डूबी किशोरी का शव दो दिन बाद मिला

**श्रावस्ती।** रिश्तेदारी में गई 15 वर्षीय किशोरी का शव सरयू मुख्य नहर में डूबने के दो दिन बाद शनिवार सुबह बरामद हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर के मजरा बदला चौराहा निवासी काजल (14) पुत्री अन्नू बाबू अपने रिश्तेदारी में बहराइच जिले के मटेरा थाना क्षेत्र के कोरियनपुरवा गांव गई थी। गुरुवार को वह गांव के पास स्थित सरयू मुख्य नहर के किनारे शौच के लिए गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में नहर में डूब गई। घटना के बाद मटेरा थाना पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह सोनवा थाना क्षेत्र के बढ़हीपुरवा गांव के पास सरयू मुख्य नहर में किशोरी का शव पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया। पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिनगा भेज दिया गया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**परशदेपुर, रायबरेली।** विद्युत उपकेन्द्र परशदेपुर में शनिवार को 'वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण हरित आवरण को बढ़ाने के उद्देश्य से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष रूप से ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल पर विद्युत कर्मियों ने वृक्षारोपण महायज्ञ के तहत फलदार व छायादार पौधे रोपित कर पर्यावरण के प्रति एक सन्देश दिया। अवर अभियंता धर्मनाथ प्रसाद ने कहा कि सभी को वृक्ष लगाने चाहिए इससे पर्यावरण के साथ ही फल और छाया भी मिलती है। लोगों को चाहिए कि खाली पड़े स्थानों पर वृक्ष लगाएं। वृक्ष सिर्फ हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए नही बल्कि यह औषधि में भी काम आता है, हर वृक्ष में किसी न किसी मर्ज की दवा होती है जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के तहत अशोक, पाकड़, जामुन, नीम शीशम, गूलर, रीठ सहित अन्य पौधे रोपित कर पर्यावरण का संदेश दिया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरायी स्कूली बस, तीन छात्राएं घायल





**मथुरा।** मांट-वृंदावन मार्ग पर शनिवार सुबह बिजलीघर के समीप स्कूली छात्राओं को लेकर जा रही बस ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में बस के शीशे टूटने से तीन छात्राएं घायल हो गई। उन्हें पुलिस और राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांट में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत फार हो गया। जानकारी के अनुसार वृंदावन स्थित हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय की बस शनिवार सुबह मांट क्षेत्र से छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी। बिजलीघर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली से बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बस में दो दर्जन से अधिक छात्राएं सवार थीं। टक्कर लगने से बस के शीशे टूट गए, जिससे जाबरा निवासी चेतना पुत्री प्रेम सिंह, सविता पुत्री नागेंद्र सिंह तथा अलीगढ़ जनपद के गांव गोरई निवासी यति पुत्री कमल सिंह घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सीएचसी मांट पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। अन्य छात्राएं सुरक्षित हैं। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद स्कूल बस को थाने में खड़ा करा दिया गया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चालक की पहचान कराई जा रही है। उसकी तलाश जारी है।

## छाता कोतवाली पुलिस ने की पैदल गश्त

**मथुरा।** छाता क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को छाता कोतवाली पुलिस ने नगर के मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) किया। कोतवाली प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने कस्बा छाता के प्रमुख चैराहों, मुख्य बाजार, बस स्टैंड और संवेदनशील इलाकों में गश्त की।

## 16 शिकायतें मौके पर निस्तारित

**श्रावस्ती।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील इकौना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।

इकौना तहसील में कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि भूमि विवादों से जुड़े मामलों का राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष समाधान करे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार तहसील भिनगा और जमुनहा में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। भिनगा में 29 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं जमुनहा में 20 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 3 का तत्काल समाधान कराया गया। तीनों तहसीलों में कुल 104 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 16 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम इकौना रवेन्द्र कुमार, सीएमओ डॉ. एके सिंह, क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के.पी. मिश्रा, खंड विकास अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

## गोद में मासूम को लिए धरने पर बैठीं महिलाएं, निगम में दो घंटे प्रदर्शन, सड़क-सीवर सफाई को सौंपा ज्ञापन

**आगरा।** सीवर लाइन न होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है। महिलाओं के साथ आए दीपक शर्मा ने बताया कि लोहामंडी जोनल कार्यालय पर वे कई बार जाकर प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन निर्माण नहीं शुरू हुआ। गोद में बच्चा लेकर ज्ञानपुरी, दहतोरा क्षेत्र की महिलाओं ने नगर निगम में धरना दिया। वह सड़क न बनने, घरों के बाहर गंदा पानी भरने और सफाई न होने से इस कदर तंग आ गई कि नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर दो घंटे तक धरने पर बैठी रहीं। निर्माण कार्य का 60 लाख का एस्टीमेट मंजूर होने के बाद भी टेंडर नहीं निकाला गया, जिसकी जानकारी होने पर महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने निगम अधिकारियों और मेयर हेमलता के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञान इंटर कॉलेज के पास ज्ञानपुरी कॉलोनी की निवासी नगीना ने बताया कि पूरा क्षेत्र निचले क्षेत्र में है। सड़क का निर्माण न होने से पानी भर जाता है। सीवर लाइन न होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है।

## पदोन्नति समेत विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने सौंपा ज्ञापन



**प्रतापगढ़।** लेखपालों ने पदोन्नति समेत विभिन्न मांगो को लेकर समाधान दिवस में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। लेखपाल संघ के तहसील इकाई अध्यक्ष केके सरोज तथा महामंत्री मो0 अकरम खान की अगुवाई मे राजस्व परिषद के अध्यक्ष को सम्बोधित ज्ञापन मे वेतन विसंगति, लम्बित पदोन्नति एवं संसाधनो के अभाव तथा अतिरिक्त कार्यभार जैसी समस्याओं के शासन स्तर पर समाधान न होने पर क्षोभ जताया है। संघ के बैनरतले सौंपे गये ज्ञापन में वर्ष 2024 के नियुक्त लेखपालों की प्रशिक्षण परीक्षा के ग्यारह महीने बाद भी परिणाम न घोषित होने पर नाराजगी भी जतायी गयी है। वहीं लेखपालों ने भत्ते में भी वृद्धि न होने से भी नाराजगी जतायी गयी है। संघ के अध्यक्ष केके सरोज ने कहा है कि शासन द्वारा लंबित समस्याओं के समाधान न होने पर शासकीय कार्यो पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव की जिम्मेदारी सरकार एवं राजस्व परिषद की होगी। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने ज्ञापन को राजस्व परिषद भेजवाए जाने को लेखपालों को भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रतिमा सिंह, कुलदीप, अमर सिंह, राजीव, गौरव मिश्र, विवेक मिश्र, अंकित यादव, इरफान अहमद, सुनील कनौजिया, केके सिंह आदि रहे।

## धान की फसल को नुकसान पहुंचाने का आरोप

**प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के विरसिंहपुर निवासी असलम खां पुत्र अब्दुल लतीफ ने शनिवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि इक्तीस जुलाई की शाम उसने अपने खेत मे धान की रोपाई की। तहरीर मे आरोप लगाया गया है कि रंजिशन बगल के गांव के चार आरोपियों ने उसकी नर्सरी में जहरीली दवा डाल दिया। इसके कारण पीड़ित की नर्सरी नष्ट हो गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गया जेल

**प्रतापगढ़।** चेकिंग के दौरान संदिग्ध दशा में बाइक लेकर फरार होने की फिराक में आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। छानबीन में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी के पास बरामद बाइक चोरी की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे ले लिया। सांगीपुर थाने के दरोगा सुमित सिंह शुक्रवार की रात फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के छोटेगंज चौराहा पर एक संदिग्ध बाइक सवार को पुलिस ने रोकवाया। वह पुलिस को धता बताकर भागने लगा तब घेराबंदी कर उसे हिरासत मे ले लिया गया। पकड़े गये आरोपी उदयपुर थाना के पिंजरी निवासी घनश्याम पुत्र छंगू राम के पास से बरामद बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने आरोपी को शनिवार की दोपहर जेल भेज दिया।

## प्रताड़ना का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** पति की प्रताड़ना को लेकर पीड़िता ने लालगंज पुलिस को तहरीर सौपी है। रानीगंज कैथौला निवासी लवकुश प्रजापति की पत्नी आरती प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका पति ईंट भटठे पर कारोबारी के सिलसिले मे बाहर रहता है। तहरीर मे आरोप लगाया गया है कि पति द्वारा उसे झांसा देकर वहां दूसरी शादी कर ली है। पीड़िता ने कहा है कि फोन करने पर उसका पति गालीगलौज करने के साथ घर से निकाल देने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शाखा प्रबंधक को समारोहपूर्वक दी गयी विदाई

**प्रतापगढ़।** स्थानीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मुख्यालय पर शनिवार को सेवानिवृत्त प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने सेवानिवृत्त प्रबंधक मनोज को अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संगठन अध्यक्ष धनंजय मिश्र व मंत्री अजय शुक्ला ने बैंककर्मियों की ओर से मनोज के उत्कृष्ट सेवा को प्रेरणास्पद बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य प्रबंधक श्रवण कुमार तिवारी व संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष नवीन शुक्ल ने किया। इस मौके पर फील्ड मैनेजर अभय सिंह, डॉ0 वीरेश सिंह, मनोज, स्नेह, प्रीती, संदीप, रितिकाआदि रहे।

## महराजगंज जिले में नर तेंदुए का शव बरामद

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र में शनिवार को एक नर तेंदुए का शव बरामद किया गया। निचलौल के क्षेत्रीय वन अधिकारी सुनील कुमार राव ने बताया कि मिश्रौलिया गांव में सुबह ग्रामीणों ने गन्ने के खेत के पास तेंदुए का शव देखा और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों का दावा है कि शुक्रवार रात इलाके में तेंदुए की दहाड़ सुनी गई थी और उन्हें आशंका है कि क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई में उसकी मौत हुई होगी। बहरहाल, अधिकारियों का कहना है कि मौत की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। तेंदुए की मौत के कारणों के बारे में अभी कोई नतीजा निकालना जल्दबाजी होगी क्योंकि पोस्टमार्टम और वैज्ञानिक जांच के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि मौत किन कारणों से हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अकेले खेतों या जंगलों में न जाएं

## राम के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी के पातालपुरी मठ में भगवान श्रीराम के इतिहास और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पातालपुरी सनातन धर्म रक्षा परिषद एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम परिवार गाथा के दूसरे दिन शुक्रवार को धर्माचार्यों एवं इतिहासविदों ने राम के इतिहास को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। बड़कू हनुमान जी आश्रम के पीठाधीश्वर महंत प्रभु रामदास ने कहा कि श्रीराम के जीवन, आदर्शों और नीतियों को कक्षा पांच से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

## ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार तीन लोगों की मौत

**संभल।** जिले में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ऑटो रिक्शा में सवार 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कोतवाली संभल क्षेत्र में संभल-चंदौसी मार्ग पर ग्राम मोहम्मदपुर टांडा के पास शनिवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय संभल ले जाया गया।

# एसएसबी का मेडिकल शिविर, 60 ग्रामीणों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

- जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गयी

जिला संवाददाता (vol)

**भिनगा, श्रावस्ती।** 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) भिनगा की ओर से सीमावर्ती गांव सोनपुर में शनिवार को मेडिकल सिविक एक्शन (एमसीए) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) डॉ. दीपक ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान कुल 60 ग्रामीणों का निःशुल्क इलाज किया गया तथा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।




शिविर में डॉक्टरों ने ग्रामीणों को साफ-सफाई रखने, संतुलित भोजन करने, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने और बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। लोगों से अपने स्वास्थ्य का नियमित ध्यान रखने की अपील की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एएसआई/फामेर्सी आलोक यादव सहित एसएसबी के अन्य जवानों ने सक्रिय सहयोग किया। ग्रामीणों ने अपने गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिलने पर खुशी जताई और एसएसबी के इस प्रयास की सराहना की।

एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में समय-समय पर ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि लोगों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें और सुरक्षा के साथ-साथ सेवा का दायित्व भी प्रभावी ढंग से निभाया जा सके।

# ग्रामीण मेधावियों की सफलता से शैक्षिक परिवेश को मजबूती : विनोद

**प्रतापगढ़।** बाबागंज विकासखण्ड के महेवा मलकिया स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को पुरा छात्र मेधा एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज व प्रमुख प्रतिनिधि रामयश सरोज एवं रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं विश्वविख्यात संत कृपालु जी महराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय के छात्र शैलेष सरोज, दीपा यादव, सलोनी व देव गुप्ता ने गणेश वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। वहीं कृपालु महाविद्यालय कुण्डा की एनएसएस की शिविरार्थी छात्राओं ने बालिका शिक्षा पर आधारित मनोहारी जागरूकता कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया। मुख्य अतिथि विधायक विनोद सरोज ने महेवा मलकिया निवासी शिक्षक बृजेश



त्रिपाठी की पुत्री एवं महाविद्यालय की बीएड छात्रा आकांक्षा त्रिपाठी को हाल ही में रज्जू भइया विवि के दीक्षान्त समारोह में स्वर्ण पदक मिलने पर बुके एवं शॉल तथा सम्मान पत्र प्रदान किया। वहीं उन्होने विद्यालय के पुरातन छात्रों व पूर्व शिक्षकों को भी माल्यार्पण व सम्मान पत्र से नवाजा।

विधायक विनोद सरोज ने कहा कि कुण्डा तथा बाबागंज क्षेत्र में राजा भइया के नेतृत्व में शिक्षा व विकास के क्षेत्र में लगातार कीर्तिमान से हमारा गौरव बढ़ा है। उन्होने कहा कि समाज और देश के नव निर्माण में ग्रामीण क्षेत्र की मेधा हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही है। उन्होने कहा कि पुरातन पीढ़ी का सम्मान हमारी संस्कृति की मजबूती का द्योतक है। विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि रामयश सरोज रहे। विशिष्ट वक्ता आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने ग्रामीण मेधा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी शिक्षा की महत्वता पर विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूजा त्रिपाठी ने करते हुए विधायक विनोद सरोज एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर शिक्षकों व अभिवावकों की ओर से सम्मानित किया। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अरविन्द त्रिपाठी पंकज ने किया। कृपालु महाविद्यालय की व्याख्याता रेखा शुक्ला ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री प्रभाकर नाथ पाण्डेय, कोमल शरण त्रिपाठी, दीपेन्द्र त्रिपाठी, लल्ला गुरू, राकेश तिवारी, दीपेश त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर भाग्यशीला पाण्डेय, रामप्यारे सरोज, हरिशंकर श्रीवास्तव, राममनोहर मौर्य, विंदेश्वरी प्रसाद वैश्य, प्रवीण पाण्डेय, रियाज अली, बृजेश पाल, योगेन्द्र मिश्र, रवीन्द्र मिश्र, उमाकांत मिश्र, राधेश्याम सरोज, छोटेलाल गौतम, राजकुमार आदि रहे।

## छह बकरियां चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज पुलिस ने छह बकरियों की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनसे चोरी की दो बकरियां और चार बकरियों की बिक्री से मिले 8,400 रुपये बरामद किए हैं। शनिवार न्यायालय में पेश करने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। बलुआगंज मलिकपुर निवासी सलाहुद्दीन के घर से 27 जुलाई की रात छह बकरियां चोरी हो गई थीं। पीड़ित की तहरीर पर 30 जुलाई को अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उपनिरीक्षक अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल लाल बहादुर, ओमप्रकाश तथा कांस्टेबल संजय यादव और दीपक यादव की टीम ने बलरामऊ जंगल के पास से मुनव्वर अहमद, आदिल उर्फ कल्लू निवासी बलुआगंज और मो. कामरान निवासी लोलेपुर, कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया।

## शिक्षक विधायक के जन्मदिन पर हुए विविध आयोजन



**प्रतापगढ़।** शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के जन्मदिन पर शनिवार को शिक्षकों व समर्थकों द्वारा सेवा दिवस को लेकर विविध आयोजन हुए। स्थानीय सीएचसी में समर्थकों ने मरीजों को फल वितरित किये। वही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प जताया। कार्यक्रम में डिफेंस टाइगर्स के सचिव मनीष मिश्र ने पैरामेडिकल स्टाफ एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए शिक्षकों व अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र ने किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, सीएचसी अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, नीलेश मिश्र, महेश द्विवेदी, संजय द्विवेदी, सौरभ शास्त्री, आकाश तिवारी, छोटू आदि रहे।

## एडीएम ने सुनीं शिकायतें, 11 निपटीं



**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल एक सौ सत्तर शिकायतों में अफसरो ने ग्यारह का निस्तारण कराया। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुए समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की साठ, पुलिस पचपन, विकास चौदह, विद्युत विभाग दस व आपूर्ति पांच तथा समाज कल्याण की एक के साथ अन्य विभागों की इक्कीस रहीं। सांगीपुर विकासखण्ड के नसीरपुर निवासी रणजीत सिंह ने दिये गये शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत मे विभिन्न स्थानों पर लगे इण्डिया मार्का हैण्डपम्प के रिबोर को लेकर वित्तीय अनियमितता की बात कही। इस पर एडीएम ने डीपीआरओ को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। वहीं अधिवक्ता प्रदीप वर्मा ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि अधिकांश गांवों मे खतौनी पर किसानों का अंश निर्धारित न होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री में कठिनाई हो रही है। एसडीएम लालगंज वाचस्पति सिंह ने शिकायत पर लेखपालों को तलब कर समाधान न होने की दशा मे वेतन रोके जाने की चेतावनी दी है। अन्य शिकायती प्रार्थना पत्रों पर भी सुनवाई करते हुए एडीएम ने मौके पर निस्तारण के कड़े निर्देश दिये। पुलिस से जुडी शिकायतो की सुनवाई सीओ राजीव द्विवेदी ने किया। इस मौके पर एडीएम आदित्य कुमार प्रजापति, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार मिश्र, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, वन क्षेत्राधिकारी प्रेमचंद्र मिश्र, अधीक्षक डा0 अरविंद गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला आदि रहे।

## घटना के चौथे दिन घर पहुंचा हर्षित का शव, उजड़ गयी विधवा मां की दुनिया

**पटना कोठार (श्रावस्ती)।** थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र के ग्राम पटना कोठार निवासी सुनीता तिवारी के इकलौते पुत्र हर्षित तिवारी (18) की चंडीगढ़ में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हर्षित रोजी-रोटी की तलाश में चंडीगढ़ के एक होटल में काम करता था। परिजनों के अनुसार 29 जुलाई की शाम करीब 8:15 बजे काम के दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

शनिवार को घटना के चौथे दिन हर्षित का शव उसके पैतृक गांव पटना कोठार पहुंचा। शव के घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मां सुनीता तिवारी बेटे के शव से लिपटकर बार-बार बेहोश हो रही थीं। पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया और अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके घर पहुंचे।

हर्षित की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसकी मां सुनीता तिवारी पहले से ही विधवा हैं। उनके पति राजू तिवारी का लगभग 16 वर्ष पहले निधन हो चुका था। पति की मौत के बाद उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने बच्चों का पालन-पोषण किया। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी अब हर्षित के कंधों पर थी।

हर्षित के निधन के बाद परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया है। घर में अब केवल उसकी मां और एक नाबालिग बहन रह गई हैं। परिवार के सामने आजीविका का भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा शासन-प्रशासन से हरसंभव मदद देने की मांग की है।

# प्रिया सोनी बनीं सब इंस्पेक्टर विधायक ने किया सम्मानित



**इकौना, श्रावस्ती।** नगर के आजाद नगर मोहल्ला निवासी वीरेंद्र सोनी की पुत्री प्रिया सोनी का उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक (सब इंस्पेक्टर) पद पर चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी सफलता पर परिजनों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय ने प्रिया के आवास पहुंचकर उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि प्रिया ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल कर परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने युवाओं से प्रिया की सफलता से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। विधायक ने विश्वास जताया कि प्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस में ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर समाज में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## दो तस्करों से बरामद 13, 670 किलो गांजा

**मथुरा।** थाना फरह पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर को 13.670 किलोग्राम अवैध गांजे और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना फरह प्रभारी छोटेलाल अपनी टीम के साथ चैकिंग अभियान में थी कि नगला दौजी की पुलिया से अछनेरा रोड की तरफ मोटर साइकिल पर संदिग्ध आते नजर आए पुलिस ने रोका तो बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे पुलिस ने घेराबंदी करते हुए रोहित पुत्र अश्वनी कुमार, मनीष पुत्र सोनपाल को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 13.670 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस को पकडे गए आरोपितों ने बताया वे रितेश (पुत्र विनोद, निवासी दुधाधारी, थाना जमुनापार, जनपद मथुरा) से गांजा खरीदकर लाते थे और मुनाफा कमाने के लिए फुटकर में बेचते थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी (रिफाइनरी सर्किल, जनपद मथुरा) प्र0नि0 छोटेलाल (थाना फरह, जनपद मथुरा) उनि प्रवीण कुमार (चैकी प्रभारी परखम, थाना फरह) उ0नि0 अजय सिंह मलिक (चैकी प्रभारी कस्बा, थाना फरह) है0का0 515 विनय कुमार (थाना फरह) का0 1034 धीरेन्द्र कुमार (थाना फरह) रि0का0 नितिन कुमार (थाना फरह) रि0का0 विक्की (थाना फरह) पवन (थाना फरह) शामिल रहे।

संक्षेप

## सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर घायल

**इकदिल, इटावा।** थाना क्षेत्र के कराईपुरा मार्ग पर शुक्रवार रात करीब 8.20 बजे हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को डॉ. भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। घायलों में पक्का बाग फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी अवधेश (45) पुत्र साहब सिंह और मूसेपुरा, लवेदी निवासी रवि (25) पुत्र राम कुमार हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे हुए हादसे में बिरहीपुर निवासी दर्शन सिंह (50) पुत्र सियाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें डॉ. भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## करंट से युवक की मौत

**इकदिल, इटावा।** कस्बे के महावीरनगर निवासी सत्यनारायण (40) पुत्र सीताराम की शनिवार को करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह बकेवर थाना क्षेत्र के अनंतराम स्थित पंचशील होटल में रिंग बनाने का काम करते थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे मशीन से रिंग बनाते समय अचानक करंट लग गया। होटल स्टाफ और अन्य लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

## संदिग्ध परिस्थियों में युवक की मौत

**असोहा (वीओएल)।** क्षेत्र के दऊ गांव निवासी पंकज सिंह (33) पुत्र नरेंद्र सिंह का शव दरसँवा गांव में लगने वाली बाजार के पास शारदा नहर में पड़ा देख ग्रामीणों ने पंकज के परिजनों को सूचना दी, घटना स्थल पर पहुंचे पंकज के भाई नीरज सिंह, देवेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक पंकज सिंह के भाई नीरज ने बताया कि रात ग्यारह बजे तक पंकज घर पर था, सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी कि तुम्हारा भाई शारदा नहर में मृत पड़ा मिला है, मृतक पंकज तीन भाइयों नीरज सिंह, देवेंद्र सिंह व बहन पिंकी में सबसे बड़ा था, मृतक के पिता नरेंद्र सिंह की आठ वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी।

## लेखपाल संघ ने सौंपा ज्ञापन

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर शनिवार को चौरी-चौरा तहसील के लेखपालों ने चौरीचौरा लेखपाल संघ अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में लेखपालों ने अपनी लंबित व न्यायोचित मांगों के संबंध में अध्यक्ष राजस्व परिषद लखनऊ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चौरीचौरा रवि कुमार सिंह को सौंपा। तथा समय से मांगें पूरी न होने पर 5 अगस्त से आन्दोलन की चेतावनी भी दिया। ज्ञापन में लेखपालों ने अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल पुनः खोलने, वर्ष 2025-26 की लंबित पदोन्नति सूची जारी करने, वर्ष 2024 की विभागीय परीक्षा का परिणाम एवं प्रमाणपत्र घोषित करने, स्टेशनरी, वाहन एवं विशेष भत्तों में वृद्धि, भूलेख कार्यालयों में संबद्ध लेखपालों को मूल कार्य पर वापस भेजने तथा ग्राम सचिवालयों में पर्याप्त आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना रोस्टर ड्यूटी लागू न किए जाने की मांग उठाई।

# स्कूल बस पर हमला : ओवरटेक कर रोकी बस का शीशा तोड़ा

## असलहा लहराने से मची दहशत, दो छात्र घायल




**गगहा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर स्कूली बच्चों से भरी एक बस पर कुछ अराजक तत्वों द्वारा किए गए हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। छुट्टी के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रही राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बस को बाइक सवार युवकों ने बीच सड़क पर ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने हाथ में पहने चुर्ले व पंच से बस का शीशा तोड़ दिया और बस में घुसकर असलहा लहराते हुए बच्चों व चालक को धमकाया। घटना में दो छात्र घायल हो गए। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार, प्रथम दृष्टया जानकारी में सामने आया है कि कक्षा सात के एक छात्र के इशारे पर कुछ शरारती युवक स्कूल की छुट्टी के समय दोपहर करीब एक बजे से ही बाइक से बस का पीछा कर रहे थे। हालांकि बस चालक को इस बात की भनक नहीं थी कि उसका पीछा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जैसे ही बस गगहा थाने से महज पांच सौ मीटर दूर अतायर मोड़ के पास पहुंची, तभी बाइक सवार युवकों ने बस को ओवरटेक कर जबरन रोक लिया। इसके बाद उन्होंने बस का पीछे का शीशा शीशा तोड़ दिया। आरोप है कि कुछ युवक बस में भी चढ़ गए और असलहा लहराते हुए बच्चों में दहशत फैलाने लगे।

अचानक हुए हमले से बस में बैठे बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे और अफरा-तफरी मच गई।

घटना में कक्षा छह के छात्र आर्यन यादव तथा कक्षा चार के छात्र दिव्यांश यादव घायल हो गए। शीशे के टूटे टुकड़े लगने से दोनों को चोटें आईं। चालक ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी तरह बस को हमलावरों के चंगुल से निकालकर सीधे विद्यालय परिसर पहुंचाया। यदि चालक संयम नहीं दिखाता तो कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती थी। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। घायल छात्रों का प्राथमिक उपचार कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने तत्काल गगहा थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित तहरीर दी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। दिनदहाड़े स्कूली बच्चों से भरी बस पर हुए इस हमले ने अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि यदि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े ऐसे मामलों में तत्काल और कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में इससे भी बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यालय प्रशासन ने भी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा स्कूल बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## समय से मांग पूरी न होने पर लेखपालों ने दिया 5 अगस्त से आन्दोलन की चेतावनी

**चरगांवा, गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के निर्देश के क्रम में शनिवार को अपनी लंबित मांगों (जैसे पदोन्नति, वेतन विसंगति और संसाधन) के समाधान न होने पर लेखपाल संवर्ग द्वारा अतिरिक्त हल्का/क्षेत्र का कार्यभार छोड़ने और कार्य बहिष्कार की चेतावनियों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपे गए हैं इसके साथ ही दिनांक 5 अगस्त को अतिरिक्त क्षेत्र के बस्ता जमा करने की रणनीति बनाई गई।

- मांगे न मानने पर लेखपाल संवर्ग 05 अगस्त से अतिरिक्त हल्के का छोड़ेगा कार्य
- लेखपाल संवर्ग द्वारा अतिरिक्त क्षेत्र छोड़ने का निर्णय कर सौंपा गया ज्ञापन

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के निर्देश के अनुसार समस्त लेखपाल द्वारा अतिरिक्त लेखपाल क्षेत्र का चार्ज संबंधित रजिस्ट्रार कानूनगो को जमा कराया जाएगा। इसके बाद भी अगर व संवर्ग की मांगों पर विचार नहीं किया जाता तो अग्रिम निर्देश के क्रम में व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य शासकीय कार्य भी बाधित हो सकता है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

लेखपाल संवर्ग की प्रमुख मांगों के अनुसार अंतर मंडलीय स्थानांतरण। 25 से 30 साल की सेवा के बाद भी पदोन्नति सूची डी.पी.सी. होने के बाद भी जारी न किया जाना। 2024 बैच के लेखपालों का परीक्षा फल लंबे समय से परिषद स्तर रोका जाना, वेतन भत्ता, बिना किसी संसाधन के लेखपाल को ग्रामीण सचिवालय पर 10 से 5 बैठने की आदेश। इन मांगों को लेकर शासन प्रशासन से अनुरोध के साथ एक वेतन एक क्षेत्र का कार्य के लिए सभी को विवस होना पड़ रहा है। अगर मांगों पर सम्यक विचार नहीं होता है तो प्रदेश नेतृत्व आंदोलन को बाध्य होगा। अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर लेखपाल संघ में काफी रोष व्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष सदर अनिल कुमार राय, रत्नेश सिंह, उपेंद्र कुमार, अखिलेश श्रीवास्तव, दिलीप कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार पंकज, जयदेव सिंह गगन जायसवाल, अनुराग राय, अभिमन्यु सिंह, नितिन श्रीवास्तव, देवनाथ यादव, श्रीमती रिंकू सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, पिंकी चौहान, श्रीमती शिप्रा राय, विजय राय, सोनू कनौजिया, मोहन कुमार, अजय प्रजापति, राजेश, नमन कुमार, रजत वर्मा, सुनील पासवान, राम गुप्ता, बच्चा राम चौधरी आदि समस्त लेखपाल द्वारा इसका समर्थन किया गया।

## कांवड़ यात्रा, चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक



**इटावा।** श्रावण सोमवार एवं चेहल्लुम पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर थाना कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ सिटी अवनीश कुमार सिंह एवं शहर कोतवाल यशवंत सिंह ने शहर के प्रमुख ताजियादारों, मंदिर प्रबंधकों, व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। इसके साथ ही शहर में अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी कि वह अपनी दूकानों के बाहर अतिक्रमण न करें। जिससे मंदिरों में आने वाले कांवरियों को जाम में भारी परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, चैधरी मुमताज, हनी वारसी, मोहम्मद गुलशेर, मो. आफताब, शावेज नकवी, मोहसिन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि दोनों धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे और कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## कोतवाली प्रभारी छत्रपाल सिंह लाइन हाजिर, चौकी प्रभारी दीपशिखा निलंबित

**गोरखपुर।** जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है, जबकि चौकी प्रभारी नगर निगम दीपशिखा को कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि निरीक्षक पंकज कुमार सिंह को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, निरीक्षक छत्रपाल सिंह को कोतवाली से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है।

## चौपाल में स्थानीय नेतृत्व के पक्ष में उठी आवाज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी-चौरा विधानसभा के ब्रह्मपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा बसूही तथा सरदार नगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा शिवपुर बिन टोलिया में वरिष्ठ समाजसेवी अजय कुमार सिंह ₹टप्पू भैया₹ के नेतृत्व में विशाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित राजकुमार व्यास ने किया। आयोजित चौपाल अजय कुमार सिंह टप्पू ने कहा कि वर्ष 2017 से 2022 तक उन्होंने हर गांव, हर गली और हर मोहल्ले में जाकर लोगों के सुख-दुख में सहभागिता निभाया हूं लेकिन इसके बावजूद वर्ष 2022 के चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अपने ही बेटे को नहीं पहचान सकी और बाहरी नेतृत्व को चुन लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद केवल अपना विकास करते हैं, जबकि चौरी-चौरा का समुचित विकास आज भी अधूरा है उन्होंने कहा कि यदि चौरी-चौरा का वास्तविक विकास करना है तो स्थानीय नेतृत्व को अवसर देना होगा। ताकि युवाओं को रोजगार, विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, महिलाओं को सम्मान और क्षेत्र को समग्र विकास मिल सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से वर्ष 2027 में स्थानीय नेतृत्व के समर्थन का आह्वान किया।

# नवीन सत्र शुभारंभ और फ्रेशर्स ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित



**चरगांवा, गोरखपुर।** फातिमा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, गोरखपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026झ27 के शुभारंभ एवं फ्रेशर्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को कालेज के आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में बी.एससी. नर्सिंग, जी.एन.एम., ए.एन.एम. एवं डी.एम.एल.टी. के नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संस्थान के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबेस्टियन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसके माता-पिता का अथक संघर्ष, त्याग और समर्पण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता के सपनों और मेहनत का सम्मान करें तथा ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भाव के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि एक अच्छा स्वास्थ्यकर्मी बनने के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, करुणा और मानवीय मूल्यों का होना भी अत्यंत आवश्यक है। फातिमा अस्पताल के एसोसिएट डायरेक्टर फादर शिजो ने विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, प्रशिक्षण प्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज के नियमों एवं अनुशासन के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि अनुशासन ही सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय की पाबंदी, नियमित उपस्थिति, नैतिक आचरण एवं संस्थान की गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण व्यवस्था, क्लीनिकल पोस्टिंग, परीक्षा प्रणाली तथा संस्थान की विभिन्न सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय ₹सीखने, सेवा और व्यावसायिक उत्कृष्टता की नई शुरूआत रहा।

## सर्विस रोड पार करते समय वाहन ने मारी टक्कर, पेट्रोल टैंकर के हेल्पर की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में पेट्रोल टैंकर के हेल्पर की मौत हो गई। अमृत पंजाबी होटल के सामने सर्विस रोड पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टैंकर चालक और हेल्पर को टक्कर मार दी। हादसे में हेल्पर की मौके पर ही जान चली गई, जबकि चालक बाल-बाल बच गया। थानाध्यक्ष कमल भाटी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 12 बजे जिओ कंपनी का पेट्रोल टैंकर सर्विस रोड पर खड़ा था। टैंकर चालक विकास शुक्ला पुत्र राजकिशोर शुक्ला निवासी बनीपारा महाराज, थाना रूरा, कानपुर देहात और हेल्पर मनीष वर्मा पुत्र अशोक वर्मा निवासी सिमारा, थाना नौबस्ता, कानपुर नगर सर्विस रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल मनीष वर्मा को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक विकास शुक्ला इस दुर्घटना में सुरक्षित बच गए। सूचना मिलते ही मौके पर उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और उसकी तलाश में जुटी है।

## चेहल्लुम को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस

**जसवंतनगर, इटावा।** आगामी 3 अगस्त को होने वाले चेहल्लुम के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी ने पुलिस बल के साथ कस्बे में ताजियों के निर्धारित मार्ग का रूट मार्च किया और सुरक्षा, यातायात व भीड़ नियंत्रण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कस्बा इंचार्ज हेमंत कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने लाडपुरा से बस स्टैंड होते हुए पकड़पुरा स्थित कर्बला तक जाने वाले जुलूस मार्ग का बारीकी से जायजा लिया। इसी मार्ग से नगर के विभिन्न मोहल्लों के ताजिए भी कर्बला पहुंचेंगे। प्रशासन के अनुसार 3 और 4 अगस्त को दोपहर 2 बजे से रात 1 बजे तक कर्बला स्थित दरगाह पर ताजियों को दफन किए जाने का कार्यक्रम रहेगा। थाना प्रभारी ने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कल मिले अज्ञात किशोरी के शव की हुई शिनाख्त, निधि निकली

**इकदिल, इटावा।** थाना क्षेत्र में निचली गंग नहर के आराजी जादौपुर के पास शुक्रवार को मिले अज्ञात किशोरी के शव की शनिवार को शिनाख्त हो गई। परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर शव की पहचान निधि (17) पुत्री सुखवीर निवासी गांव रेहना, थाना फरेह, जिला फिरोजाबाद के रूप में की। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार देर शाम आराजी जादौपुर के पास नहर पुल के पिलर में एक किशोरी का शव फंसा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर मोर्चरी भेज दिया था और शिनाख्त के प्रयास शुरू किए थे। परिजनों के अनुसार, निधि 30 जुलाई की सुबह करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात कारणों से घर से निकल गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसके भाई रोहित ने थाना शिकोहाबाद में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को खबरों के माध्यम से जानकारी मिलने पर परिजन इटावा मोर्चरी पहुंचे और शव की पहचान निधि के रूप में की। परिजनों ने आशंका जताई कि निधि ने नहर में छलांग लगा दी होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षक सम्मान व पुरातन छात्र मिलन समारोह आयोजित




**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के बाजिदपुर स्थित श्री भगवान बख्श सिंह इंटर कालेज में शनिवार को पूर्व प्रधानाचार्य दुर्गाबक्स सिंह की जयंती के अवसर पर पूर्व शिक्षक सम्मान एवं पुरातन छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षक एवं पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व अपर महाधिवक्ता रमेश सिंह ने कहा कि छात्र के रूप में हम सभी को सदैव सीखते रहना चाहिए। इस क्षेत्र के शिक्षकों का शिक्षा के क्षेत्र में एक विशेष योगदान रहा है। बैसवारा क्षेत्र कलम और तलवार का धनी सदैव रहा है और रहेगा। उन्होने अपने को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नही बल्कि एक विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित होने की बात कही। कार्यक्रम आयोजक विद्यालय के पूर्व छात्र अधिवक्ता अजय मिश्र ने कहा कि एक धर्म पुत्र के रूप विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य दुर्गा बख्श सिंह की जयंती के अवसर पर मैने यह कार्यक्रम आयोजित किया है। गुरू केवल एक शब्द नही है गुरू संकल्प के साथ एकलव्य बनाने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम को हरिहर दीक्षित, समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, आशादीन तिवारी, बिनोद कुमार सिंह, आनंद मोहन द्विवेदी, बीडी सिंह, रामहेत सिंह समेत अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व संचालन डां बीपी सिंह ने किया। सेवानिवृत्त शिक्षक गौरीशंकर सिंह, रमेश प्रताप सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजक अजय मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भगवती सिंह, शिवनाथ सिंह, सतेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, संकठा दीक्षित, आशीष सिंह, नरेन्द्र विक्रम, कमल सिंह, महेश त्रिपाठी, महेश शुक्ला, राजबहादुर सिंह, आनंद सिंह, समरेन्द सिंह, डीके सिंह योगेंद्रर सिंह बाबू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में नहीं पहुंचीं सीडीओ, फरियादी मायूस लौटे

**पाटन, उन्नाव।** तहसील मुख्यालय पर आयोजित समाधान दिवस में सीडीओ के न आने से फरियादी मायूस होकर लौट गए। एसडीएम आनंद कुमार नायक ने पिछले समाधान दिवस में आई शिकायतों की समीक्षा करने के बाद आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में कुल 85 समस्याएं आई जिसमें राजस्व विभाग की 46, पुलिस विभाग की 16, विकास विभाग की 5, समाज कल्याण की 5, स्वास्थ्य की 2 तथा अन्य 11 समस्याएं रही। मौके पर केवल 7 समस्याओं का समाधान हो सका। तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में आए ज्यादातर कर्मचारी मोबाइल फोन में ही व्यस्त रहे। जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं रहा। पुलिस की सर्वाधिक समस्याएं बिहार थाना क्षेत्र की रही जिसमें बिहार थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने जेठ पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाने से कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया। सी ओ मधुप नाथ मिश्रा ने बिहार थाना अध्यक्ष राहुल सिंह से मौके पर जाकर तत्काल जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। अमान खेड़ा निवासी रजनीश सिंह ने खतौनी में नाम संशोधन किए जाने का प्रार्थना पत्र दिया उन्होंने एसडीएम को बताया कि नाम संशोधन न होने से फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। अमरपुर निवासी शिव कुमार ने भूमिधरी जमीन पर गांव के कट्टर व दयालु पर कब्जा करने का आरोप लगाया। मीरमऊ धमनी खेड़ा निवासी विमलेश कुमार पुत्र शिव सागर ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गलत नाम की नोटिस देकर बिजली विभाग द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। समाधान दिवस में बी डी ओ दीप शिखा वर्मा, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, एस आई राधा कृष्ण यादव और अभियंता जल निगम हरदीप कुमार, ए डी ओ पंचायत प्रताप नारायण द्विवेदी लेखपाल आकाश शुक्ला, सुनील कुमार आदि रहे।

## डीएम, एसएसपी ने लोगों की समस्याएं सुनीं



**भरथना, इटावा।** तहसील सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के 52 फरियादियों ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्यवाही की गुहार लगायी। साथ ही डीएम व एसएसपी ने संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को एक सप्ताह में सभी लंबित मामलों का जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। स्थानीय तहसील में अगस्त माह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को निर्धारित समय में निष्पक्ष जाँच कर कार्यवाही का आदेश किया। विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कुल 52 फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र सौंप कार्यवाही की गुहार लगायी। संपूर्ण समाधान दिवस में एसएसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि हर शिकायत के मामले में पुलिस अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें और नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## एडीएम न्यायिक ने सुनीं समस्याएं, कुल 113 मामले आये



**सफीपुर, उन्नाव।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक बम्बालाल दिवाकर की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव एवं सहायक पुलिस अधीक्षक दीपक यादव एसडीएम फाल्गुनी सिंह द्वारा फरियादियों की जन शिकायतें सुनी। इस दौरान अलग-अलग विभागों से कुल 113 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिसमें राजस्व 34, पुलिस 24, शिक्षा 1, विद्युत 5, पूर्ति 6, अन्य 8 समेत चकबंदी के 27 मामले आए। जिसमे राजस्व के 7 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान विधायक श्री दिवाकर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन के निदेर्शानुसार सभी मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसीलदार देवेंद्र कुमार ने ओसिया गांव में चल रही चकबंदी को लेकर सबसे अधिक शिकायतों होने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत छोटेलाल, खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार समेत अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सीएचसी अधीक्षक राजेश वर्मा ने समाधान दिवस में अधिकारियों से गलाघोंटू टीकाकरण अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बुधवार एवं शनिवार को स्वास्थ्य टीम बच्चों का टीकाकरण करते चली आ रही है। गलाघोटू अभियान में 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के बच्चों का टीकाकरण होना है। विद्यालय में जाने वाले बच्चे अभियान से छूट जाते है। जिन्हें वैक्सीन देने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजन अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी से सहयोग करने की अपील की। समाधान दिवस में लेखपाल संघ जिलाध्यक्ष ने संघ की लंबित न्यायोचित मांगों को लेकर राजस्व परिषद अध्यक्ष लखनऊ को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। तहसील सफीपुर परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष आलोक बाजपेई ने राजस्व परिषद अध्यक्ष लखनऊ को संबोधित संघ की लंबित व न्यायोचित मांगों का पत्र एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव को सौंपा। जिसमें अंतरमंडलीय स्थानांतरण में आवेदन लेने के बाद भी कोई सुनवाई न होना, लेखपालों की डीपीसी न होने से आक्रोश व्याप्त है, 11 माह बाद भी परीक्षा एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी घोषित किए जाने की मांग की, स्टेशनरी एवं यात्रा भत्ता आदि बढ़ाने की मांग रखी। समाधान दिवस में शिकायतें अधिक आने पर एसडीएम फाल्गुनी सिंह का पारा चढ गया। उन्होने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण शिकायतों के निस्तारण के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियन्ता–तकनीकी, गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ**

ई–निविदा सूचना : वि.आ.सं. 2257 : दिनांक : 30.07.2026

**निविदा सं एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 55/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत एल0टी0 अण्डर ग्राउण्ड एल0टी0 केबिल फाल्ट अटैण्ड का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 13,500.00
2. 56/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत सीढ़ी/ट्राली उपलब्ध कराने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 4500.00
3. 57/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त परिवर्तक को बदलकर अन्य परिवर्तक स्थापित करने सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8330.00
4. 58/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त परिवर्तक को बदलकर अन्य परिवर्तक स्थापित करने सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8330.00
5. 59/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र एस0टी0/पी0सी0सी0 पोलों को बदलने, एस0टी0 पोलो को मरम्मत करवाने एवं लाइनों के मेंटीनेंस का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8450.00
6. 60/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र एस0टी0/पी0सी0सी0 पोलों को बदलने, एस0टी0 पोलो को मरम्मत करवाने एवं लाइनों के मेंटीनेंस का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8450.00
7. 61/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 33 गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में 33 के0वी0 एच0टी0 विद्युत लाइनों के पास लगे पेड़ों की शाखाओं की कटाई–छटाई का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 6,000.00
8. 62/SE(T)/GNZ/2026-27, सहायक अभियन्ता, 33 के0वी0 गोमती नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित पावर परिवर्तकों की टेस्टिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 19500.00

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि** : 14.08.2026 को 17:00 बजे
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

संक्षेप

### एक महीने तक चलेगा मेगा बिजली कैंप

धौरहरा खीरी। एक से 31अगस्त तक बिजली विभाग धौरहरा उपखंड पर मेगा कैंप आयोजित कर रहा है। इस कैंप में में बिजली बिल जमा करने, बिल संशोधन, नए संयोजन निर्गत करने, भार वृद्धि, खराब मीटर बदलने, विधा परिवर्तन, एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं का निस्तारण मौके पर किया जाएगा। उप खंड अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस विशेष कैंप में पहुंचकर उपभोक्ता अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं और बकाया बिजली बिल जमा कर विभागीय योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे।

### मारपीट कर चेन छीनने का आरोप पुलिस जांच में जुटी

तिकुनियां-खीरी। ग्राम रायपुर निवासी अविनाश चंद ने पुलिस को मारपीट व सोने की चेन छीनने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है, पुलिस जांच में जुटी है। रायपुर गांव स्थित गौरी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अविनाश चंद्र ने बताया कि शनिवार को करीब दोपहर दो बजे उनकी दुकान पर ग्राम दाराबोझी निवासी हरपाल सिंह तथा कुल्होरी निवासी छब्बू खाद लेने के लिए आए थे जिस पर दुकानदार अविनाश चंद ने उनको कागज देने को कहा दोनो लोग जमीन के खसरा खतौनी नहीं दिखा सके जिस पर अविनाश ने खाद देने से मना कर दिया। इस पर खाद देने के लिए दोनो जिद करने लगे। दुकानदार का आरोप है कि उक्त दोनों के साथ तीन अज्ञात लोगों ने मुझसे मारपीट की और गले में पड़ी सोने की चेन छीन कर भाग गए। सीओ शिवम कुमार ने बताया तहरीर मिली है, सोने के चैन छीनने की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दुल्हन जेवर-नकदी लेकर फरार

शादी कराने वालों पर भी आरोप

सकरन /सीतापुर। थाना क्षेत्र में शादी के महज दो दिन बाद दुल्हन के जेवर और नकदी लेकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित दूल्हे ने शादी कराने वाले दो लोगों पर रुपये लेकर कथित तौर पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गोडियन पुरवा गांव निवासी रामप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 26 जुलाई को सुमरावां निवासी रमेश पटेल और खानपुर निवासी जगदीश ने 50 हजार रुपये लेकर एक मंदिर में कराई थी। जयमाल के बाद वह दुल्हन को अपने घर ले आया और दोनों साथ रहने लगे। रामप्रकाश का आरोप है कि 28 जुलाई की रात दुल्हन घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब 10 हजार रुपये नकद लेकर अचानक फरार हो गई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसे एहसास हुआ कि उसके साथ सुनियोजित धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित ने शादी कराने वाले रमेश पटेल और जगदीश के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उसका आरोप है कि दोनों ने रुपये लेकर शादी कराई और अब पूरे मामले से पल्ला झाड़ रहे हैं। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि मामला केवल पारिवारिक विवाद है या किसी संगठित ठगी का हिस्सा।

# प्रेम प्रसंग से नाराज युवक ने की बहन की हत्या



सीतापुर। जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के बजेहरा गांव में शनिवार सुबह रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। प्रेम प्रसंग से नाराज 22 वर्षीय युवक ने अपनी 17 वर्षीय बहन की बांके से काटकर निर्मम हत्या कर दी। बहन जान बचाने के लिए घर से बाहर भागी, लेकिन भाई ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और गले पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। लहूलुहान होकर जमीन पर गिरने के बाद भी उसने हमला नहीं रोका। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतका का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग था। 22 जुलाई को वह उसके साथ घर से चली गई थी। अगले दिन पुलिस ने उसे बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था। तभी से परिवार में तनाव बना हुआ था और भाई कोमल लगातार उससे नाराज चल रहा था। शनिवार सुबह इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ, जिसने खूनी रूप ले लिया। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी, थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश शुरू कर दी है। गांव में घटना के बाद शोक और दहशत का माहौल है।

### मां की मिन्नतें भी नहीं रोक सकी खूनी हाथ

सीतापुर। शनिवार सुबह घर में भाई-बहन के बीच कहासुनी हो रही थी। मां रामरानी ने दोनों को समझाकर विवाद शांत कराने की कोशिश की और बेटे को घर से बाहर भेज दिया। लेकिन कुछ देर बाद वह फिर लौट आया। गुस्से से आग-बबूला बेटे ने पहले बहन की पिटाई की। जान बचाने के लिए बेटी घर से बाहर भागी तो उसने बांका उठाकर उसका पीछा किया। मां भी पीछे-पीछे दौड़ी। वह बेटे के सामने हाथ जोड़कर बेटी की जान की भीख मांगती रही, चीखती रही मत मार बेटा... छोड़ दे इसे... लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा। उसने बहन के गले और शरीर पर एक के बाद एक इतने वार किए कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मां की आंखों के सामने बेटी की सांसें टूटती रहीं और वह बेसुध होकर वहीं बिलखती रह गई।

### फोरेंसिक टीम और पुलिस ने जुटाये साक्ष्य

सीतापुर। वारदात की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी और मथुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर खून के नमूने सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांका कब्जे में लेने के प्रयास शुरू किए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवती के प्रेम प्रसंग से नाराज होकर उसके भाई ने हत्या की है। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। फोरेंसिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की विवेचना आगे बढ़ाई जाएगी। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक का आम के बाग में मिला शव

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के शेखवापुर गांव में शनिवार सुबह आम के बाग में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका रहस्य बरकरार है। मृतक की पहचान शेखवापुर निवासी 37 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र बाल कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार पंकज तीन दिन पहले ही गाजियाबाद से गांव लौटा था। घटना के समय वह घर पर अकेला था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य किसी काम से लखनऊ गए हुए थे। शनिवार सुबह उसका शव गांव के पास आम के बाग में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी भानु प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच कर रही है।

## समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें 24 राजस्व विभाग की रहीं

मोहम्मदी खीरी। तहसील सभागार मे एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महज 50 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई जिसमें आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है। एसडीएम राजेश प्रताप



ने समाधान दिवस में आए परियों की शिकायत सुनकर समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया वहीं आयोजन में अनुपस्थित रहे अधिकारियों को चेतावनी दी है। 10 वर्षों से लगातार जिला बनाओ मुहिम चला रहे अधिवक्ता गणों ने ज्ञापन दिया है। इस मौके पर तहसीलदार गरिमा वर्मा, सीओ अरुण कुमार , सीएचसी अधीक्षक सचिन गुप्ता समेत प्रमुख अधिकारी गण मौजूद रहे।

## विजेता छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन राशि के चेक पाकर खिले चेहरे

मोहम्मदी खीरी। दून पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने आयोजित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है प्रतियोगिता में सफलता अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य कविता शर्मा ने मां वीणा पाणि के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर ईश्वर वंदना के साथ शुभारंभ किया उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को अनुशासन में रहकर सतत अध्ययन करते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है ओलम्पियड समन्वय ऋतु सरोहा ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व को समझाते हुए कहा ऐसी परीक्षाएं बच्चों के बौद्धिक क्षमता तार्किक सोच और आत्मविश्वास प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टिकोण का विकास करती हैं। उपप्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने कहा सफलता निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प एवं सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। सह प्रबंधक गुरप्रीत सिंह ने कहा पुरस्कार उपलब्ध का प्रतीक नहीं भविष्य में बेहतर करने की प्रेरणा देता है सफलता प्राप्त करने वाले दीपेंद्र सिंह, जश्नप्रीत कौर, मनिंदर सिंह, आकाश कुमार, अर्पित पाल को प्रोत्साहन राशि की चेक वितरित की गई है। प्रबंधक डॉक्टर गुरमेजर सिंह ने आयोजन की सफलता पर विनय विश्वकर्मा, राकेश गौतम, ज्योति गुप्ता, उपेंद्र शर्मा, विमल यादव और विमल अवस्थी का आभार जताया है।

## यूडीसीए किड्स के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण किया



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के यूडीसीए की किड्स ब्रांच के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के दौरान पुलिस पुलिस स्टेशन और सामुदायिक स्थलों का भ्रमण कराया गया और उनकी कार्यप्रणाली की बच्चों को जानकारी दी गई है।

शनिवार को प्रबंध निदेशक सनी गुप्ता के निर्देशन में अविरल, जसकीरत, अक्षिता, सीरत कौर, समायरा, रुद्र प्रताप, सिद्धि, ईवा , सरगुन, स्निग्धा समेत बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के दौरान कोतवाली लाया गया जहां निरीक्षक उमेश चौरसिया ने बच्चों का उत्साह आवर्धन करते हुए पुलिस की भूमिका और कार्य प्रणाली को समझाया और उपहार देकर बच्चों के मन से पुलिस का डर निकाला है। वही बच्चों ने अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डॉक्टर आशीष मेहरोत्रा ने देते हुए उन्हें भ्रमण कराया है।

## समाधान दिवस, 81 शिकायतों में 6 निस्तारित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 75 शिकायतों को स्थलीय जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निदेर्शों के साथ संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।



समाधान दिवस में सबसे अधिक 39 शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। इसके अलावा पुलिस विभाग की 12, संयुक्त जांच से संबंधित 11, खाद्य एवं रसद विभाग की नौ, ग्राम्य विकास विभाग की छह तथा विद्युत, नगर विकास, डूडा एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की एक-एक शिकायत दर्ज की गई। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी महक शर्मा, प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक का विरोध करने पर दलित परिवार पर हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखरांवा में तेज रफ्तार बाइक चलाने का विरोध करना एक दलित परिवार को महंगा पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हरिजन एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम लखरांवा निवासी बलविंदर पुत्र बिहारी पासी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 31 जुलाई की शाम करीब 6.30 बजे गांव में तेज रफ्तार से बाइक चलाने का विरोध करने पर नफीस, अनीश, रहीस, जीशान और जावेद निवासी लखरांवा एकराय होकर उसके साथ अभद्रता करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया तथा जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे बालकिशुन, इन्द्रजीत, रामगुनी और अनुज पर भी आरोपितों ने हमला कर दिया। तहरीर के अनुसार बालकिशुन के सिर पर भी कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

# सावन मेले की तैयारियों को लेकर विधायक ने डीएम-एसपी के साथ की समीक्षा बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पवित्र श्रावण मास में छोटी काशी स्थित पौराणिक भोलेनाथ मंदिर में जलाभिषेक एवं दर्शन के लिए उमड़ने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को विधायक अमन गिरि ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग, एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी महक शर्मा, अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने और उनमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि श्रावण मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग, पार्किंग एवं प्रभावी भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था करने पर जोर दिया। उन्होंने पेयजल, स्वच्छ शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को चैबीसों घंटे संचालित रखने के निर्देश दिए। महिला, वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विश्राम एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। विधायक अमन गिरि ने कहा कि छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अतिथि के समान है। उसकी सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सहज वातावरण में बाबा भोलेनाथ के दर्शन का पुण्य लाभ मिल सके। बैठक में मेला क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने, अग्निशमन एवं विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा सूचना एवं सहायता केंद्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी सहित प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, पांच घायल



पिपरिया धानी, खीरी। वीओएल। रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र में शनिवार सुबह गोला-मोहम्मदी हाईवे पर सरदार जी पैलेस के निकट एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार हाईटेंशन लाइन के एक बिजली पोल को तोड़ते हुए सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हालांकि गनीमत रही कि इससे कोई और बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना मिलते ही रेहरिया पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोहम्मदी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे हाईटेंशन बिजली के पोल से जा टकराई और उसे क्षतिग्रस्त करते हुए खाई में जा गिरी। हादसे में जगदीश प्रसाद (60 वर्ष), प्रीति देवी (30 वर्ष), कमला देवी (30 वर्ष), रामबेटी तथा ई-रिक्शा चालक अमित कुमार निवासी जवाहरपुर, थाना हैदराबाद, जनपद लखीमपुर-खीरी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही रेहरिया चैकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों एवं शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान के सदस्यों के सहयोग से घायलों को तत्काल निजी एवं सरकारी वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि सभी घायल ई-रिक्शा से गांव पड़रिया पेट की पथरी का उपचार कराने जा रहे ।

## महिला की शिकायत, खतौनी में अंश संशोधन गलत



महोली/सीतापुर। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन महोली तहसील की सभागार में संपन्न कराया गया। सभागार में आए फरियादियों की समस्याओं को विधायक शशांक त्रिवेदी व एसडीएम शैलेंद्र गौतम ने सुना इसी बीच एक महिला ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि हमारा खतौनी में अंश संशोधन गलत हो गया है जिस पर एसडीम शैलेंद्र गौतम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व अभिलेखों में तत्काल संशोधन कराकर संशोधित खतौनी विधायक शशांक त्रिवेदी के द्वारा प्रदान की गई। वहीं जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु तहसील प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## बेटी की मौत के बाद पिता को नहीं दी खबर , किया अंतिम संस्कार

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि ननिहाल पक्ष ने न केवल किशोरी की मौत की सूचना उसके पिता को नहीं दी, बल्कि रात में ही चुपचाप अंतिम संस्कार भी कर दिया। घटना से आक्रोशित पिता ने नाना समेत ननिहाल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। सकरन थाना क्षेत्र के बनियनपुरवा मजरा खजुरा निवासी राजेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद ने सदरपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री वंदना करीब दो माह पहले अपने मौसा सर्वेश के साथ सदरपुर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव स्थित अपने नाना रामपाल के घर गई थी। आरोप है कि शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में वंदना की मौत हो गई, लेकिन ननिहाल पक्ष ने इसकी सूचना पिता को नहीं दी। इसके बजाय रात करीब 10 बजे ही गुपचुप तरीके से शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता का कहना है कि हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार रात में अंतिम संस्कार सामान्यतः नहीं किया जाता। ऐसे में बिना सूचना दिए जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किए जाने से उन्हें आशंका है कि उनकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना हुई है, जिसे छिपाने का प्रयास किया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। सदरपुर थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सीआईएससीई रीजनल गर्ल्स वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू



पलियाकलां खीरी। गुरुकुल एकेडमी, पलिया कलां में आयोजित सीआईएससीई रीजनल गर्ल्स वॉलीबॉल प्रतियोगिता पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ जारी है।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जोनों की लगभग 335 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रही हैं। आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नॉर्थ, कानपुर साउथ, लखनऊ नॉर्थ, लखनऊ साउथ, मेरठ एवं बनारस जोन की टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जबकि मेजबान गुरुकुल एकेडमी की टीम बरेली जोन का प्रतिनिधित्व कर रही है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि शिवाजी दुबे, एसएचओ पलिया रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जगत चौधरी, एमडी, दून इंटरनेशनल स्कूलतथा हरविंदर पाल सिंह, एमडी, गुरुनानक देव स्कूल भीरा उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया। समाचार लिखे जाने तक खेले गए लीग मुकाबलों में अंडर-14 वर्ग में लखनऊ साउथ, मेरठ एवं गोरखपुर की टीमों ने जीत दर्ज की। अंडर-17 वर्ग में गोरखपुर, आगरा एवं लखनऊ नॉर्थ विजेता रहे, जबकि अंडर-19 वर्ग में लखनऊ साउथ, लखनऊ नॉर्थ एवं कानपुर साउथ की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले चरण में स्थान बनाया। प्रतियोगिता का सफल संचालन इवेंट इंचार्ज बृजमोहन मिश्र के निर्देशन में किया जा रहा है। टीम कोच श्री वंश सिंह तथा टीम मैनेजर निर्भीक अग्रवाल खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में कॉमेंटेटर की भूमिका रवीन्द्र गुप्ता एवं आरिफ ने प्रभावशाली ढंग से निभाई। रेफरी की जिम्मेदारियाँ इस प्रकार रहीं– कोर्ट-1 अजय वर्मा, अनिल कुमार एवं संजय वर्मा। कोर्ट-2 गौरव शर्मा, गौरव राजपूत एवं निशांत शर्मा। कोर्ट-3 पुष्पेंद्र शर्मा, अमर सिंह एवं मोहम्मद आदिल। विद्यालय के प्रबंधक मुकेश अग्रवाल एवं अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिक्षा हासिल करने का माध्यम नहीं बल्कि एक बेहतर इंसान बनाने का आधार हैः शशांक त्रिवेदी



महोली/सीतापुर। नौनिहालों के भविष्य को संवारने एवं उज्जवल बनाने का अभियान विधायक शशांक त्रिवेदी ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए योगी सरकार की मंशा को साकार करना है।

इस सकारात्मक पहल ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने एवं सर्व शिक्षा अभियान को बुलंदियों तक पहुंचना है। शनिवार को विधायक शशांक त्रिवेदी ने बच्चों से मुलाकात की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि बच्चों को स्कूल भेजना और शिक्षा से जोड़ने की एक सरकारी पहल है। इस अभियान का उद्देश्य समुदायों को एकजुट करना, जागरूकता बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की ताकत होती है और हर बच्चे तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा केवल हासिल करने का माध्यम नहीं बल्कि एक बेहतर इंसान बनने का आधार है। मैं समाज के सभी वर्गों से अपील करता हूं कि वह स्कूल चलो अभियान से जुड़कर हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचने में सहयोग करें। इस दौरान प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार यादव ,अध्यापक आलोक मिश्रा, अरविंद कुमार ,शरद मिश्रा,संतोष निषाद, पुष्पेन्द्र त्रिवेदी, विशाल सिंह मौजूद रहे।

संक्षेप

## जनई में चला टीबी मुक्त भारत अभियान

**महराजगंज, रायबरेली।** टी.बी. मुक्त भारत अभियान' को धरातल पर उतारने के लिए शासन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज को एक आधुनिक हैंडहेल्ड (पोर्टेबल) एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई गई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गण नायक पांडे के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस मशीन के साथ हाई रिस्क एरिया के रूप में चिह्नित जनई ग्राम पंचायत में विशेष अभियान चलाया। ग्राम पंचायत में एक्टिव मोड में काम करते हुए टीम ने कुल 33 संदिग्ध मरीजों की एक्स-रे जाँच की। इस कैंप में मुख्य रूप से उन लोगों को लक्षित किया गया जिनमें दो हफ्ते से अधिक समय से खाँसी, बुखार, भूख न लगना, सीने में दर्द, सांस फूलना, मुँह से खून आना जैसे लक्षण थे। इसके साथ ही कुपोषित व्यक्तियों, नशा करने वालों, पुराने टीबी मरीजों के परिजनों, शुगर और एड्स से ग्रसित मरीजों की भी बारीकी से जाँच की गई ताकि शुरूआती स्तर पर ही टीबी का पता लगाया जा सके।

## तीन गोल्ड मेडल जीत महराजगंज की पूर्णिका ने बढ़ाया जिले का मान

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे की होनहार बेटी पूर्णिका शुक्ला ने लखनऊ विश्वविद्यालय के एम.कॉम. पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे महराजगंज और रायबरेली जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। शुक्रवार को लखनऊ के चौक स्थित अटल बिहारी वाजपेयी वैज्ञानिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में दयानंद डिग्री कॉलेज की छात्रा एवं महराजगंज कस्बे के आर्य नगर निवासी शिवशंकर शुक्ला की मेधावी पुत्री पूर्णिका शुक्ला को एम.कॉम. की सेमेस्टर परीक्षाओं में सर्वाधिक 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने तीन गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर तथा विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी तथा कुलपति प्रो. जयप्रकाश सैनी भी भी उपस्थित रहे।

## पैरामेडिकल छात्र के पास मिली बम बनाने की पर्ची

**अयोध्या।** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल प्रथम वर्ष के एक छात्र के पास बम बनाने से संबंधित जानकारी लिखी पर्ची मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली अयोध्या पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए खुफिया एजेंसियों को भी जांच में लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, बलरामपुर निवासी मुस्लिम समुदाय का छात्र मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। शुक्रवार रात उसकी लैब में ड्यूटी थी। इसी दौरान उसके पास से एक पर्ची बरामद हुई, जिसमें कथित तौर पर बम बनाने की विधि, आकार और उसकी तीव्रता से संबंधित विवरण लिखा हुआ था। पर्ची मिलने की जानकारी पर कॉलेज प्रशासन सतर्क हो गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। साथ ही बरामद पर्ची की जांच की जा रही है कि उसका उद्देश्य क्या था और उसका किसी संदिग्ध गतिविधि से कोई संबंध है या नहीं।

# जन-जन के सरोकार से जुड़े अटूट विश्वास और भरोसे की ताकत हैं अदिति सिंह

- सदर क्षेत्र में सैकड़ो योजनाए जनता को हुई समर्पित, तमाम योजनाओं की रखी गई आधारशिला
- जन चौपाल और जनता से आत्मीय संवाद सदर विधायक को बनता है लोकप्रिय

हरीशानन्द मिश्र



**रायबरेली।** जन-जन के सरोकार से जुड़े अटूट विश्वास और भरोसे की ताकत पर जनप्रतिनिधि की कड़ी मेहनत विकास और समृद्धि का रास्ता तय करती है।और जब विश्वास और भरोसे की बागडोर किसी ऐसे व्यक्तित्व के हाथों में है जो अपने जीवन में तमाम कठिनाइयों से रूबरू होकर लगातार जनता की सेवा में और क्षेत्र की समृद्धि के लिए जीवन समर्पित कर चुका हो तो ऐसे में किसी भी क्षेत्र को विकास व समृद्धि से दूर नहीं किया जा सकता। सदर विधानसभा क्षेत्र से समर्पित जन सेवक सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा अपने अदमय साहस,शिक्षा कौशल, क्षेत्र में लोकप्रिय युवा नेता की छवि के साथ अपने संकल्प को मजबूत करने की राह पर है।लगातार दूसरी बार सदर क्षेत्र से विधायक चुनी गई अदिति सिंह पर जनता का अटूट विश्वास और समर्पण पुरानी इबारत को दोहरा रहा है।

प्रदेश सरकार में अपनी सत्य निष्ठा और सकारात्मक सोच की वजह से जनता के लिए सदर विधायक द्वारा की गई अपेक्षाओं पर सदैव योगी सरकार की मुहर लगी जिससे जनता के विकास का पहिया तेज रफ्तार से चलता जा रहा है।जब भी जनता का सवाल सकारात्मक और विकास की ओर उन्मुख करने वाला रहा तब सदर विधायक द्वारा उसे कार्य को क्रियान्वित करने का भरोसा दिलाने के साथ ही कार्य को पूर्ण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिससे आज सदर विधानसभा क्षेत्र का विकसित स्वरूप क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित है क्षेत्र में सैकड़ो योजनाओं को जनता को समर्पित करने के साथ ही करोड़ों की योजनाओं की आधारशिला भी रखी गई है। समग्र विकास योजनाओं में उद्यमियों से वार्ता हो या फिर चौपाल के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का जरिया यह जन-जन से जोड़ने का कार्य विधायक द्वारा लगातार किया जा रहा है।आत्मीय संवाद के लिए सदर विधायक के दरवाजे खुले होने की वजह आज जनता के हृदय में सदर विधायक के लिए अपनी अलग जगह बन चुका है करोड़ों रुपए की योजनाओं में तुलसी नगर राही सनही साकेत नगर अखिलेश पुरम मठिया मंदिर के सरोवर आदि दर्जनों ग्राम सभा में सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग सीसी रोड क्षेत्र को जोड़ने वाले सेतु पथ तथा शिक्षा के क्षेत्र में तमाम कला कौशल को मुखर करने वाली नीति के तहत योजनाएं संचालित हो रही है।सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष से गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए हजारों लोगों को करोड़ों रुपए की राहत राशि प्रदान की गई जो परिवारों को खुशहाली तथा जीवन की संजीवनी के रूप में कार्य किया है।

लोगों का मानना है कि सदर विधायक हमारी ताकत है और उनके प्रति हमारा अटूट विश्वास जन-जन के लिए हितकारी है।सदर विधायक द्वारा लोगों के दुख सुख में शामिल होना सरल और सहज व्यवहार से जनता के हृदय में लगातार बने रहना उनके परिवार का जनता को समर्पित सार्वभौमिक गुण भी है। सदर विधानसभा क्षेत्र में लगातार दूसरी पारी पूर्ण करने की ओर बढ़ रहा आम जनमानस का कदम हैट्रिक की ओर इशारा करने लगा है। वही तमाम राजनीतिक कठिनाइयों एवं क्षेत्र समाज के बीच में महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनकर सदर विधायक ने कभी हार नहीं मानी और लोकप्रिय सदर विधायक के रूप में कर्तव्य, निष्ठा,न्याय,सत्य पारायण, पारदर्शी संकल्प के साथ जन-जन के सहयोग से आगे बढ़ रही है।

## अवर अभियंता समेत तीन टेक्नीशियन के खिलाफ नोटिस जारी

**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक परिसर स्थित लघु सिंचाई विभाग के कार्यालय में मंगलवार अपराह्न एक बजे ही ताला बंद मिलने की खबर प्रकाशित करने के दो दिन बाद जगे उच्चधिकारियों नें अवर अभियंता सहित तीन बोरिंग टेकनीशियनों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में स्पष्टीकरण के आदेश दिए है। बताते चले की मंगलवार को ब्लाक परिसर स्थित लघु सिचाई विभाग के कार्यालय में ताला लटकने को लेकर प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया था, खबर को संज्ञान में ले एवं सख़्ती दिखाते हुए बीडीओ श्रद्धा सोनकर नें लघु सिचाई विभाग के अवर अभियंता समर भीम सहित तीन बोरिंग टेक्निशियनों राजीव कुमार, रामरतन कुशवाहा, राधिका पटेल को कारण बताओ नोटिस थमा दो दिन में स्पष्टीकरण देने का आदेश जारी किया है। मालूम हो की काफी समय से दूर-दराज से आए किसानों को लघु सिचाई विभाग का कार्यालय बंद होने या कार्यालय में किसी कर्मचारी अधिकारी के न मिलने जैसी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था जिससे अधिकारी व कर्मचारियों के नदारद होने से किसान अपनी समस्याओं का समाधान कराए बिना ही वापस लौटने को मजबूर नजर आ रहे थे किन्तु खबर प्रकाशित होने एवं उच्चधिकारियो के संज्ञान में लेने से व्यवस्था में सुधार की गुंजाईश किसानों को नजर आ रही।

# 151 शिकायतों में पांच का मौके पर निस्तारण



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** अगस्त माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार, जयसिंहपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 151 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक मामले राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित रहे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर संदीप यादव ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर तहसीलदार मयंक मिश्र, क्षेत्राधिकारी सुनील सिंह, खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर श्याम नारायण चतुर्वेदी, खंड विकास अधिकारी मोतीगरपुर निशा तिवारी, नायब तहसीलदार रूबी यादव, पूर्ति निरीक्षक अभिषेक सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सनातन परंपरा और संत समाज का हुआ अपमान : शैलेन्द्र अग्निहोत्री

**लालगंज, रायबरेली।** संसद भवन परिसर में बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन 'पप्पू यादव' द्वारा साधु वेश धारण कर भगवा वस्त्र पहनकर किए गए राजनीतिक प्रदर्शन को लेकर अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने कड़ी आपत्ति जताई है। लालगंज में पत्रकारों से मुखातिब संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने इसे सनातन परंपरा, संत समाज और भगवा की गरिमा के विरुद्ध बताया तथा संसद से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, संसद के मानसून सत्र के 12वें दिन विपक्षी सांसदों ने अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की राशि के कथित प्रबंधन संबंधी मुद्दे को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान पप्पू यादव भगवा वस्त्र पहनकर पुजारी के वेश में जमीन पर बैठ गए और उनके सामने प्रतीकात्मक रूप से दानपेटी रखी गई। विपक्ष के अन्य सांसदों ने उसमें सांकेतिक रूप से चंदा भी डाला। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि भगवा वस्त्र त्याग, तपस्या, राष्ट्रसेवा और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। ऐसे पवित्र प्रतीक का राजनीतिक प्रदर्शन के लिए उपयोग भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार का प्रदर्शन सनातन धर्म व संत समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि इस घटना से करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों और संत समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा अखिल भारतीय हिंदू महासभा इस पूरे घटनाक्रम का तीव्र विरोध करती है और संसद से मांग करती है कि मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सनातन आस्था और धार्मिक प्रतीकों का राजनीतिक उपयोग किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध और प्रदर्शन का अधिकार सभी को है,लेकिन धार्मिक प्रतीकों और संत वेश की मयार्दा का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।साथ ही संगठन ने घोषणा की कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा,ताकि धार्मिक प्रतीकों की गरिमा बनाए रखने के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।

# 92 शिकायतें आयीं, 5 का तत्काल निपटीं



- डीएम और एसपी ने तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता (vol)

**सलोन, रायबरेली।** विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की उपस्थिति में तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सलोन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 62, पुलिस 07, विकास 07, विद्युत 07, पूर्ति विभाग 03, लोक निर्माण विभाग 02, नगर पंचायत 02, सिंचाई विभाग 01 एवं चकबंदी विभाग 01 कुल 92 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 05 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संतोष कुमार नि० ग्राम अतागंज उसरी तहसील सलोन को 150 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा का आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सलोन अंकित कुमार, तहसीलदार दीपिका सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन पुल के खुले हिस्से में गिरी बाइक, युवक की मौत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर-बगिया चैराहा मार्ग पर स्थित सपाही नुमाए गांव के पास निमार्णाधीन पुल के पास शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार बिरसिंहपुर की ओर से बगिया चैराहा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान निमार्णाधीन पुल के पास वह अनियंत्रित होकर कार्य प्रगति बोर्ड से टकरा गया और मोटरसाइकिल समेत पुल के खुले हिस्से से नीचे जा गिरा। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने पुल के नीचे युवक का शव और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल देखी तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल जयसिंहपुर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के भैरोंपुर सरैया निवासी बाल मुकुंद पांडेय, पुत्र स्वर्गीय सत्यनारायण पांडेय, के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हादसे के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## नाई की दुकान में घुसकर युवक से मारपीट

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र के कोथरा खुर्द के पुरवा पांडेयपुर में किराये के मकान को लेकर चली आ रही रंजिश में एक युवक की दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित राहुल शर्मा ने आरोप लगाया कि विकल वर्मा अपने पांच-छह साथियों के साथ दुकान में घुस आया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और अंगुली में गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावरों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया तथा पिता के किडनी इलाज के लिए उधार लेकर रखे 70 हजार रुपये भी उठा ले गए। घटना में दुकान का सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार वर्मा ने बताया कि मारपीट, तोड़फोड़ और रुपये ले जाने के आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संतों का छद्म वेश धारण करना किसी भी स्थिति में मान्य नहीं : सतीश महाना



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना शनिवार को अयोध्या पहुंचे। महानगर की सीमा मऊशिवाला पर अयोध्या विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता ने उनका स्वागत किया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन-पूजन किए तथा हनुमानगढ़ी में भी मत्था टेका। दर्शन-पूजन के दौरान विधायक रामचंद्र यादव, विधायक चंद्रभानु पासवान, विधायक अभय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने संसद भवन परिसर के बाहर कांग्रेस सांसद पप्पू यादव द्वारा किए गए प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति संतों के त्याग, तपस्या और आशीर्वाद पर आधारित है। ऐसे में संतों का छद्म वेश धारण करना किसी भी स्थिति में मान्य नही और अनुचित है। जब उस छद्म वेश को हटाया गया तो जो वास्तविकता निकली वह कांग्रेस के एक सांसद के रूप में निकली। जिसका अपना एक इतिहास है जिसे पूरा देश जानता है। एक राजनीतिक दल ने बता दिया कि वही लोग ऐसे है जो छद्म वेश धारण कर चंदा लेकर भागते है। उन्होंने इस घटना को संत समाज का अपमान बताते हुए कहा कि इस प्रकार का कृत्य भारतीय संस्कृति पर कुठाराघात है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा प्रकरण पर पूछे गए सवाल के जवाब में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच एसआईटी कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं पूरे प्रकरण की निगरानी कर रहे हैं और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या दौरे के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस दौरान भाजपा नेता अभय सिंह, हरभजन गौड, सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## सीतापुर नेत्र चिकित्सालय परिसर में दुकानों पर चला बुलडोजर

**अयोध्या।** सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के 26 दुकानदारों को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी जो कि जिला नेत्र चिकित्सालय समिति के अध्यक्ष भी हैं, के द्वारा एक नोटिस जारी करते हुए सीतापुर नेता चिकित्सालय परिसर में स्थित 26 दुकानदारों की दुकान बुलडोजर से तुड़वाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है, बुलडोजर कार्रवाई का विरोध कर रहें । दुकानदारों द्वारा कहा गया है कि जिलाधिकारी द्वारा जारी नोटिस में खुद कहा गया है कि लीज की अवधि अभी 5 वर्ष तक प्रभावी है किंतु उसके बाद भी प्रशासन जबरदस्ती बुलडोजर द्वारा दुकानों को तोड़ रहा है, इसके अलावा उनका किराया जुलाई 2026 से लेकर दिसंबर 2026 तक निरंतर न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज सीडी के माध्यम से जमा किया जा रहा है। दुकानदारों का यह भी कहना है कि प्रशासन ना तो उन्हें कोई मुआवजा ही प्रदान कर रहा है और ना ही कहीं पर दुकानें आवंटित करने का आश्वासन दे रहा है बल्कि 25 साल पहले उनके द्वारा जमा की गई 80000 की धनराशि को लौट के लिए तैयार है, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने भी विरोध करते हुए कहा है दुकानदारों की दुकान ना रहने से उनके सामने जीवन यापन का प्रश्न खड़ा हो चुका है किंतु प्रशासन और शासन आंखें मूंदे यह अत्याचार कर रहा है, श्री पांडेय ने यह भी कहा कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र प्रेषित कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई थी और इसमें हस्तक्षेप करने की मांग की गई थी किंतु वहां से भी कोई कार्यवाही नहीं की गई, फिलहाल दुकानदारों द्वारा सोमवार को हाई कोर्ट के माध्यम से एक नई याचिका डालने हेतु विचार विमर्श किया गया है।

- हिंदू महासभा आक्रोशित, दुकानदारों ने कहा ना तो मुआवजा दिया गया ना ही दुकान देने का आश्वासन

## हैंडबॉल खिलाड़ी साक्षी ने दिलाया गोल्ड अयोध्या मंडल का किया प्रतिनिधित्व



**सुलतानपुर (वीओएल)।** खेल निदेशालय के तत्वाधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय डाबा सेमर अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल महिला समारोह प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, टीम में सदस्य के रूप में सुलतानपुर की साक्षी गौतम ने बढ़िया प्रदर्शन किया और टीम को गोल्ड मेडल दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। फाइनल मुकाबला वाराणसी से हुआ, जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में टीम ने 14-12 से जीत हासिल किया साक्षी बचपन से ही स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रही हैं। वर्तमान में स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इनके पिता अशोक कुमार फायर ब्रिगेड में कार्यरत हैं। इस सफलता पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम सिंह, हैंडबॉल चयनकर्ता अनुपम शुक्ला, मुनेंद्र मिश्रा, स्टेडियम कोच प्रदीप यादव, राम नरेश, आशुतोष गुप्ता, चंचल भट्टाचार्य, अविनाश श्रीवास्तव, सहित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

## केएनआई में नवप्रवेशित छात्रों का हुआ स्वागत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी.टेक एवं पॉलिटेक्निक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ-2026 इंडक्शन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) राधेश्याम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) सुनील प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने संस्थान के गौरवशाली इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि एआईसीटीई एवं तकनीकी शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह 21 दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम पूरे शैक्षणिक सत्र में संचालित होगा। मुख्य अतिथि प्रो. राधेश्याम सिंह ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया, जबकि प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंधक एवं शहर विधायक विनोद सिंह ने भी नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## रामप्रिया जिला अध्यक्ष व डॉ. रमेश बने मंत्री प्रधानाचार्य परिषद की कार्यकारिणी गठित

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम प्रिया शरण सिंह को जिला अध्यक्ष जबकि राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला के प्रधानाचार्य डॉ.रमेश कुमार मिश्रा को जिला मंत्री चुन लिया गया। यह निर्णय शनिवार को शहर के मेथाडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित परिषद की आमसभा बैठक में लिया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एसएसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी जबकि जिला कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में द्वापर विद्यापीठ इंटर कॉलेज बरईपारा मया के प्रधानाचार्य सुनील कुमार द्विवेदी को मनोनीत किया गया है। एमएलएमएल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. उदय भान सिंह जिला कोषाध्यक्ष और साहबदीन सीताराम स्कूल की प्रधानाचार्या ममता निषाद आय- व्यय निरीक्षक के पद का दायित्व संभालेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में तीन महिला उपाध्यक्ष सहित दस उपाध्यक्ष और अन्य पदों पर जिले के कई विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्वाचित घोषित किए गए। प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मणि शंकर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंत्री राम प्रिया शरण सिंह ने पिछली कार्यवाही सभी के समक्ष रखी। जिसका सदन ने सर्वसम्मत से अनुमोदन कर दिया। इसके बाद प्रधानाचार्य की समस्याओं और उसके निदान पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि यदि शिक्षा अधिकारियों द्वारा समस्याओं का सम्यक निस्तारण नहीं किया गया तो परिषद आंदोलन को बाध्य होगा। प्रधानाचार्य परिषद जल्द ही प्रदेश के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें भी समस्याओं से अवगत कराएगा। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मणि शंकर तिवारी और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के सभी तदर्थ प्रधानाचार्यों के स्थायीकरण और विनियमितीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# भगवा वेश में संसद प्रदर्शन के विरोध में संतों ने जताया आक्रोश




**अयोध्या।** संसद भवन परिसर में 31 जुलाई को सांसद पप्पू यादव द्वारा भगवा वेश धारण कर किए गए प्रदर्शन को लेकर अयोध्या के संत समाज में तीखी नाराजगी देखने को मिली। संतों ने आरोप लगाया कि इस घटनाक्रम से सनातन धर्म, साधु-संत परंपरा और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की गरिमा का अपमान हुआ है। इसी के विरोध में शनिवार को श्री संकट मोचन हनुमान किला से मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, महंत राजकुमार दास, महंत गौरीशंकर दास एवं महंत परशुराम दास के नेतृत्व में संतों ने विशाल विरोध मार्च निकाला।विरोध मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान संतों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद पप्पू यादव तथा अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित नेताओं के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में संतों ने आरोप लगाया कि संसद परिसर में भगवा वेश धारण कर किया गया प्रदर्शन सुनियोजित ढंग से सनातन संस्कृति, संत परंपरा और करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था को आहत करने वाला कृत्य है। उनका कहना था कि इससे साधु-संत समाज की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया तथा भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। संतों ने सांसद पप्पू यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद एवं समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की।

संतों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में समर्पण राशि से जुड़े प्रकरण की जांच वर्तमान में प्रचलित है। ऐसे समय संसद परिसर में किया गया यह प्रदर्शन जांच को प्रभावित करने तथा श्रद्धालुओं के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास प्रतीत होता है। उनका आरोप था कि इस घटनाक्रम से संत समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और श्रावण मास में झूला महोत्सव के दौरान आश्रमों में होने वाले श्रद्धालुओं के समर्पण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे धार्मिक संस्थाओं को आर्थिक क्षति होने की आशंका है।संत समाज ने मांग की कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यदि इस घटनाक्रम से धार्मिक संस्थाओं को आर्थिक नुकसान होता है तो उसकी भरपाई कराई जाए। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से भी संबंधित सांसदों की सदस्यता समाप्त करने के लिए संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने की मांग की गई।

## पिकअप की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर कमैचा गांव में शनिवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से 80 वर्षीय वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जबकि परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतका की पहचान धनराजी (80) पत्नी दुखी, निवासी प्रतापपुर कमैचा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह इंडियन गैस गोदाम के पास चांदा-रामपुर मार्ग किनारे बकरी चरा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

संक्षेप

## जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

देवरिया। जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन-2026 में जनपद के किसानों को उचित दर पर समय से यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। वर्तमान में जनपद में 22,951 मीट्रिक टन यूरिया, 8,028 मीट्रिक टन डीएपी तथा 8,751 मीट्रिक टन एनपीके बफर एवं फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है। इनमें से 15,295.27 मीट्रिक टन यूरिया निजी एवं सहकारी क्षेत्र के फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की किसी प्रकार की कमी नहीं है। किसानों को उचित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी, ओवररेटिंग एवं टैगिंग जैसी अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए निजी एवं सहकारी क्षेत्र के सभी उर्वरक विक्रय केंद्रों की लगातार सघन निगरानी की जा रही है।

# रुद्रपुर तहसील में डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने आज रुद्रपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित, वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी फरियादी को अपने प्रकरण के लिए अनावश्यक रूप से अन्यत्र भटकना न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिया कि वे लेखपालों एवं कानूनगो पर प्रभावी नियंत्रण रखें तथा उनकी कार्यप्रणाली का नियमित अनुश्रवण करें। उन्होंने पुराने धारा 24 एवं 116 के प्रकरणों की पत्रावलियों का कानूनगोवार अवलोकन किया तथा निर्देश दिया कि किसी भी दशा में कोई पुरानी पत्रावली लंबित नहीं रहनी चाहिए। जिन प्रकरणों में प्रारंभिक आख्या लंबित है तथा जिनमें आदेश हो चुके हैं, उनमें अनुपालन भी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे जिलाधिकारी ने वरासत के निरस्त प्रकरणों का भी कानूनगोवार परीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि निरस्त प्रकरणों का त्वरित समाधान किया जाए। वरासत एवं अंश निर्धारण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कानूनगोवार एक माह में वरासत के प्राप्त, स्वीकृत एवं निरस्त प्रकरणों का विवरण उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए जिलाधिकारी ने लेखपालों एवं कानूनगो को सचेत करते हुए कहा कि वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं तथा अपने स्तर पर प्राप्त प्रत्येक प्रकरण का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर कोई भी फरियादी अनावश्यक रूप से न भटके। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि वरासत, धारा-24 तथा धारा-116 के प्रकरणों में त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के समक्ष ग्राम वारीडीहा निवासी पौहारी ने भूमिधरी भूमि पर अवैध कब्जे, ग्राम बनियइनी निवासी रामकेवल ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे, ग्राम माहीगंज निवासी सोमनाथ ने वरासत में नाम दर्ज न होने तथा ग्राम रामचक निवासी दीनानाथ ने सीमांकन एवं पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। इन सभी प्रकरणों में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिएपुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 92 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 राजस्व विभाग का मौके पर निस्तारण किया गया।

सर्वाधिक 49 प्रकरण राजस्व विभाग से प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग एवं विकास विभाग के 8-8, खाद्य एवं रसद विभाग के 7 तथा अन्य विभागों के 20 प्रकरण प्राप्त हुए। शेष प्रकरणों को निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

### डीएम के निर्देश पर तत्काल सुधरा राजस्व रिकॉर्ड, फरियादी को मिली राहत

देवरिया। ग्राम जद्दु परसिया निवासी एक फरियादी अपने खतौनी में नाम गलत दर्ज होने की शिकायत लेकर आज रुद्रपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के समक्ष उपस्थित हुई। उसने निवेदन किया कि राजस्व अभिलेखों में उसका नाम गलत अंकित हो गया है, जिसे संशोधित कराया जाए जिलाधिकारी ने फरियादी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी एवं राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि तत्काल नाम संशोधन कर सही खतौनी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में ग्राम जद्दु परसिया निवासी जदुरानी, जिनका नाम खतौनी में त्रुटिवश यदुरानी अंकित हो गया था, उसे तत्काल संशोधित कर नई खतौनी तैयार कराई गई। जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से संशोधित खतौनी फरियादी को प्रदान की समस्या का तत्काल समाधान होने पर फरियादी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित की।

## प्रधान कर्णिक कमलेश राव की भावभीनी विदाई

देवरिया। आज सेवा समिति बनवारी लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कक्ष में विद्यालय के प्रधान कर्णिक श्री कमलेश राव की सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी ,ने ,श्री राव को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर व स्मृति स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि संस्थाएं व्यक्तियों के योगदान से भव्य स्वरूप प्राप्त करती है। उन्होंने श्री कमलेश राव के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि वे विद्यालय के शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक सदस्यों के मध्य एकता के सेतु के रूप में कार्य करते रहे वह संस्था को विवाद से बचाकर विकास की ओर ले जाने वाले व्यक्ति के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से अशोक चौहान डॉ अरविन्द कुमार शुक्ल, डॉ राजेश मिश्रा डॉ शिवधारी प्रसाद अनिल मिश्रा अजय पांडेय अविनाश बरनवाल संजयानंद पांडेय संतोष कुमार राय रमाशंकर चौरसिया गुलाब चौरसिया शशि भूषण शुक्ला शंभू प्रसाद श्रीमती सुमन सिंह आदित्य त्रिपाठी संजय तिवारी इत्यादि उपस्थित थे। विदाई समारोह का संचालन श्री अखिलेश पांडेय ने किया।

## काले मुंह वाले बंदर से ग्रामीण भयभीत, कई को किया घायल

कसया, कुशीनगर। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बटेसरा में एक काले मुंह वाले बंदर के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। शनिवार की सुबह गोल बंद होकर ग्रामीणों ने बंदर को गांव की सीमा से बाहर खदेड़ा। जानकारी के अनुसार बंदर के हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं। शुक्रवार की सुबह बंदर के गांव पहुंचते ही घरों के किवाड़ लोगों ने बंद कर लिए। महिलाओं ने बच्चों को अपने घरों में छिपा लिया। तभी गांव के शाकिर को बंदर ने दौड़ा लिया। जिससे वह गिर पड़े। यह देख एकजुट हो ग्रामीण श्रवण गोंड, विनोद भारती, नत्थू यादव, संगम सिंह, अंगद गोंड, शम्भु यादव, परमजीत यादव, फारूक अंसारी सहित भारी संख्या में लोगों ने गोलबंद होकर बंदर को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह एक घर से दूसरे घर पर उछल कूद करते खूब छकाया। किसी तरह उसे गांव के सीवान से बाहर खदेड़ा। बंदर अबतक दर्जनों लोगों को घायल कर चुका है। बेलवा, धुरिया, गुरुम्हीया आदि गांवों में कई लोगों को घायल कर चुका है। बन दरोगा संतोष यादव ने बताया कि बंदर पकड़ने का मेरी नगर पालिका या ब्लॉक प्रशासन का है। इस संबंध में ग्राम प्रधान मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि बंदर को कई बार टीम बुलाकर पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन भाग गया। अभी गांव के सीमा से बाहर किया गया है। गांव में अगर आता है तो योजना बनाकर उसे पकड़ा जाएगा और जंगल में भेजा जाएगा।

## बौद्ध धर्मगुरु भिक्षु धर्मकीर्ति की पुण्यतिथि आज

कसया, कुशीनगर। बुद्ध मार्ग कुशीनगर स्थित भीम ज्योति बुद्ध बिहार में बौद्ध धर्मगुरु भदंत भिक्षु धर्मकीर्ति की 30 वीं पुण्यतिथि 2 अगस्त रविवार को मनेगी।

पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर शनिवार को बुद्ध बिहार में भगवान बुद्ध का विशेष पूजन अर्चन किया गया। बुद्ध बिहार के प्रमुख भिक्षु विमल कीर्ति और भिक्षु विनय कीर्ति ने देते हुए बताया कि सुबह नौ बजे से दस बजे तक त्रिरत्न वंदना और सूत्र पाठ, सुबह 11 बजे से 12 बजे तक भिक्षु संघ को भोजन दान, 12 बजे से एक बजे तक धम्म देशना, एक बजे से दो बजे तक सामूहिक भोजन, दो बजे से धम्म सभा के साथ समापन। भंते गण ने बताया कि इस आयोजन में कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, गोरखपुर, प्रदेश, बिहार और अन्य जगहों से भिक्षु और उपासक भाग लेंगे।

# उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें : डीएम



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों से संबंधित समस्याओं, रोजगार सृजन एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए उन्होंने उद्योग विभाग, विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि उद्योगों की स्थापना से जुड़े प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न किया जाए। भूमि उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, एनओसी एवं अन्य अनुमतियों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने के लिए लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, सीएमओ डॉ ए के गुप्ता, सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी, जीएमजीआईसी, उद्योग बंधु से जुड़े पदाधिकारी गण, आदि उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: 67 प्रकरणों की सुनवाई, 08 का मौके पर निस्तारण

जिला संवाददाता



कुशीनगर। शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण के उद्देश्य से तहसील हाटा में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 67 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 08 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 59 प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। प्राप्त प्रकरणों में राजस्व विभाग के 41 (07 निस्तारित, 34 अवशेष), पुलिस विभाग के 12, विकास विभाग के 04, समाज कल्याण विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 09 प्रकरण शामिल रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, आपसी रंजिश एवं अन्य संवेदनशील मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी हाटा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाटा तहसील में 100 एकड़ सरकारी भूमि चिन्हित

कुशीनगर। जनपद के विकास को गति देने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए तहसील हाटा के ग्राम पट्टन एवं ग्राम सोनबरसा में लगभग 100 एकड़ सरकारी भूमि चिन्हित की है। इस भूमि से फर्जी इंद्राज हटाकर पुनः सरकारी अभिलेखों में दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे भविष्य में शासन की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के लिए इसका उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने शनिवार को ग्राम पट्टन स्थित गाटा संख्या-59मि एवं गाटा संख्या-8 (कुल लगभग 78 एकड़) तथा ग्राम सोनबरसा स्थित गाटा संख्या-156 (लगभग 21 एकड़) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि पूर्व में एक प्रकरण की जांच में यह तथ्य सामने आया था कि ग्राम पट्टन की उक्त भूमि का अधिकांश भाग वर्तमान में भूमिधरी के रूप में प्रयोग किया जा रहा है, जबकि वर्ष 1323 फसली बंदोबस्त के अभिलेखों में दोनों गाटे धूस (सरकारी भूमि) के रूप में दर्ज थे। वहीं ग्राम सोनबरसा का गाटा संख्या-156 वर्तमान में खाली है तथा अभिलेखों में धूस के नाम से दर्ज है। मामले की विस्तृत जांच कर फर्जी इंद्राज निरस्त कराने तथा भूमि को पुनः धूस के रूप में दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान भूमि की वर्तमान स्थिति, ड्रोन सर्वे, सीमांकन, अभिलेखीय विवरण एवं उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि से जुड़े सभी राजस्व अभिलेखों का गहन परीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाए, ताकि शासन स्तर पर प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि यह भूमि प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए उपयुक्त पाई जाती है, तो इससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी तथा स्थानीय नागरिकों को रोजगार, आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं का व्यापक लाभ प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कवि मोती बीए की 107वीं जयंती मनायी गयी

जिला संवाददाता




बरहज,देवरिया। साहित्यकार मोती बीए की जयंती उनके निवास स्थान बरहज में मनाई गयी। कार्यक्रम में अध्यक्ष कतरी आश्रम की कथा वाचिका साध्वी रिद्धिमा रही। मुख्य अतिथि नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र कुमार दीक्षित रहे। विशिष्ट अतिथि कैप्टन वीरेंद्र सिंह रहे। सम्मानित अतिथि दयाशंकर कुशवाहा, गीतकर सौदागर सिंह, रामेश्वर प्रसाद यादव रहे। मुख्य अतिथि इंद्र कुमार दीक्षित ने कहा ने कहा कि मोती बीए सरयू के एक रत्न थे। कार्यक्रम अध्यक्ष साध्वी रिद्धिमा ने मोती बीए की वाणी वंदना की आध्यात्मिक व्याख्या की। सौदागर सिंह ने उनपर अपनी कविता पढ़ी। आने वाले साहित्यकारों में सर्व श्री कौशल किशोर मणि, जीतेन्द्र भारत, रमेश सिंह दीपक, छेदी प्रसाद गुप्त विवस, रामेश्वर प्रसाद यादव, डॉक्टर हरिश्चन्द्र मिश्रा, रमेश तिवारी अनजान, नरेंद्र उपाध्याय, माहिर विचित्र जी, रत्नेश रतन, दयाशंकर कुशवाहा, लालता प्रसाद चौधरी, नरेंद्र उपाध्याय, रंजीता श्रीवास्तव, पार्वती देवी गौरा, क्षमा श्रीवास्तव, प्रार्थना राय, कीर्ति त्रिपाठी, प्रीति पाण्डेय, बन्दना मिश्रा ने इस कार्यक्रम में काव्य पाठ किया। श्री मोती बीए के इस जयंती कार्यक्रम में श्री मोतीलाल वेलफेयर सेवा ट्रस्ट द्वारा दिवंगत विभूतियां की याद में सम्मान पत्र भी कवि और साहित्यकारों को दिया गया। इस कार्यक्रम में कवि राम परीक्षण तिवारी सम्मान, कवि कुसुम बंधु सम्मान, कवि डॉक्टर परमानन्द उपाध्याय सम्मान, पंडित ज्वाला प्रसाद पांडे अनल जी सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जगदीश नारायण मालवीय सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वनाथ त्रिपाठी सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंश बहादुर मल्ल सम्मान, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी सम्मान, डॉ महेंद्र नाथ पांडे सम्मान, जवाहर लाल उपाध्याय सम्मान, आचार्य महेंद्र शास्त्री सम्मान, सम्पदा सम्मान, पैजनी सम्मान, मोती बीए साहित्य शिरोमणि सम्मान, सरयू रत्न सम्मान, शब्द शिल्पी शिरोमणि सम्मान, लक्ष्मी देवी सम्मान, छांगुर त्रिपाठी सम्मान सुधाकर मणि त्रिपाठी सम्मान, ध्रुव जी द्विवेदी सम्मान, साहित्य सृजन सम्मान, रचना प्रभा सम्मान, काव्य नवनीत सम्मान, लेखक रत्न सम्मान, साहित्य क्षितिज सम्मान भिन्न भिन्न कवियों को दिए गए। इस कार्यक्रम में संपदा संग्रह ऐप पर श्री मोती बीए की पुस्तकों को नेट पुस्तक के रूप में प्रस्तुत कर उसका विमोचन किया गया। संचालन अंजनी उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में शम्भू दयाल भारती, रवींद्र पाल, सुशील उपाध्याय, नरेंद्र उपाध्याय, दिनेश, भास्कर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को मिला टेबलेट, 90 प्रतिशत से ऊपर वालों को स्मार्ट वॉच

देवरिया। सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया खास, देवरिया में शनिवार को बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि देवरिया के अपर जिला अधिकारी श्री प्रेम कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा, प्रबंधक श्री बैकुंठनाथ कुशवाहा, प्रधानाचार्य श्री मान बहादुर सिंह, आचार्यगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेकार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री प्रेम कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अनुशासन, सतत परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण ही विद्यार्थियों को ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों को भी जीवन में अपनाने का आह्वान किया तथा विद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की परंपरा की सराहना की।

सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन मेधावी विद्यार्थियों को एक-एक टेबलेट तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 24 विद्यार्थियों को एक-एक स्मार्ट वॉच प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की।विद्यालय के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करना है। प्रधानाचार्य श्री मान बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष बल देता है।

## शुगर मिल एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों ने किसानों को दी अच्छी फसल की जानकारी

धामपुर, बिजनौर। शुगर मिल धामपुर एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रुप से गन्ने की फसल में ड्रोन स्प्रे प्रदर्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी ब्रजेश कुमार पटेल ने गन्ने की फसल पर किए जा रहे ड्रोन स्प्रे का निरीक्षण किया। वहीं धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा ने गन्ना की खेतों में खडी फसल का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया जिला गन्ना अधिकारी ब्रजेश कुमार पटेल ने किसानों से कहा कि सट्टा प्रदर्शन के दौरान अपने बेसिक कोटा, कृषि योग्य भूमि, गन्ना क्षेत्रफल, पेडी एवं पौधा, बैंक खाता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर सहित सभी विवरणों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई दे तो तत्काल अपने गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे। जिला गन्ना अधिकारी ब्रजेश कुमार पटेल ने किसानों से सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी एवं लाभप्राप्त करने के लिए किसान सहकारी गन्ना समिति के अधिकारियों से संपर्क करें। सहकारी गन्ना समिति धामपुर के सभापति मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने बताया कि ग्राम मोरना में किसानों की सुविधा के लिए गोदाम की व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। अब किसानों को कीटनाशक, फफूंदीनाशक, उर्वरक एवं अन्य कृषि सामग्री के लिए समिति के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। गन्ना विकास निरीक्षक ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अधिकारियों ने चीनी मिल द्वारा गन्ने की फसल पर किए जा रहे ड्रोन स्प्रे का निरीक्षण कर आधुनिक तकनीक के उपयोग की सराहना की तथा किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चैहान, लाल बहादुर सिंह, अवधेश कुमार सहित भारी संख्या में किसान एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण

भटनी (देवरिया)। स्थानीय विकासखंड के बलुआ अफगान स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र की सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण ने स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। उपकेंद्र के मुख्य प्रवेश मार्ग और परिसर में अतिक्रमण होने से मरीजों, तीमारदारों और एंबुलेंस के आवागमन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार उपकेंद्र के मुख्य द्वार और एप्रोच मार्ग पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। अस्पताल परिसर के समीप दुकानें संचालित की जा रही हैं, वहीं पशुओं को बांधने तथा गोबर आदि रखने से परिसर की स्थिति और बदतर हो गई है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल परिसर में खड़े होने तक की पर्याप्त जगह नहीं मिल रही है।

# शिलापट पर धनराशि और क्षेत्रफल के बयान ईओ की कार्य प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

## क्या ईओ को नियमों की जानकारी नहीं है या फाइलों में पल रहे भ्रष्टाचार को छिपाने का सुनियोजित खेल

बृजबिहारी त्रिपाठी




कुशीनगर। प्रशासनिक गलियारों में इन दिनों कुशीनगर नगर पालिका परिषद चर्चा का केंद्र बनी हुई है। चर्चा विकास कार्यों को लेकर नहीं, बल्कि यहाँ के जिम्मेदार के उन बयानों को लेकर है जो धरातलीय सच्चाइयों और शासन के स्पष्ट निर्देशों का सीधा मजाक उड़ा रहे हैं।

नगर पालिका के ईओ के बयानों में जो विरोधाभास सामने आया है, उसने न केवल सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि आम जनता के बीच यह संदेश भी पैदा कर दिया है कि महकमे में सब कुछ ठीक नहीं है। सवाल यह है कि आखिर यह विरोधाभास क्यों है? क्या

● शासन के निर्देशों और ईओ के बयान में विरोधाभास

जिम्मेदार अधिकारी शासन की प्राथमिकताओं और गाइडलाइंस से कोसों दूर हैं, या फिर निदेशों और नियमों की जानबूझकर की जा रही अवहेलना है? सवाल यह है कि क्या यह अंतर्विरोध नगर पालिका के भीतर दीमक की तरह फैले व्यापक भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को परदे के पीछे छिपाने का कोई सुनियोजित खेल तो नहीं है?

### क्या है पूरा मामला

नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 13 राम जानकी नगर स्थित गोला बाजार सब्जी मंडी के सौंदर्यीकरण में 15वें राज्य वित्त आयोग के तहत वर्ष 2025-26 में हुए इस निर्माण कार्य (चबूतरा, सीसी रोड और शेड) के स्थल पर दो शिलापट्ट लगाए गए हैं, लेकिन दोनों से ही कार्य की कुल धनराशि और दूरी/ क्षेत्रफल पूरी तरह गायब है। सूत्र बताते हैं कि इस कार्य पर लगभग 85 लाख रुपये खर्च हुए हैं, जिसे नगर प्रशासन द्वारा छिपाया जा रहा है।

### शासन के निर्देश पर ईओ का अजीब तर्क

जब इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला से सवाल किया गया कि शिलापट्टों पर धनराशि और दूरी/क्षेत्रफल क्यों नहीं लिखा गया है, तो उनका जवाब बेहद हैरान करने वाला था। ईओ ने कहा कि ?यह शिलापट्ट केवल शिलान्यास और लोकार्पण का होता है, उसपर निर्माण कार्य की धनराशि और दूरी/क्षेत्रफल नहीं लिखा जाता है।

केवल मिशन के कार्यों (जैसे स्वच्छ भारत मिशन) पर गाइडलाइन के मुताबिक लागत और क्षेत्रफल लिखा जाता है, इस पर केवल जनप्रतिनिधियों के नाम और कार्यदायी संस्था रहती है।

### नियमों की खुली अवहेलना से आ रही भ्रष्टाचार की बू

अधिशासी अधिकारी का यह बयान शासन के स्पष्ट दिशा-निदेशों के ठीक विपरीत है। उत्तर प्रदेश वित्तीय नियम संग्रह और लोक-धन व्यय के नियमों के अनुसार, किसी भी सार्वजनिक निर्माण कार्य के स्थल पर योजना का नाम, स्वीकृत कुल लागत, भौतिक माप (लंबाई, चौड़ाई, क्षेत्रफल) और कार्यदायी संस्था का विवरण लिखना अनिवार्य होता है। ईओ के इस गैर-जिम्मेदाराना बयान से यह साफ जाहिर होता है कि या तो उन्हें शासन की गाइडलाइन की कोई जानकारी नहीं है, या फिर यह वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को छिपाने की एक सोची-समझी साजिश है। यदि सार्वजनिक धन से होने वाले कार्यों में इस तरह की गोपनीयता बरती जाएगी, तो शासन-प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की पुरानी शैली

?जानकारों को मानें तो यह विरोधाभास महज लापरवाही का परिणाम नहीं हो सकता। यह उस गहरी मिलीभगत की ओर इशारा करता है, जहाँ कागजों पर विकास दिखाया जाता है और हकीकत में सरकारी धन का बंदरबाँट होता है।

जब कभी मीडिया या जनता द्वारा कड़े सवाल पूछे जाते हैं, तो अधिकारियों के पास रटे-रटाए और विरोधाभासी बयानों के सिवा कुछ नहीं बचता। बयान में यह विरोधाभास इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है। एक तरफ शासन भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का ढिंढोरा पीटता है, तो दूसरी तरफ ऐसे अधिकारी अपनी कुर्सियों पर बैठकर मनमाने तरीके से फाइलों को इधर-उधर करने में जुटे हैं।

# डीएम ने देखीं दुद्धी क्षेत्र की अनेक परियोजनाएं



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को तहसील दुद्धी स्थित आवासीय परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी दुद्धी को आवासीय परिसर की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु तत्काल एस्टीमेट तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जा सके। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए परिसर में प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के भी निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, दुद्धी में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि सितंबर माह तक गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्रावास का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। छात्रावास परिसर में रिक्त स्थान पर बैडमिंटन कोर्ट विकसित कराने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय एवं ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि शेष कार्य पूर्ण कर एक सप्ताह के भीतर ट्रांजिट हॉस्टल को हैंडओवर कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। छात्रावास में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भाऊराव देवरस महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी भी निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी अथवा लापरवाही पाई गई तो संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम व एसपी ने घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल



सोनभद्र। सम्पूर्ण समाधान दिवस, दुद्धी में प्रतिभाग करने के लिए जाते समय गुरमुरा के समीप सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को देखकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया।

दोनों अधिकारियों ने तत्काल अपना काफिला रुकवाकर घायल व्यक्ति का हालचाल जाना और बिना किसी विलंब के अपने स्कॉर्ट वाहन से उसे निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाकर उपचार सुनिश्चित कराया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायल व्यक्ति को आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं तथा उपचार में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों अधिकारियों की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की।

संक्षेप

### लोहे की रॉड से पीटा, दी जान से मारने की धमकी

मड़िहान, मीरजापुर। थाना मड़िहान क्षेत्र में काम पर जा रहे एक दलित युवक को रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटने और जातिसूचक गाली देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रामपुर तैतीस, पोस्ट देवपरा निवासी सारदा देवी पत्नी गुड्डू सोनकर ने बताया कि उनका बेटा गोलू 31 जुलाई 2026 को दारानगर काम के लिए जा रहा था। आरोप है कि गांव के ही जेलर यादव और उसका बेटा अज्ञात मन्नू यादव ने रास्ते में उसे रोक लिया। दोनों ने पहले गाली-गलौज की, फिर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट शुरू कर दी। हमले में गोलू को कई जगह गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया और धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी आए दिन परिवार को परेशान करते रहते हैं। घटना के बाद पूरा परिवार दहशत में है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मड़िहान पुलिस ने शारदा देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया। थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घायल युवक का मेडिकल कराया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी

### हर आयुष संस्थान में बनेगा चरक वनः दयालु

वाराणसी। प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयुष विभाग प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण अभियान चलाएगा। इसके तहत प्रदेश के सभी आयुष चिकित्सालयों एवं महाविद्यालयों में 2.07 लाख से अधिक औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। डॉ. दयालु ने बताया कि जिन राजकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों तथा 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालयों में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, वहां 'चरक-वन' विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा सभी राजकीय आयुष चिकित्सालयों की बाउंड्रीवाल के किनारे हरित पट्टी विकसित करने के लिए पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेगा।

### शैक्षिक उन्नयन पर बैठक

पलियाकलां खीरी। विद्यालय के सभागार में समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एक बैठक शैक्षिक उन्नयन व अनुशासन चुस्त दुरुस्त बनाए रखना के लिए विद्यालय के प्रबंधक गोविंद गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय में समय पर विद्यार्थियों की उपस्थिति आदि के संदर्भ में विद्यालय के प्रबंधक गोविंदराम द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डोरी लाल भार्गव भी उपस्थित रहे। प्रबंधक जी ने कहा कि विद्यालय की छवि जनपद में बेहतरीन विद्यालय की रही है। सभी शिक्षकों शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिभावकों का फर्ज बनता है कि विद्यालय की छवि इसी प्रकार और अच्छी बनाने का प्रयास करें।

## हिंडालको में रामलीला का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

रेणुकूट,सोनभद्र। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामलीला मंचन 2026 के सफल आयोजन एवं मंगलमय शुभारंभ की कामना के साथ हिंडाल्को रामलीला परिषद के परिसर में विधि-विधान से भगवान श्रीराम का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर हिंडालको रेणुकूट के यूनिट हेड समीर नायक एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह ने भगवान श्रीराम की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा रामलीला मंचन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए समीर नायक ने कहा कि हिंडाल्को रेणुकूट की रामलीला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे हिंडालको परिवार की गौरवशाली परंपरा और सोनभद्र जनपद की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है। यह आयोजन श्रद्धा, समर्पण, संस्कार और सामाजिक एकता का प्रतीक है। रेणुकूट की रामलीला से प्रेरणा लेकर आज रेणुसागर, महान तथा ओडिशा में भी रामलीला मंचन की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

वहीं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह ने कलाकारों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रममलीला का मंचन करना ही हमारा अंतिम उद्देश्य नहीं है, बल्कि भगवान श्रीराम के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं, आदर्शों, मयार्दा, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भाव को अपने जीवन में उतारना भी उतना ही आवश्यक है। रामलीला हमें सत्य, त्याग और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम के दौरान श्री रामलीला परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष अजय सिन्हा, सचिव आदित्य प्रकाश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा, वित्त प्रमुख विजॉय सिंह, सेफ्टी हेड जयश्री तिवारी, आईटी हेड सुनील कांत पांडेय, टाउनशिप हेड राजेश तिवारी, जनसंपर्क विभाग प्रमुखयशवंत कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, रामलीला परिषद के पदाधिकारी, कलाकार उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन भगवान श्रीराम के जयघोष एवं रामलीला मंचन सफलता की मंगलकामनाओं के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने रामलीला की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने तथा नई पीढ़ी तक इसके आदर्शों को पहुंचाने का संकल्प लिया।

## नर्स से बलात्कार मामले में अस्पताल संचालक और उसके बेटे पर मुकदमा

जिला संवाददाता(vol)

भदोही। जिले में एक आयुर्वेद अस्पताल एवं पंचकर्म केंद्र में एक नर्स से दुष्कर्म के मामले में चिकित्सालय के संचालक, उसके बेटे तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि गोपीगंज थाना क्षेत्र स्थित धन्वन्तरि आयुर्वेदिक अस्पताल एवं पंचकर्म केंद्र के संचालक हरि शंकर त्रिपाठी, उसके बेटे अभिषेक त्रिपाठी तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 (शादी के झूठे वादे या धोखे से शारीरिक संबंध बनाना), 238 (अपराध के साक्ष्य मिटाना या अपराध को बचाने के लिए झूठी जानकारी देना), 239 (अपराध की जानकारी जानबूझकर छुपाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल संचालक हरि शंकर त्रिपाठी के बेटे अभिषेक पर अपने चिकित्सालय में काम करने वाली एक नर्स को शादी का झांसा देकर पिछले नौ माह के दौरान उससे 20 बार बलात्कार करने का आरोप है।

त्यागी ने बताया कि 25 वर्षीय नर्स का आरोप है कि जब उसने आरोपी के पिता और अस्पताल संचालक त्रिपाठी से शिकायत की तो उसने उसे चुप रहने की धमकी दी।

पुलिस अधीक्षक ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि गत 30 जुलाई की देर शाम अभिषेक कुछ अज्ञात लोगों के साथ अस्पताल पहुंचा और नर्स से कहा कि वह अस्पताल से चली जाए नहीं तो वह उसे तथा उसकी आठ साल की बेटी को जान से मार देगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा के रोहतक जिले की रहने वाली नर्स की मेडिकल जांच कराई गई है तथा अदालत में उसका बयान दर्ज कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल संचालक हरि शंकर त्रिपाठी और उसका बेटा अस्पताल बंद करके फरार हो गये हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## लोकतंत्र में असहमति को अपराध बनाया जा रहाः अजय राय

सीतापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को सीतापुर पहुंचकर भाजपा सरकार पर एक साथ कई मोर्चों पर तीखा हमला बोला। सांसद राकेश राठौर के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सवालों का जवाब देने के बजाय उन पर मुकदमे दर्ज कराकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र में असहमति को अपराध बनाया जा रहा है। अजय राय ने कहा कि देश का युवा बेरोजगारी, पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और रोजगार के संकट से जूझ रहा है, लेकिन सरकार समाधान देने के बजाय विरोध करने वाले छात्रों पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि जब युवा अपने अधिकारों की बात करता है तो उसे मुकदमों और पुलिसिया कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस ऐसे छात्रों और युवाओं के संघर्ष में पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है। कथित ह्यचंदा चोरीह्य प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि मामले में केवल छोटे कार्यकताओं को निशाना बनाया गया, जबकि बड़े नामों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि जांच निष्पक्ष है तो कानून सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत के हालिया बयान पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है, लेकिन यदि सत्ता पक्ष का कोई नेता या सांसद युवाओं के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ भी समान कार्रवाई होनी चाहिए। कानून का पैमाना सत्ता और विपक्ष के लिए अलग-अलग नहीं हो सकता।

## एक माह से बिजली आपूर्ति प्रभावित, ग्रामीणों का प्रदर्शन



म्योरपुर, सोनभद। विकास खंड म्योरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडाडीह के चंद्रभान नगर में 25 केवी के विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण पिछले लगभग एक माह से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जेई और एसडीओ को सूचना देने तथा शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण मोहल्ले के कई घरों में बिजली नहीं पहुंच रही है। लगातार बिजली बाधित रहने से पेयजल की व्यवस्था, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से अविलंब समस्या का समाधान कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में विद्युत विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

प्रदर्शन में ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार, संपत मेहंदी, बबलू, अनंत यादव, आफताब हुसैन, राजेंद्र रवानी, सफीक अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।इस संबंध में विद्युत विभाग के एसडीओ शिवम गुप्ता ने बताया कि ट्रांसफार्मर सही है। केवल एक खूंटी (फेज) से सप्लाई नहीं निकल रही है, जबकि अन्य फेज से बिजली आपूर्ति चालू है। जिस फेज में समस्या है, उसे भी जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

## संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम, एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद

जिला संवाददाता



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अगस्त महीने के प्रथम शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये।

श्री गौड़ ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा उप जिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता ने 89 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये।

रावर्टसगंज में उप जिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 85 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 75 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार पासवान, तहसीलदार ने शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार पासवान व तहसीलदार ओबरा आदि ने 86 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 07 मामले निस्तारित हुए, बाकी 79 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी घोरावल, तहसीलदार घोरावल आदि ने 65 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 57 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## जनार्दन मिश्रा का जीवन संगठन को समर्पित थाः रमापति त्रिपाठी

महोली/सीतापुर। पूर्व सांसद स्वः श्री जनार्दन मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि ब्लिस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा रमापति त्रिपाठी ने स्वः श्री जनार्दन मिश्रा के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। शनिवार को सीतापुर से पूर्व सांसद रहे स्वः जनार्दन मिश्रा की पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग राजेश वर्मा, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, नैमिष रत्न तिवारी, सागर गुप्ता सहित गणमान्य नागरिकों ने चित्र सम्मुख श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की आयोजिका रानू मिश्रा द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमापति त्रिपाठी ने कहा कि स्वः जनार्दन मिश्रा का जीवन संगठन को समर्पित था। उन्हें जो दायित्व सौंपा गया उसका ईमानदारी से पालन किया। मेरे प्रदेश अध्यक्ष रहते मैंने उनको क्षेत्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी ।हम लोगों ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। अब देश के अंदर जो दल हैं वह या तो परिवारवाद या व्यक्ति विशेष के लिए काम कर रहे हैं। इस समय 22 राज्यों में सभी समाज के नेता मौजूद हैं। हमारी सरकार ने अंतिम पावदान पर बैठे व्यक्ति को सुविधा देने का काम किया है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि राजनीति में यह संभव नहीं है कि हमने किसको हराया इसका फैसला जनता करती है। जब मैंने 2014 में भाजपा ज्वाइन की थी तो मैं सबसे पहले स्वः, जनार्दन मिश्रा का आशीर्वाद लेने गया था। उनके आदर्शों पर चलते हुए हम सभी को ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने कहा कि हम लोगों ने स्वर्गीय जनार्दन मिश्रा को 1985 में जिताया ।1989 में यह सीट जनता दल के खाते में चली गई। 1991 में फिर मौका मिला और काफी वोटो से जीत हुई। 1996 में स्वः जनार्दन मिश्रा हार गए। उसके बाद 1998 में वह जीते। 1999, 2004 का चुनाव कम अंतर से हार गये ।इसके बाद उन्होंने 2009 में चुनावी राजनीति से अपने को अलग कर लिया। उन्होंने पद पर रहते हुए ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य किया। मुख्य अतिथि के द्वारा स्वः जनार्दन मिश्रा पर लिखी पुस्तक ह्यह्यजनता के जनार्दन ह्यह्यका विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष तरुण शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर अवधेश वर्मा, प्रसाद मिश्रा, विशंभर तिवारी, आशीष मिश्रा, रामकुमार शुक्ला ,श्रीकांत मिश्रा, हरिकरन दीक्षित, आदित्य दीक्षित सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मछली मारने गये अधेड़ को मगरमच्छ ने किया लहूलुहान

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करगरा मे शनिवार को सुबह 6 बजे मछली पकड़ने गए 60 वर्षीय अधेड को मछली पकड़ने के दौरान आठ फिट लम्बा विशाल काय मगरमच्छ ने अपने जबड़े मे जकड़ लिया मगरमच्छ का निवाला बन रहे अधेड ने शोर मचाया शोर सुन मौके पर गाँव के अरविंद्र, जितन, लालू ने मौके पर पहुंच लाठी डंडे से मगरमच्छ को मारा इस दौरान बुरी तरह जख्मी कर चूका मगरमच्छ अधेड को छोड़ दिया ग्रामीणों ने उसे पानी से निकाल ग्राम प्रधान फूल कुमार को सुचना दिया। ग्राम प्रधान कि सुचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने लहू लुहान बृद्ध को सीएचसी चोपन भर्ती कराया जहाँ उपस्थित डाक्टर अर्जुन कुमार द्वारा प्रथम उपचार किया गया। इलाज कर रहे डाक्टर ने बताया कि मगरमच्छ के हमाले से लल्लू केवट पुत्र राम प्यारे 60 वर्ष बुरी तरह घायल था कि जगह टाके लगाए गये है स्थिति गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए बृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वही घायल जोगिंदर बुलेन्दर ने वन विभाग से उचित मुआवजे कि मांग कि है। समाचार लिखें जाने तक चोपन पुलिस मौके पर पहुंच जाँच मे जुट गयी थी।

## रौ.वै.म. के प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ. ए. के. गुप्ता , लोगों में खुशी की लहर



डाला सोनभद्र-अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा द्वारा डा ए के गुप्ता (रौनियार) युवा समाजसेवी एवं संस्थापक/अध्यक्ष, ऑल इंडिया रौनियार वैश्य समाज सोनभद्र उत्तर प्रदेश को नई जिम्मेदारी देते हुए उत्तर प्रदेश का राज्य का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त जाने पर रौनियार समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डा ए के गुप्ता (रौनियार) ने अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय कमेटी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, एवं समस्त पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को नई दिशा देने में उत्तर प्रदेश राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, ताकि समाज के लोगों को उनका हक अधिकार एवं युवाओं को सम्मान, राजनीति भागीदारी हिस्सेदारी मिल सके। समाज के हित की लड़ाई सभी कोई मिलकर लड़ सके, इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य के सभी जिलों में जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा ताकि प्रदेश के समस्त जिलों शहरों गांव गांव में समाज की आवाज बुलंद हो सके और राजनीति के क्षेत्र में समाज के लोग मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।श्री रौनियार ने जोर देते हुए कहा कि रौनियार समाज के लोगों का बहुत ही शोषण उत्पीड़न हो रहा है, समाज के लोगों एवं व्यवसाईयों को परेशान किया जा रहा है, समाज के लोगों की बात कही नहीं सुनी जा रही है, छोटे-छोटे मामलों में समाज के लोगों को फसाए जाने की धमकी दी जाती है जिससे समाज के लोगों में काफी भय व्याप्त है।श्री रौनियार ने कहा कि रौनियार समाज के लोगों के साथ केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में रौनियार समाज ओबीसी में आता है और केंद्र में सामान्य है यह कैसा न्याय है. ! रौनियार समाज द्वारा केंद्र सरकार से बार-बार मांग किया जा रहा है कि राज्य में ओबीसी है तो उसको केंद्र में भी लागू किया जाए। किंतु समाज के लोगों की एक भी नहीं सुनी जा रही है। न ही समाज के लोगों को उनका हक व अधिकार मिल रहा है। समाज के हक व अधिकार के लिए रौनियार समाज द्वारा पूरे प्रदेश में जनसंपर्क अभियान तेज कर जल्द ही इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाएगा ताकि समाज के लोगों को न्याय मिल सके। बधाई संदेश देने वालों में शिव शंकर रौनियार, राम सहाई रौनियार, मनिलाल, संजय गुप्ता रौनियार, संगम लाल, सचिन गुप्ता, चंदन गुप्ता, राजू गुप्ता, श्याम बिहारी, उमाशंकर आदि लोगों ने बधाई दी।

## विकास कार्यो में गुणवत्ता से समझौता नहीं

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित विभागों को निर्माण कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा ।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमापुर के पुनर्निर्माण कार्य का गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए। वहीं त्रिलोचन महादेव मंदिर को दिव्य एवं भव्य स्वरूप देने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने को कहा। रासमंडल स्थित हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा परिसर में फिनिशिंग और हरियाली विकसित करने के निर्देश भी दिए ।उन्होंने इंदिरा गांधी स्टेडियम में महिला शौचालय और स्विमिंग पूल को क्रियाशील रखने तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी को स्टेडियम के समुचित रखरखाव के निर्देश दिए। साइबर थाना भवन के निर्माण की गुणवत्ता जांच कराने के भी निर्देश दिए गए ।बैठक में उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए उनके विरुद्ध उच्च स्तर पर पत्र भेजने के निर्देश दिए। शीतला चौकियां मंदिर के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर भी उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा ।जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा विभाग की परियोजनाओं की अलग से विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को नियमित स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और पूर्ण परियोजनाओं को जनहित में जल्द संचालित करने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी , जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इनामी बदमाश को बचाने के आरोप में वरिष्ठ उपनिरीक्षक निलंबित, निरीक्षक लाइन हाजिर

बदायूं। गाजियाबाद जिले के एक चर्चित हत्याकांड के आरोपी को बचाने के आरोप में बदायूं पुलिस के दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि बिनावर थाने के निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ को लाइन हाजिर किया गया है जबकि वरिष्ठ उपनिरीक्षक बलवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया है ।पुलिस सूत्रों ने बताया कि गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर क्षेत्र में पिछले माह 12 एवं 13 जुलाई की दरम्यानी रात विपिन प्रजापति नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी थी और इस मामले में 20 हजार के इनामी आरोपी सोनू की पुलिस को तलाश थी ।उन्होंने बताया कि आरोप है कि सोनू ने सिद्धार्थ और सिंह से सांठ-गांठ कर ली तथा 23 जुलाई को एक अन्य मामले में खुद को गिरफ्तार करवाकर जेल चला गया ताकि हत्या के मामले से बच सके। सूत्रों ने बताया कि इस गिरफ्तारी के समय पुलिस ने उसका नाम सोहनपाल उर्फ सूजल बताया था ।गाजियाबाद पुलिस से रिपोर्ट मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिषेक सिंह से जांच कराई तो सामने आया कि दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया युवक वही सोनू है जो हत्या के मामले में फरार था ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार देर रात मामले की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सिद्धार्थ को लाइन हाजिर कर दिया गया है और सिंह की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक (देहात क्षेत्र) हृदयेश कठेरिया को पूरे मामले की विस्तृत जांच का काम सौंपा गया है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र की रतिराम कॉलोनी के आजाद प्रजापति के मुताबिक मोटरसाइकिल का हॉर्न बजाने को लेकर विवाद हुआ था और इसी बात पर आरोपी सोनू ने विपिन के पेट में दो गोलियां मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी।

## राहुल गांधी पर दर्ज मुकदमा राजनीतिक कार्रवाईः अजय राय

हरदोइ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमों को राजनीतिक कार्रवाई बताते हुए इसकी आलोचना की। साथ ही भाजपा सांसद कंगना रनौत के कथित बयान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की ।श्री राय सड़क दुर्घटना में घायल कांग्रेस के हरदोई जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे का हालचाल जानने उनके आवास पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने वाराणसी में राहुल गांधी, पप्पू यादव और अन्य नेताओं पर दर्ज मुकदमों को लेकर कहा कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य ₹चढ़ावा चोरी₹ के मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाना है।

संक्षेप

## हादसे के 6 दिन बाद घायल ने तोड़ा दम

**बांदा।** नीलगाय से बाइक टकराने से घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के आठ दिन बाद कानपुर में किसान ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के टोलाकला गांव निवासी 60 वर्षीय रामकरन वर्मा 24 जुलाई को बबेरू से बाइक से घर लौट रहे थे।

गांव के पास अचानक सामने आई नीलगाय से बाइक टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

वहां से चिकित्सकों ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेज दिया। कुछ दिन इलाज के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए।

वहां उपचार के दौरान शुक्रवार शाम उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। शनिवार को परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# समाधान दिवस में आई शिकायतों का प्रमुखता से करें निस्तारणः जिलाधिकारी



जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 40 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को तहसील नगीना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों को समस्त अधिकारी गंभीरतापूर्वक लें क्योंकि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता जानी जाती है। उन्होंने भूमि व राजस्व विवाद से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एम0एम0 इंटर कॉलेज नगीना की छात्राओं ने अपने विद्यालय में स्टेडियम की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी ,जिलाधिकारी ने स्कूली छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्हें नाश्ता करवाया व आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा कि अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक होती है। जिन मामलों में नियम अनुसार कार्यवाही नहीं की जा सकती है उस संबंध में शिकायतकर्ता को अवश्य सूचित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चक रोड पर अवैध कब्जा को हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 40 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 37 के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे, उप जिलाधिकारी नगीना प्रिंस कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में करें शिकायतों का निस्तारण

फतेहपुर। तहसील खागा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनसमस्याओं की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम का सार और उपस्थितिखागा तहसील परिसर तहसील सभागार में शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के अलावा खागा उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्रधिकारी, नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनसमस्याओं की सुनवाई और निर्देश डीएम और एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सीधे सुनीं और प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के लिए विभाग-वार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए, आवश्यक स्थलों पर मौका निरीक्षण किया जाए और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भूमि-राजस्व, पेंशन, आवास, मनरेगा, सिंचाई, विकास कार्य आदि से जुड़ी शिकायतों में समन्वय बनाए रखने और समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## समाधान दिवस में मिली 77 शिकायतें, आठ निपटीं



**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दोपहर लगभग 12:40 बजे सदर तहसील पहुंचते ही तहसीलदार सदर विकास पांडेय ने उनकी अगवानी गेट पर की। जिलाधिकारी के आगमन की सूचना पर तमाम फरियादी पुनः अपनी समस्या सुनाने को जुट गए। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए कहा कि निस्तारण ऐसा हो कि दोबारा पीड़ित को भटकना न पड़े। कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 69 प्रकरणों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई को जिम्मेदारों को दिया गया। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि सभी मामलों में निष्पक्ष जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, पंचायत, विद्युत, जल संस्थान, नगर निकाय, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## साधुओं के अपमान पर बिफरी हिंदू महासभा

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई ? बैठक में संगठन मजबूती के साथ-साथ कल विपक्षी सांसदों द्वारा संसद भवन के बाहर केसरिया वस्त्र पहनकर साधु भेष में जो नाटक व स्वांग रचा गया है उस से,सनातन समाज की भावनाएं आहत हुई है हिंदू महासभा विपक्ष द्वारा इस नौटंकी की कटु निंदा करती है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी सांसदों के इस कृत्य से हिंदुओं की भावनाएं आहत होने के साथ-साथ केसरिया व संत समाज का अपमान हुआ है।

घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसदों ने जो साधु समाज को दान चोरी में शामिल रहने का दिखाने का जो प्रयास किया है, जबकि दान चोरी से संतों का कोई लेना देना ही नहीं है। हमारी सनातन संस्कृति व संतों का अपमान करने का कुत्सित प्रयास किया गया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, अभी पिछले दिनों सत्ताधारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के लखनऊ आगमन पर भी उनके वाहन के आगे आगे पवन पुत्र हनुमान के भेष में चलना तथा नारे लगाना भी निंदनीय तथा शर्मनाक था। यदि किसी के अंदर इतना साहस व हिम्मत है तो वह किसी मौलवी या पादरी के कपड़े पहन कर उन धर्मों का मजाक उड़ाए।

# विधायक की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न




**बहराइच 01 अगस्त।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह अगस्त 2026 के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा की उपस्थिति में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीडी एग्री विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में प्राप्त 65 प्रार्थना-पत्रों में से 08 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील कैसरगंज में प्राप्त 98 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 06, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 42 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 48 के सापेक्ष 02, महसी में प्राप्त 24 के सापेक्ष 03 व पयागपुर में प्राप्त 59 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 07 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। थाना तालबेहट पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी की पहचान ग्राम करेंगा निवासी रविन्द्र अहिरवार पुत्र सुमरथ अहिरवार के रूप में हुई है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना तालबेहट में तहत धारा 85, 80(2) बीएनएस तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 में मुकदमा दर्ज है। यह मामला 25 मई 2026 को पीड़िता पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान आरोपी रविन्द्र अहिरवार की संलिप्तता सामने आने पर वह वांछित चल रहा था। पुलिस ने 31 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय में पेश किया।,

# विकास परियोजनाओं का विधायक ने किया लोकार्पण और शिलान्यास

जिला संवाददाता

**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने लगभग 4.30 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने विकासखंड महुआ, बड़ोखरखुर्द के अंतर्गत लगभग 4.30 करोड़ की विभिन्न जनकल्याणकारी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। प्रथम चरण में

● महुआ व बड़ोखर ब्लाक के कई गांवों में आयोजित हुए कार्यक्रम

विकासखंड महुआ के अंतर्गत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखंड बांदा द्वारा निर्मित होने वाले गेस्ट हाउस का शिलान्यास किया। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 1.94 करोड़ है, जिससे क्षेत्र में ठहरने एवं सार्वजनिक उपयोग की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके उपरांत ग्राम पंचायत भरखरी स्थित कबीर आश्रम में पर्यटन



विभाग द्वारा स्वीकृत विभिन्न सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

लगभग 1.05 करोड़ की लागत से पर्यटन हॉल, सीसी रोड, भव्य प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, हाईमास्ट लाइट सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कराने की बात कही। कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से धार्मिक एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और अधिक सुदृढ़ होगी। विधायक द्विवेदी ने बुंदेलखंड विकास निधि से स्वीकृत ग्राम भरखरी के सामुदायिक भवन, बारात घर का भी शिलान्यास किया। इसकी लागत लगभग 40 लाख है। लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक ने ग्राम अरबई में लगभग 29 लाख की लागत से निर्मित तीन सीसी सड़कों, लगभग 19 लाख की लागत से निर्मित बारात घर का लोकार्पण किया। विकासखंड बड़ोखरखुर्द ग्राम कतरावल में लगभग 25 लाख की लागत से निर्मित दो सीसी सड़कों एवं लगभग 13 लाख की लागत से निर्मित बारात घर का भी लोकार्पण किया गया। विधायक ने कहा कि सदर विधानसभा के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष महुआ प्रेमस्वरूप द्विवेदी, ग्राम प्रधान धनंजय सिंह, बेटालाल श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य धीरज राजपूत, छोटेलाल तिवारी, बी.के. सिंह, खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, बाला त्रिवेदी, पुष्कर द्विवेदी, प्रधान कतरावल राजू सिंह, प्रधान भरखरी गणेश सिंह, बिल्लू शुक्ला, लाला तिवारी, प्रतिनिधि रजत सेठ, शैलेंद्र सिंह शैलू, हरिओम शर्मा, अमरमणि तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## सीसीटीएनएस की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में महोबा का पहला स्थान



**महोबा।** सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा जून 2026 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर रहमान रशीद, इंद्रजीत सिंह के कार्यों की प्रशंसा की गयी है। मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। सीसीटीएनएस एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपियों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन दर्ज की जाती है। यह प्रणाली पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है।

## रेड रन मैराथन प्रतियोगिता की निकाली गयी रैली, किया जागरूक




**बांदा।** रेड रन मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन शहर के पं. जेएन पीजी कॉलेज के खेल मैदान में हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजेंद्र सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सीएमओ ने एचआईवी एड्स विषय पर छात्राओं को जानकारी दी। डा.आरएन प्रसाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. मुकेश उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा.देवेश माथुर उप जिला क्षय रोग अधिकारी, बृजेंद्र कुमार जिला एड्स कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया गया कि रेड रन मैराथन प्रतियोगिता का उद्देश्य जन मानस में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करना है साथ ही एचआईवी टोल फ्री सर्विस 1097 के बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रतिभागी महाराणा प्रताप चैराहा, बीएसए ऑफिस, डीएम कॉलोनी होते हुए वापस जेएन कॉलेज खेल प्रांगण पहुंचे। जहां प्रतियोगिता का समापन हुआ। डा. मइयादीन यादव सहायक प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा, विक्रम सिंह परमार, राज मेमोरियल एकेडमी प्रबंधक कैप्टन डीके यादव, वीरेंद्र कुमार सब इंस्पेक्टर पुलिस लाइन आदि उपस्थित रहे। पुरुष प्रतियोगिता में रामलखन को प्रथम, भोले राम को द्वितीय, मोनू सिंह को तृतीय, राहुल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। महिला वर्ग में ज्योति देवी को प्रथम, मंजू को द्वितीय, शीतल को तृतीय एवं नम्रता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## अनुप्रिया पटेल का आगमन आज

**बहराइच ।** राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी का 02 अगस्त 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री श्रीमती पटेल 02 अगस्त 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर अपरान्ह 12:30 बजे गोण्डा रोड स्थित बन सरिता रिसार्ट में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। मा. मंत्री श्रीमती पटेल अपरान्ह 02:45 बजे झिंगहाघाट, रामगांव रोड स्थित विधायक नानपारा राम निवास वर्मा के आवास पर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट कर अपरान्ह 03:15 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

## नेपाल में तनाव, बहराइच सीमा पर हाई अलर्ट



एस पी मिश्रा

**बहराइच।** पड़ोसी देश नेपाल के सुनसरी समेत कई जिलों में सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं के बाद भारत-नेपाल सीमा से लगे बहराइच जिले में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए भारतीय और नेपाली सुरक्षा एजेंसियां संयुक्त रूप से मैदान में उतर आई हैं।शनिवार को रूपईडीहा बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी), रूपईडीहा पुलिस, नेपाल पुलिस और सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) ने संयुक्त गश्त कर सीमा के संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। सुरक्षा बलों ने सीमा पर आवाजाही, संदिग्ध गतिविधियों और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए चौकसी और निगरानी बढ़ा दी।42वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट गिरीश चंद्र पाण्डेय के निर्देशन में संचालित इस अभियान में एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट अमित कुमार, रूपईडीहा प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्र, नेपाल एपीएफ के उपाधीक्षक तीर्थराज न्युपाने, निरीक्षक डम्बर साऊद, नेपाल पुलिस के निरीक्षक गणेश गिरी तथा एएसआई बुद्धिराम चौधरी मौजूद रहे।संयुक्त टीम ने सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाने, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने तथा दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने सीमावर्ती गांवों में लोगों से संवाद कर शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को देने का आग्रह किया।नेपाल में पैदा हुए तनावपूर्ण हालात के बीच बहराइच की सीमा पर बढ़ी यह सतर्कता स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।

# स्मार्ट ग्राम भरतपुर का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच ।** प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की गोद में बसे जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के विस्थापित परिवारों के लिए ग्राम सेमरहना में विकसित किये जा रहे स्मार्ट गांव भरतपुर का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि डीएम श्री त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभाग अपने अपने हिस्से की आहूति डालकर भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट ग्राम का निर्माण करने में निरन्तर अग्रसर हैं। भरतपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आवासीय भवनों का निर्माण कार्य लिन्टर स्तर तक पूर्ण कर लिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाकर विद्युत लाईने बिछाकर कर विद्युत आपूर्ति से ग्राम को आच्छादित किया जा चुका है। जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य पूर्ण कर रोड़ का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा भी ग्राम में सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मा. मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप स्मार्ट ग्राम के विकास में होने वाले कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं मानक के साथ समयबद्धता के साथ पूर्ण करें।

## मां का पहला पीला गाढ़ा दूध नवजात के लिए अमृत



**बहराइच।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर महर्षि बालार्क चिकित्सालय में माताओं और नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के प्रोजेक्ट जागृति-4 के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रसूताओं की काउंसलिंग कर उन्हें स्तनपान के महत्व, सही तकनीक और इससे जुड़े प्रमुख संदेशों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयासों का असर जिले में शुरूआती स्तनपान की बढ़ती स्वीकार्यता के रूप में दिख रहा है।

उन्होंने बताया कि एचएमआईएस के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद में कुल 1,01,058 जीवित जन्म दर्ज किए गए, जिनमें से 98,959 नवजातों यानी लगभग 98 प्रतिशत को जन्म के पहले घंटे के अंदर स्तनपान कराया गया। उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद निकलने वाला पहला पीला व गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) नवजात के लिए प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है, इसलिए प्रसव के तुरंत बाद स्तनपान शुरू कराना बेहद जरूरी है।

## नलकूप आपरेटर को सेवानिवृत होने पर की विदाई

**बहराइच।** आज दिनांक 01-08-2026 को जलकल कार्यालय परिसर, घंटाघर पर श्री वसीम खान, पूर्व नलकूप ऑपरेटर के सेवानिवृत होने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।**जिसमें माननीय अध्यक्ष महोदय के प्रतिनिधि श्री राघव टेकड़ीवाल, सहायक अभियंता (जल) महोदय श्री अभिषेक सिंह, खाद्य एवं सफाई इंस्पेक्टर श्री गोविंद मिश्रा, जलकल लिपिक श्री इखलाक इलाही, दोनों सम्मानित पी डी महोदय एवं जलकल यूनियन अध्यक्ष - श्री प्रशांत पांडे ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई एवं श्री वसीम खान जी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# हत्या का आरोप! डीएम के आदेश पर कब्र से निकाला युवक का शव, पीएम को भेजा

जिला संवाददाता (vol)

**नगीना, बिजनौर।** जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर के आदेश पर एसडीएम प्रिंस कुमार ने 85 दिन बाद 27 वर्षीय युवक के शव को कब्र से निकलवाया। पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम बघाला निवासी सलमान पुत्र शराफत ने 20 जुलाई 2026 को जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर को दिए शिकायती पत्र में अपने सगे भाई गुलफाम की हत्या का संदेह उसकी पत्नी रोशन पर जताते हुए गुलफाम के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने का अनुरोध किया था। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में सलमान ने कहा था कि उसका सगा भाई गुलफाम अपनी पत्नी रोशन व बच्चों के साथ नोएडा के थाना दादरी के




मोहल्ला आदर्श नगर में रहता था। गत 7 मई 2026 को उसकी वहीं पर घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी और गुलफाम का शव उसकी पत्नी रोशन पैतृक घर गांव बघाला में लेकर आई थी। अगले दिन 08 मई2026 को गांव के कब्रिस्तान में गुलफाम के शव को दफना दिया गया था। शिकायती पत्र में सलमान ने आरोप लगाया है कि उसके गुलफाम की हत्या उसकी पत्नी रोशन द्वारा कराई गई है। यह भी आरोप है कि शव के दफन के समय उसके परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। डीएम जसजीत कौर के आदेश पर शुक्रवार को नगीना एसडीएम प्रिंस कुमार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार बढापुर श्याम सुंदर तथा थाना प्रभारी विकास कुमार, एसएसआई सुक्रमपाल राणा व चित्तौडगढ चैकी प्रभारी एसआई अजीत सिंह ने ग्रामीणों की मौजूदगी में कब्र को खुदवाकर गुलफाम के शव को निकलवाया तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# जेल से कंप्यूटर चुराने वाला गिरफ्तार

**बहराइच।** जिला कारागार जैसी अति-सुरक्षित मानी जाने वाली जगह भी चोरों की पहुंच से अछूती नहीं रही। जेल परिसर के मुलाकात पर्ची कक्ष से कंप्यूटर चोरी होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। हालांकि राहत की बात यह रही कि कोतवाली देहात पुलिस ने फुर्ती दिखाते हुए महज तीन घंटे के भीतर घटना का पदार्फाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया।पुलिस के अनुसार 31 जुलाई और 1 अगस्त की रात जिला कारागार के मुलाकात पर्ची कक्ष से ऑल-इन-वन कंप्यूटर चोरी हो गया।

सूचना मिलते ही कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कराई।जांच के दौरान चौकी प्रभारी जिला जेल उपनिरीक्षक रवि यादव अपनी टीम के साथ इंद्रा स्टेडियम के पास संदिग्धों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान कब्रिस्तान की बाउंड्री के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पेचकस से खोलकर कई हिस्सों में



किया गया ऑल-इन-वन कंप्यूटर, की-बोर्ड और पेचकस बरामद हुआ।गिरफ्तार युवक की पहचान साहिल कादिरी (20) पुत्र साकिर कादिरी, निवासी गुल्लावीर कॉलोनी, थाना दरगाह शरीफ, बहराइच के रूप में हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने जिला कारागार के मुलाकात पर्ची कक्ष से कंप्यूटर चोरी किया था।

उसने कंप्यूटर को झाड़ियों में छिपाया और बाद में उसे खोलकर कबाड़ के रूप में बेचने की तैयारी कर रहा था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे धर दबोचा।पुलिस ने चोरी गए कंप्यूटर, की-बोर्ड और वारदात में प्रयुक्त पेचकस की शत-प्रतिशत बरामदगी करते हुए मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की है। आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा के तहत 31 जुलाई तक 40.82 अरब डॉलर जुटाये गये

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को कहा कि विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती स्वैप सुविधा ने 31 जुलाई तक 40.82 अरब अमेरिकी डॉलर आकर्षित किए हैं। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इस स्वैप सुविधा के लिए मजबूत दिलचस्पी देखी गई और आठ जून, 2026 से लगातार विदेशी मुद्रा का प्रवाह हुआ है। विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा के माध्यम से उल्लेखनीय धन जुटाया गया। कुल प्रवाह में एफसीएनआर (बी) जमा का हिस्सा 36.725 अरब डॉलर रहा, जबकि विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) ने 2.575 अरब डॉलर का योगदान दिया और बाहरी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) की राशि 1.516 अरब डॉलर रही। देश के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए आरबीआई ने पांच जून को नए एफसीएनआर (बी) जमा, ओएफसीबी और ईसीबी प्रवाह के लिए रियायती स्वैप की पेशकश सहित कई उपायों की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि अधिकृत डीलर बैंकों से मिले आंकड़ों के आधार पर, स्वैप सुविधा के तहत 31 जुलाई, 2026 तक जुटाए गए विदेशी मुद्रा प्रवाह की स्थिति 40.816 अरब डॉलर थी।

### केंद्र ने राज्यों को 1.09 लाख करोड़ रुपये के कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त जारी की

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने राज्य सरकारों को 1.09 लाख करोड़ रुपये के कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त जारी की है। यह सामान्य मासिक राशि के अतिरिक्त है। इस समय एक वित्त वर्ष के दौरान केंद्र द्वारा एकत्र किए गए करों का 41 प्रतिशत राज्यों को 14 किश्तों में हस्तांतरित किया जाता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, केंद्र सरकार ने एक अगस्त 2026 को राज्य सरकारों को ।,09,019 करोड़ रुपये के कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त जारी की है, जो 10 अगस्त 2026 को जारी किए जाने वाले सामान्य मासिक हस्तांतरण के अतिरिक्त है।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिकी जुलाई में 26 प्रतिशत बढ़कर 1,03,860 इकाई पर

नयी दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड की कुल वाहन बिक्री जुलाई में 26 प्रतिशत बढ़कर ।,03,860 इकाई हो गई। कंपनी ने शनिवार को बताया कि जुलाई 2026 के दौरान घरेलू बाजार में यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) की बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 60,048 इकाई रही, जो जुलाई 2025 में 49,871 इकाई थी। एमएंडएम ने बताया कि जुलाई में कंपनी की घरेलू वाणिज्यिक वाहन बिक्री 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,204 इकाई रही। कंपनी ने बताया कि जुलाई 2026 में उसका कुल निर्यात 47 प्रतिशत बढ़कर 4,070 इकाई रहा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2,774 इकाई था। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन प्रभाग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि कंपनी के पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो में मजबूत मांग के बल पर जुलाई में सभी श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला और कुल बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

### कॉंजपा प्रमुख अभिजीत दीपके बीमार, चिकित्सकों ने आराम की सलाह दी

छत्रपति संभाजीनगर। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉंजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके बीमार पड़ गए हैं और चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टर ने शनिवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में दीपके के घर पर उनकी जांच की थी। डॉक्टर ने बताया कि दीपके का रक्तचाप थोड़ा कम है और उन्हें उल्टी और दस्त की समस्या है। सुबह जब दीपके अपने घर के पार्किंग एरिया में लोगों से मिल रहे थे, तो उन्हें बेचैनी महसूस हुई। दीपके पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 45 मिनट पर अपने आवास के पार्किंग क्षेत्र में उनसे मिलने पहुंचे लोगों से बातचीत करने आए थे। इसी दौरान उन्हें असहज महसूस हुआ और वह घर के पीछे की ओर चले गए, जहां उन्हें उल्टी हुई। इसके बाद दीपके मीडिया से बातचीत किए बिना अपने घर में चले गए।

# विनिर्माण केंद्र बनने के लिए, आंध्र तैयार

एजेंसी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश में विकास की संभावनाओं पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वैश्विक कंपनियां राज्य में मौके तलाश रही हैं, जो विनिर्माण गतिविधियों का केंद्र बन सकता है।

❍ प्रधानमंत्री मोदी ने भोगपुरम हवाईअड्डे के उद्घाटन पर कहा



भोगपुरम में नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करने और 18,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह हवाई अड्डा आंध्र प्रदेश, खासकर उत्तरी क्षेत्र के विकास के लिएै रनवे का काम करेगा। अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण 5,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसकी शुरुआती वार्षिक यात्री प्रबंधन क्षमता 60 लाख यात्रियों की है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर चार करोड़ यात्रियों तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा, गूगल ने (विशाखापत्तनम में) 15 अरब डॉलर के एआई और क्लाउड अवसंरचना परिसर की भी घोषणा की है। कई अन्य वैश्विक कंपनियां भी नयी संभावनाओं पर विचार कर रही हैं। इससे आंध्र प्रदेश और देश के युवाओं को बहुत फायदा होगा। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार नाका पल्ली में एक बड़े फार्मा पार्क के लिए भी सहायता कर रही है, जिसे आंध्र प्रदेश में एक बड़े फार्मा केंद्र के तौर पर विकसित किया जाना है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि देश के विमानन सेक्टर ने पिछले 12 साल में असाधारण प्रगति की है और हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 166 से ज्यादा हो गई है। मोदी के अनुसार, वैश्विक कंपनियां आंध्र प्रदेश में मौके तलाश रही हैं और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# केंद्र सात बाढ़ प्रभावित राज्यों को एसडीआरएफ की 2,117 करोड़ से अधिक की राशि जारी करेगा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने चालू मानसून सत्र के दौरान सात बाढ़ प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत 2,117.85 करोड़ रुपये की राशि को अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। प्रभावित राज्यों में हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और नागालैंड को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय हिस्से की पहली किश्त पहले ही मिल चुकी है। बयान में कहा गया राहत कार्यों के लिए समय पर धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश और ओडिशा को एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किश्त अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी है। हिमाचल प्रदेश को दूसरी किश्त के रूप में 193.95 करोड़ रुपये तथा



ओडिशा को 500 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। बयान के अनुसार दस्तावेजी आवश्यकताओं में ढील देकर अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात और महाराष्ट्र के लिए पहली किश्त को अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी गई है। अरुणाचल प्रदेश के लिए 44.55 करोड़ रुपये, असम के लिए 379.35 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 500 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई है।

# यूपीआई लेनदेन जुलाई में 29.9 लाख करोड़ के नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए होने वाले लेनदेन का मूल्य जुलाई 2026 में फिर से 29.9 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले मई 2026 में भी यूपीआई लेनदेन 29.9 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में लेनदेन की संख्या 23.66 अरब रही, जो मई के 23.2 अरब और जून के 22.72 अरब से अधिक है। जुलाई में लेनदेन का मूल्य 29.88 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पेनियरबाय के प्रबंध निदेशक और सीईओ आनंद कुमार बजाज ने कहा यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की नींव को लगातार मजबूत कर रहा है। इसने जुलाई 2026 में 29.88 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 23.66 अरब लेनदेन को संसाधित किया, जो लाखों भारतीयों के लिए भुगतान के पसंदीदा माध्यम के रूप में इसकी भूमिका की पुष्टि करता है।

# निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के लिए समर्पित हों युवा : डोभाल

एजेंसी

पुणे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने शनिवार को देश के युवाओं से राष्ट्रीय हित के लिए पूरी तरह समर्पित होने और निजी स्वार्थों से ऊपर उठने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के सामने राष्ट्र निर्माण का जो अवसर का दौर है, उसका पूरा लाभ उठाया जाना चाहिए। डोभाल ने यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 प्राप्त करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा यह मान सकते हैं कि स्वतंत्रता का अर्थ अपनी इच्छा के अनुसार कुछ भी करना है, लेकिन ऐसा नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिलक स्मारक ट्रस्ट की ओर से स्थापित यह पुरस्कार डोभाल को प्रदान किया। डोभाल ने कहा आज के युवाओं को पूरी तरह समर्पित होकर यह संकल्प लेना चाहिए कि वे केवल राष्ट्रहित में काम करेंगे। उन्हें अपने छोटे-छोटे निजी हितों का त्याग करने के लिए




तैयार रहना चाहिए और यदि ऐसे विचार मन में आएं भी तो उन्हें नजरअंदाज कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है और देश को इस अवसर को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। डोभाल ने कहा हमारे देश के इतिहास में यह एक विशेष अवसर का समय है। हम इसे गंवाने का जोखिम नहीं उठा सकते। इस समय हमारी प्राथमिकता राष्ट्र निर्माण होनी चाहिए। देश के भविष्य पर विश्वास जताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने कहा कि भारत अपने इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा और इतिहास का नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस प्रयास में सफल होंगे और नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे नेताओं का नेतृत्व मिलना देश का सौभाग्य है। उन्होंने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और दार्शनिक भी थे। डोभाल ने कहा कि जब पुणे में प्लेग फैला और तिलक के 21 वर्षीय पुत्र का निधन हो गया, तब भी उन्होंने शहर नहीं छोड़ा और वहीं डटे रहे। उन्होंने कहा आज की युवा पीढ़ी शायद यह मानती है कि भारत हमेशा से ऐसा ही था। संभवतः युवा यह

### रणथम्भौर अभयारण्य में दो शावकों संग नजर आई बाघिन

जयपुर। सवाई माधोपुर जिले के रणथम्भौर बाघ अभयारण्य में एक बाघिन (टी-127) अपने दो शावकों के साथ नजर आई है। वन अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बाघिन संग उसके शावकों को देखकर वन्यजीव प्रेमी और पर्यटक काफी उत्साहित हैं। अधिकारियों के अनुसार, बाघिन को अभयारण्य के सफारी क्षेत्र जोन-7 में देखा गया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से उसकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही थी। वन विभाग के मुताबिक, बाघिन की शारीरिक स्थिति और व्यवहार में बदलाव दिखाई देने के बाद उसके शावकों के होने की संभावना को देखते हुए विशेष निगरानी शुरू की गई थी।

# छात्रों को क्षमा की जरूरत नहीं पीएम उनसे माफी मांगें: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के छात्रों को प्रधानमंत्री की क्षमा की जरूरत नहीं है, बल्कि उनको छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में उन माता-पिता के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने पेपर लीक के कारण अपने बच्चों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को खोने वाले माता-पिता का दुख सबसे बड़ा होता है और यह पीड़ा उनके साथ हमेशा बनी रहती है।



कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसी घटनाएं देश की शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक, रद्द होने वाली परीक्षाओं और वर्षों की तैयारी के एक पल में बर्बाद हो जाने जैसी घटनाओं के बीच छात्रों से एक ऐसे तंत्र में ईमानदारी से मेहनत करने की अपेक्षा की जाती है, जो स्वयं बेईमान है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि इसके बावजूद वह छात्रों को माफ करने की बात करते हैं। राहुल गांधी ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री उन शोकाकुल परिवारों से मिले हैं जिन्होंने अपने बच्चों को खोया है या उन लोगों से जिनकी जमा पूंजी, समय, जीवन और सपने पेपर लीक की घटनाओं से प्रभावित हुए हैं? राहुल गांधी ने कहा, भारत के छात्रों को प्रधानमंत्री की क्षमा की जरूरत नहीं है। मोदी जी को उनसे माफी मांगनी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें इस बात का दुख है कि जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान न सिर्फ उन्हें, बल्कि उनकी स्वर्गीय मां के लिए भी भद्दी गालियों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यह भी कहा था कि इन गुमराह बच्चों को माफ किए जाने की जरूरत है। इंस्टाग्राम पर देर रात जारी एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह समाज में व्याप्त आक्रोश को समझते हैं, लेकिन यहै गुमराह बच्चौं के साथ अपनापन और उन्हें सही राह दिखाने का समय है।

# सकल जीएसटी संग्रह जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया। घरेलू लेनदेन और आयात से अधिक कर संग्रह के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले वर्ष जुलाई में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा था। वहीं, जून 2026 में यह लगभग 1.95 लाख करोड़ रुपये था। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में कुल जीएसटी संग्रह 2,11,205 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से 39,835 करोड़ रुपये, राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) से 47,881 करोड़ रुपये और एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) से 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ।

कुल कर वापसी यानी रिफंड इस दौरान 13.1 प्रतिशत बढ़कर 29,968 करोड़ रुपये रहा। कर वापसी समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। डेलॉयट इंडिया के पार्टनर एम एस मणि ने कहा कि जीएसटी संग्रह बाहरी माहौल में चुनौतियों के बावजूद निरंतर आर्थिक मजबूती को दर्शाता है। मणि ने कहा, घरेलू खपत पर हर महीने जीएसटी संग्रह में स्थिर वृद्धि से पता चलता है कि कुल घरेलू खपत काफी हद तक मौसमी विविधताओं और बाहरी प्रतिकूल परिस्थितियों से मुक्त हो रही है। उन्होंने कहा कि जुलाई में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे प्रमुख विनिर्माण राज्यों में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जुलाई में जीएसटी राजस्व वृद्धि का अधिकांश हिस्सा आयात से आया और यह पता करना महत्वपूर्ण होगा कि क्या यह तैयार माल है या कच्चा माल, तथा इसमें से कितना हिस्सा उच्च मात्रा के बजाय केवल कमजोर रुपये को दर्शाता है।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रमंडल खेल

सर्वसम्मत फैसले से 5-0 से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज ने इस बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबला अपने नाम किया और भारत की स्वर्णिम लय को रोक दिया। महिलाओं के 57 किग्रा फाइनल में जैसमीन और वॉल्श के बीच पहला राउंड बेहद करीबी रहा, जिसमें दोनों मुक्केबाजों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। जैसमीन ने यह राउंड विभाजित फैसले से अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे राउंड में शानदार पंच लगाए और सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। प्रीति ने स्वर्ण पदक मुकाबले में आक्रामक शुरुआत की। उन्होंने पहला राउंड सर्वसम्मत फैसले से जीता, जिसमें पांचों जज ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में 10-8 का स्कोर दिया। बैंथमवेट वर्ग की विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज प्रीति ने दूसरे राउंड में भी अपना दबदबा कायम रखा और शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दिन का पहला स्वर्ण पदक हासिल किया।

### राहुल गांधी

अपमान था। बांसुरी ने कहा लोकतंत्र में संविधान आपको निश्चित रूप से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार देता है लेकिन यह किसी भी समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचाने की अनुमति नहीं देता। इसी वजह से हम आज (शनिवार को) थाने आए हैं। हमने शिकायत दर्ज कराई है, प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और मामले की तुरंत जांच का अनुरोध किया। जगतगुरु बालक दास ने कहा कि संसद में जिस तरह से पप्पू यादव ने भगवान राम और सनातन का अपमान किया है, वह माफी के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वह कृत्य किया गया, उसे कोई सनातनी भूल नहीं सकता। उल्लेखनीय है कि विपक्षी दलों के सांसदों ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में संसद परिसर में प्रतीकात्मक नाटक कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। इस दौरान पप्पू यादव भगवा वस्त्र पहनकर पुजारी बने, जबकि राहुल गांधी ने चंदा दिया। उसके बाद पप्पू यादव चंदे का बक्सा लेकर भागने लगे, जिन्हें दूसरे सांसदों ने रोक लिया। प्रदर्शन के दौरान चंदा चोर, गद्दी छोड़ के नारे भी लगाये गये।

### हिन्दू संगठनों

इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। विपक्ष द्वारा शुक्रवार को प्रस्तुत किए गए नाटक में राहुल गांधी समेत कई सांसद दानपात्रों में पैसे डालते नजर आए, जबकि पप्पू यादव प्रतीकात्मक रूप से पैसे अपनी जेब में रखते दिखे। इसका उद्देश्य राम मंदिर में चंदे की कथित चोरी को दर्शाना था। इस नाट्य प्रदर्शन में प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद और धर्मेंद्र यादव तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी सहित कई विपक्षी सांसद शामिल हुए थे।

### अनिल अंबानी

वित्तीय नुकसान तथा बाद में सामने आई ऐसी सामग्री से है, जो इस निवेश से जुड़ी कथित धोखाधड़ी की ओर संकेत करती है। शिकायत पर प्रतिक्रिया देते हुए अंबानी के प्रवक्ता ने कहा, ‘सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड से संबंधित है। अंबानी 2005 से नवंबर 2021 तक कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक और बोर्ड के चेयरमैन रहे। नवंबर 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक ने कंपनी के निदेशक मंडल को भंग करके एक प्रशासक नियुक्त किया था। उन्होंने कहा,’ अनिल अंबानी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से पूरी तरह इनकार करते हैं और कानून के तहत उपलब्ध सभी अधिकार सुरक्षित रखते हैं। शिकायत, जो अब सीबीआई की प्राथमिकी का हिस्सा है और इसके अनुसार वर्ष 2013 और 2014 के दौरान रिलायंस कैपिटल ने सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी किए थे।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद, पोर्टफोलियो प्रबंधकों ने ईपीएफओ की ओर से इन एनसीडी में 2,500 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिनकी परिपक्वता अवधि वर्ष 2023 और 2024 में थी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने यह शिकायत तब भेजी जब उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सूचित किया कि उसके पास ऐसे दस्तावेजी साक्ष्य हैं और बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा किए गए लेनदेन ऑडिट में 7 दिसंबर 2019 से 6 दिसंबर 2021 के बीच रिलायंस कैपिटल और उसके प्रबंधन से जुड़े लोगों द्वारा प्रथम दृष्टया कई कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन पाए गए हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इससे पहले की अवधि में भी कई कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन पाये गए, जिनके कारण कंपनी से धन की कथित हेराफेरी हुई और अंततः रिलायंस कैपिटल विफल हो गई। दावा किया गया कि ईडी की जांच से प्रथम दृष्टया ऐसे कई लेनदेन सामने आए हैं, जिनमें अनियमित ज्ण वितरण, धन का कथित दुरुपयोग, गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों (सुरक्षा) के मूल्य में कमी तथा रिलायंस कैपिटल द्वारा किए गए अन्य संदिग्ध कार्य शामिल हैं, जिनकी विस्तृत जांच की आवश्यकता है।

### एलडीए जेई

वर्मा उसके निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे और निर्माण कार्य बंद कराने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बताया गया कि उसके मकान निर्माण को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई है। इस शिकायत को खत्म कराने के नाम पर उसे एलडीए कार्यालय बुलाया गया। कार्यालय पहुंचने पर जेई और सुपरवाइजर ने कार्रवाई का भय दिखाते हुए पहले 15 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने इतनी रकम देने में असमर्थता जताई तो रिश्वत की रकम घटाकर 7.50 लाख रुपये तय कर दी गई। विजिलेंस जांच में सामने आया कि जेई और सुपरवाइजर ने रिश्वत लेने के लिए बाहरी व्यक्ति श्रवण कुमार को भी अपने साथ शामिल किया था। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने से जुड़े मोबाइल कॉल सहित अन्य साक्ष्य भी विजिलेंस टीम को उपलब्ध कराए थे। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विजिलेंस ने आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई। शनिवार को शिकायतकर्ता तय रकम लेकर एलडीए के जोन-5 कार्यालय पहुंचा। जैसे ही आरोपियों ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, पहले से मौजूद विजिलेंस टीम ने तीनों को दबोच लिया। मौके से रिश्वत की पूरी रकम भी बरामद कर ली गई। मामला सामने आने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जेई दिनेश कुमार वर्मा और सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राधिकरण प्रशासन ने भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। विजिलेंस टीम अब गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच भी की जा रही है।

### 52 दिन बाद

लौट रहे थे, तो उन्होंने शाह जमाल इलाके के एक घर से चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनीं।

### भारत की युवा

रोजगार उपलब्ध कराना भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने युवाओं से जोखिम लेने, नए विचारों पर काम करने और स्थानीय संसाधनों को आर्थिक अवसरों में बदलने की सोच विकसित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं के लिए प्रदेश में ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को स्थानीय स्तर पर आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि पहाड़ और गांव का युवा अपने क्षेत्र में ही रोजगार अथवा स्वरोजगार स्थापित करता है तो इसका लाभ केवल उसके परिवार तक सीमित नहीं रहता। इससे स्थानीय बाजार मजबूत होता है, दूसरे लोगों के लिए भी रोजगार पैदा होते हैं और पलायन जैसी चुनौती को कम करने में मदद मिलती है। सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा जिस भरोसे के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, उस भरोसे की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने नकल तथा अनुचित साधनों के खिलाफ कठोर कानून लागू किया है। उन्होंने कहा कि नकल माफिया और भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री के अनुसार, पिछले साढ़े चार वर्षों में 100 से अधिक नकल माफिया जेल भेजे गए हैं, वहीं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिए 34 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में सुधार से योग्य और मेहनती युवाओं का विश्वास मजबूत हुआ है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी अभ्यर्थी के साथ उसकी योग्यता और मेहनत के आधार पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों से पूरा नहीं होगा। इसके लिए युवाओं की सोच, भागीदारी और नेतृत्व भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे शिक्षा और कौशल को अपनी ताकत बनाएं तथा व्यक्तिगत सफलता के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझें।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा प्रतिभा और परिश्रम के मामले में किसी से पीछे नहीं है। जरूरत केवल उसे सही अवसर और दिशा देने की है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की युवा शक्ति नवाचार, उद्यमिता, तकनीक और कौशल के माध्यम से उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, कुलपति प्रतिभा लूथरा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राज्य मंत्री डॉ. जयपाल सिंह चौहान, शोभाराम प्रजापति, श्यामवीर सैनी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. लालित नारायण मिश्र सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### असम में

82 हो गई है। बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या ।,92,799 है। चराईदेव सबसे अधिक प्रभावित जिला है, जहां 77,456 लोग बाढ़ की चपेट में हैं। इसके बाद शिवसागर में 63,492 और जोरहाट में 34,067 लोग इस आपदा से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को फैसला किया कि पांच अगस्त को सरकारी और निजी बीमा कंपनियों के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें क्षतिग्रस्त वाहनों, पशुधन और अन्य संपत्तियों से जुड़े बीमा दावों का जल्द निपटारा करने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच अगस्त को ही एनबीएफसी के साथ भी बैठक होगी और इन चार जिलों (शिवसागर, चराइदेव, जोरहाट और गोलाघाट) के कर्जदारों को ज्ण भुगतान में राहत अवधि देने का अनुरोध किया जाएगा।

### गुजरात में

के दौरान 611 मिमी तक बारिश दर्ज की गई। विभिन्न जिलों के लिए मौसम विभाग के रेड और ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां कर ली थीं। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को बंद कर दिया गया तथा प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल (एनडीआरएफ), (एसडीआरएफ) तथा सेना के जवानों को तैनात कर दिया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार सुबह तक अहमदाबाद, सुरेंद्रनगर, राजकोट, भावनगर, मोरबी और बोटाद जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है।




# वनडे कप : कुलदीप ने स्टोक्स को किया आउट

एजेंसी

लंदन। भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स को आउट किया और यॉर्कशर की वनडे कप में डरहम पर जीत में अहम भूमिका निभाई। कुलदीप ने स्टोक्स (12) को जॉर्ज हिल के हाथों

**❍ आशुतोष ने पांच विकेट लिए**

कैच आउट कराने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट के विशेषज्ञ कॉलिन एकरमैन (26) को भी आउट किया। कुलदीप ने 10 ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए जिससे यॉर्कशर ने डरहम को 48.1 ओवरों में केवल 165 रन पर ढेर कर दिया। जेम्स व्हार्टन (नाबाद 68) और सैम व्हाइटमैन (नाबाद 52) ने अर्धशतक बनाए और यॉर्कशर ने 41 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। एक अन्य मैच में भारतीय ऑलराउंडर आशुतोष शर्मा (51 रन देकर पांच विकेट) ने लिस्ट ए क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया, जिससे हैम्पशर ने एसेक्स को तीन विकेट से हरा दिया। आशुतोष की शानदार गेंदबाजी से हैम्पशर ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रही एसेक्स को 49 ओवर में 317 रन पर रोक दिया।

इसके जवाब में जेम्स फुलर (नाबाद 58), कप्तान निक गुबिन्स (53) और टॉम प्रेस्ट (51) के अर्धशतकों की बदौलत हैम्पशर ने 47.4 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं दूसरी ओर एक अगस्त (भाषा) भारतीय बल्लेबाज रजत पाटीदार इस महीने के अंत में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में मध्य क्षेत्र टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। पाटीदार की



अगुआई में हाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लगातार दो बार आईपीएल खिताब जीता था। ऑफ स्पिनर सारांश जैन को भी टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके घरेलू सत्र के शुरुआती मुकाबलों में खेलने की संभावना नहीं है क्योंकि वह श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

सारांश जैन के गॉल में अपना टेस्ट पदार्पण करने की संभावना है क्योंकि ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में शुरू होगा। दलीप ट्रॉफी का आयोजन 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। पिछले सीजन टीम को खिताब दिलाने वाले रजत पाटीदार को एक बार फिर कप्तानी सौंपी गई है। टीम में भारतीय खिलाड़ी रिंकू सिंह, हर्ष दुबे और यश ठाकुर भी शामिल हैं। रिंकू को उपकप्तान बनाया गया है। डिफेंडिंग चैंपियन होने के कारण सेंट्रल जोन को पहले राउंड में बाय मिला है। टीम 30 अगस्त से शुरू होने वाले सेमीफाइनल में सीधे उतरेगी, जहां उसका सामना ईस्ट जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। टूनार्मेंट 23 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगा, जबकि फाइनल 6 सितंबर से खेला जाएगा। मध्य प्रदेश के स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन को भी टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हाल ही में श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चुना गया है। उनके साथ हर्ष दुबे और उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी भी टीम में हैं। जीशान ने हाल ही में भारत-ए के श्रीलंका दौरे पर पांच साल बाद रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी की थी। विदर्भ के ओपनर अमन मोखाडे को बेहतरीन 2025-26 रणजी सीजन का पुरस्कार मिला है। उन्होंने 11 पारियों में 760 रन 76 की औसत से बनाए थे और इसी प्रदर्शन के दम पर भारत-ए टीम में भी जगह बनाई थी। छत्तीसगढ़ के ओपनर आयुष पांडे को भी टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने श्रीलंका दौरे पर भारत-ए के लिए डेब्यू किया था। मध्यक्रम में रजत पाटीदार के साथ विदर्भ के यश राठौड़ अहम भूमिका निभाएंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में यश ठाकुर के अलावा नचिकेत भूटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान शामिल हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी आर्यन जुयाल संभाल सकते हैं, जबकि कुणाल सिंह राठौड़ बैकअप विकेटकीपर होंगे। रजत पाटीदार (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), सारांश जैन, अमन मोखाडे, कुणाल चंदेला, जीशान अंसारी, आर्यन पांडे, अर्शद खान, आयुष पांडे, यश राठौड़, हर्ष दुबे, कुणाल सिंह राठौड़ (विकेटकीपर), यश ठाकुर और नचिकेत भूटे।

# नीरज और यशवीर को भालाफेंक में पदक

ग्लास्गो। भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा और यशवीर सिंह को पदक और मुक्केबाजी रिंग में 10 भारतीयों के फाइनल में पहुंचने के साथ राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार को नौवां दिन भारत के लिये यादगार रहा। एथलेटिक्स में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को रजत से संतोष करना पड़ा जबकि पहली बार खेल रहे यशवीर ने आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके कांस्य पदक जीता। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस्विन शंकर राष्ट्रमंडल खेलों में डेकाथलन में कांस्य जीतकर पदक अपने नाम करने वाले पहले भारतीय बन गए। भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा कठिन हालात में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन उन्होंने रजत पदक जीता जबकि यशवीर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार को आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके कांस्य पदक अपने नाम किया। टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन 28 वर्ष के नीरज ने दूसरे प्रयास में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.83 मीटर थ्रो फेंका जो दूसरे स्थान पर रहने के लिये काफी था। वह 19 जून को दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार उतरे 24 बरस के यशवीर ने छठे और आखिरी प्रयास में 85.41 मीटर थ्रो फेंककर सभी को चौंका दिया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर था। वह पांचवें दौर के बाद 81.33 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से सातवें स्थान पर थे लेकिन उनका आखिरी प्रयास जबर्दस्त रहा।



श्रीलंका के स्टार रूमेश थरंगा पथिरागे ने अपेक्षा के अनुरूप 89.75 मीटर फेंककर स्वर्ण पदक जीता। बेहद सर्दी और तेज हवाओं के प्रदर्शन उनका यह प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने जून में रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंका था। चोपड़ा पिछले साल सितंबर से पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबरकर लौटे थे। इस चोट के कारण उनकी वापसी दोहा में आयोजित डायमंड लीग तक टल गई थी। वह दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे थे। इससे पहले उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने संकेत दिया कि वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हैं, लेकिन धीरे-धीरे उस ओर बढ़ रहे हैं। चोपड़ा ने बाद में कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि मेरी फिटनेस पहले जैसी है। लेकिन धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। एशियाई खेलों में अभी समय है। उससे पहले मैं डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करूंगा। धीरे-धीरे सुधार होगा। चोपड़ा ने कहा कि चोट से उबरने के बाद उनकी वापसी संतोषजनक रही है। उन्होंने कहा हम हमेशा चाहते हैं कि पदक वितरण समारोह हमें राष्ट्रगान बजे लेकिन मैंने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और वापसी के बाद में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। यहां काफी ठंड है। मैं इन परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा हूं। मुझे गर्म मौसम पसंद है। मेरे अंदर भारतीय खून है। यशवीर के लिए चोपड़ा के साथ पोडियम साझा करना सुखद क्षण था। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैं इन परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका और पदक जीतने में भी सफल रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी रोहित यादव 81.56 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे। दिलचस्प बात यह है कि भाला फेंक में पुरुषों के सभी पदक भारतीय उपमहाद्वीप के एथलीटों ने जीते। पाकिस्तान के गत चैम्पियन और मौजूदा ओलंपिक विजेता अरशद नदीम 77.41 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। त्रिनिदाद और टोबैगो के मौजूदा विश्व चैम्पियन केशोर्न वालकॉट छठे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने 80.97 मीटर के थ्रो से शुरुआत की। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 85.83 मीटर का थ्रो किया, जो दिन का उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। उनके तीसरे और चौथे प्रयास क्रमशः 81.29 मीटर और 80.73 मीटर के रहे, जबकि उनके आखिरी दो थ्रो फाउल थे। फाइनल में भाग ले रहे 12 खिलाड़ियों में चोपड़ा कुछ समय के लिए सबसे आगे रहे लेकिन पथिरागे ने अपने दूसरे प्रयास में भाला 89.75 मीटर तक फेंका।

## संक्षेप

### प्रवीण ने रजत व सेल्वा प्रभु ने जीता कांस्य

ग्लास्गो। भारत के त्रिकूद खिलाड़ियों प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने शनिवार को यहां ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रावेल ने इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए 16.58 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता। उनके हमवतन सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने 16.52 मीटर की छलांग से कांस्य पदक हासिल किया। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका पहला बड़ा पदक है। जमैका के जॉर्डन स्कॉट ने 16.72 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले पैरा एथलेटिक्स के पुरुषों की टी54 1500 मीटर फाइनल स्पर्धा में भारत के रमेश शनमुगम तीन मिनट 23.59 सेकेंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहे।

### जूडोका उन्नति क्वार्टर फाइनल में

ग्लास्गो। भारत की उन्नति शर्मा ने शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की जूडो प्रतियोगिता में एस्वातिनी की लामुलेला मगगुला पर इप्पोन से शानदार जीत दर्ज करते हुए महिला 63 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्नति ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उन्होंने लगातार वज़ाअरी स्कोर हासिल करने के बाद इप्पोन के जरिए शानदार जीत दर्ज करते हुए राउंड ऑफ 16 का मुकाबला सिर्फ एक मिनट और 39 सेकंड में समाप्त कर दिया। देहरादून की रहने वाली उन्नति का अगला मुकाबला आज बाद में न्यूजीलैंड की क्वोना क्रिस्टी से होगा।

### भारतने लॉन बॉल्स जोड़ी ने लगातार चौथी जीत दर्ज की

ग्लास्गो। भारत के नवनीत सिंह और दिनेश कुमार की जोड़ी ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स पुरुष युगल वर्ग की सेक्शनल प्ले स्पर्धा में फॉकलैंड आइलैंड्स के खिलाफ सीधे सेटों में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और फॉकलैंड आइलैंड्स के इयान बार्न्स और ऑलिवर थॉम्पसन को 6-3 और 10-। के स्कोर से आसानी से हराया। इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है। टीम ने लगातार चार जीत दर्ज की हैं और अब उनका अगला मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ होगा जो ग्रुप का अंतिम अहम मैच होगा। इंग्लैंड ने भी अपने सारे मैच जीते हैं और अंकों के औसत के आधार पर शीर्ष पर है। पुरूष युगल वर्ग में चारों सेक्शन से शीर्ष दो दो टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। महिला एकल सेक्शन सी के चौथे दौर में भारत की नयनमोनी सैकिया ने जाम्बिया की माइल्डरेड एम को 2.0 से हराया।

# मैरी कॉम से प्रेरित होकर पाक की फातिमा ने रचा इतिहास

एजेंसी



ग्लास्गो। भारत की दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम की प्रेरणा अब सरहदों के पार भी पहुंच चुकी है क्योंकि पाकिस्तान की पहली महिला राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता मुक्केबाज फातिमा जहरा ने अपनी सफलता का श्रेय छह बार की इस विश्व चैंपियन से मिली प्रेरणा को दिया है। बाइस वर्षीय फातिमा ने महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में पदक जीतने वाली पाकिस्तान की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा शहर में पली-बढ़ी फातिमा के पास अपने देश में महिला मुक्केबाजी का कोई बड़ा आदर्श नहीं था। ऐसे में उन्होंने भारत की महान मुक्केबाज मैरी कॉम को अपना प्रेरणास्रोत बनाया। फातिमा ने कहा, मैं भारत की मैरी कॉम से प्रेरित हूं। उन्होंने बताया कि उन्हें केवल मैरी कॉम की उपलब्धियों ने ही नहीं, बल्कि उनके संघर्षपूर्ण जीवन ने भी गहराई से प्रभावित किया। मणिपुर के एक साधारण किसान परिवार में जन्मी मैरी कॉम ने आर्थिक तंगी, सामाजिक विरोध और सीमित संसाधनों जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए विश्व मुक्केबाजी में अपनी अलग पहचान बनाई। फातिमा ने बताया कि वर्ष 2014 में मैरी कॉम के जीवन पर बनी बॉलीवुड फिल्म ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा मैं उनके जीवन पर बनी फिल्म बार-बार देखती थी।

जब मैंने मुक्केबाजी शुरू की, तब उसी फिल्म को देखकर अभ्यास करती थी। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं। एक दिन मैं भी उनके जैसी बनना चाहती हूं। उम्मीद है कि भविष्य में उनसे मुलाकात भी होगी। मैरी कॉम की तरह फातिमा को भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए परिवार के विरोध का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा, मेरा पारिवारिक आर्थिक आधार बहुत मजबूत नहीं था। मेरे शुरुआती कोच ने मुझे सब कुछ सिखाया। परिवार मुक्केबाजी के खिलाफ था और मुझे अभ्यास के लिए जाने नहीं देता था, लेकिन मैंने हार नहीं मानी और अभ्यास करती रही।

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने बोडोलैंड एफसी को 6-0 से हराया

गुवाहाटी। गत चैंपियन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शनिवार को यहां 135वें डूरंड कप के अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप एफ के शुरूआती मुकाबले में बोडोलैंड एफसी को 6-0 से करारी शिकस्त दी। टीम के स्टार खिलाड़ी अलाएद्दीन अजाराई ने शानदार हैट्रिक (493वें, 67वें और 86वें मिनट) लगाकर जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा लालरिनजुआला लालबियाकनिया (58वां मिनट), रिडीम त्लांग (70वां मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी एंटोनियो मोयानो ।वें मिनट) ने भी गोल किए। उनके अलावा लालरिनजुआला लालबियाकनिया (58वां मिनट), रिडीम त्लांग (70वां मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी एंटोनियो मोयानो (90वें मिनट) ने भी गोल किए।

# राष्ट्रमंडल साइकिलिंग में भारत की चुनौती खत्म

ग्लास्गो। राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 4000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा में भारत की चुनौती क्वालीफिकेशन चरण में खत्म हो गई जब दिनेश कुमार और हर्षवीर सिंह सेखों तालिका में निचले पायदान पर रहने के बाद अगले दौरे के लिए आगे बढ़ने में नाकाम रहे। ऑस्ट्रेलिया ने क्रिस हॉय वेलोड्रोम में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस स्पर्धा में अपना दबदबा कायम रखा।

दिनेश ने 23 खिलाड़ियों में 17वां स्थान हासिल किया। उन्होंने चार मिनट 29.267 सेकंड का समय निकाला और उनकी औसत रफ्तार 53.479 किमी प्रति घंटा रही। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहे ऑस्ट्रेलिया के ओलिवर ब्लेडिन से 25 सेकंड से ज्यादा पीछे रहे। ब्लेडिन ने चार मिनट 4.132 सेकंड का समय निकालकर राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। हर्षवीर सिंह सेखों 19वें स्थान पर रहे। उन्होंने यह दूरी चार मिनट 35.524 सेकंड में पूरी की, जिसमें उनकी औसत गति 52.264 किमी प्रति घंटा रही। वहीं पुरुषों की कीरिन स्पर्धा में भारतीय साइकिलिस्टों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

इस प्रतियोगिता की शुरुआती हीट में भारतीय खिलाड़ी पीछे रह गए। देश के तीन खिलाड़ियों में डेविड बेकहम का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। बेकहम ने तीसरी हीट में हिस्सा लिया और पांचवें स्थान पर रहे। वह हीट विजेता ऑस्ट्रेलिया के डेनियल जेम्स बार्बर से 0.780 सेकेंड पीछे रहे।


# यूपी टी-20 : 49 रुपये में लेसकेंगे मैच का आनन्द

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा आयोजित यूपी टी-20 लीग के चौथे सीजन के लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के

**❍ सीजन टिकट, फैमिली पैक और उद्घाटन समारोह के लिए हॉस्पिटैलिटी टिकट भी उपलब्ध**

लिए टिकटों की कीमतें बेहद किफायती रखी गई हैं। वहीं पहली बार दर्शकों को हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी कमेंट्री भी सुनने को मिलेगी। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि इस बार लीग का आयोजन पहली बार लखनऊ और कानपुर दोनों शहरों में होगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में



होने वाले 22 मैचों के लिए टिकट इस तरह निर्धारित किए गए हैं कि हर वर्ग का क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में बैठकर मैचों का आनंद ले सके। उन्होंने बताया कि इकाना स्टेडियम में सामान्य दिनों में खेले जाने वाले मैचों के लिए अपर स्टैंड का टिकट 49 रुपये तथा लोअर स्टैंड का टिकट 99 रुपये रखा गया है। वहीं सप्ताहांत के मैचों के लिए अपर स्टैंड का टिकट 99 रुपये और लोअर स्टैंड का टिकट 149 रुपये निर्धारित किया गया है। डॉ. कपूर ने बताया कि लखनऊ में लीग के मैचों का आनंद लेने वाले दर्शकों के लिए सीजन टिकट भी उपलब्ध रहेंगे। इनमें अपर स्टैंड का सीजन टिकट 399 रुपये तथा लोअर स्टैंड का सीजन टिकट 499 रुपये होगा। वहीं परिवारों की सुविधा

**❍ भोजपुरी कमेंट्री से बढ़ेगा मैचों का रोमांच**

के लिए 3+1 फैमिली पैक भी उपलब्ध रहेगा जिसकी कीमत लोअर स्टैंड के लिए 1,047 रुपये तथा अपर स्टैंड के लिए 1,497 रुपये निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भव्य उद्घाटन समारोह के लिए हॉस्पिटैलिटी टिकट की श्रेणियां भी निर्धारित की गई हैं।

# इन्फेंटिनो ने विश्व कप के मुनाफे को निजी कंपनियों को बेचने की योजना रद्द की

जेनेवा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने दुनिया के हर कोने से भारी विरोध के बाद विश्व कप के मुनाफे को निजी इक्विटी कंपनियों को बेचने की अपनी विवादास्पद योजना को रद्द कर दिया है। इन्फेंटिनो ने यह फैसला तब किया जब एशिया की फुटबॉल संस्था ने यूरोप और उत्तरी अमेरिका के साथ मिलकर इसका विरोध किया तथा व्हाइट हाउस की एक समिति में शामिल रहे उनके वरिष्ठ सलाहकार ने खुलकर इसका विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। इन्फेंटिनो ने शुक्रवार को बयान में कहा, सभी पक्षों के विचार जानने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि इस योजना ने ऐसे विभाजन पैदा कर दिए हैं जो मूल उद्देश्य के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हमेशा एकजुट रहना और सुधार करना रहा है और भविष्य में भी ऐसा ही होगा। इसलिए यह प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ेगा। इन्फेंटिनो ने निजी निवेशकों के साथ विश्व कप के संचालन के लिए 20 अरब डॉलर की कंपनी बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन मंगलवार की घोषणा के बाद से इसका विरोध बढ़ता ही जा रहा था।

यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के 55 सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को इन्फेंटिनो की योजना के विरोध में विश्व कप और फीफा की अन्य सभी प्रतियोगिताओं का बहिष्कार करने पर सहमति जताई। उत्तरी अमेरिका के कॉनकाकाफ और एशियाई फुटबॉल महासंघ ने भी इस योजना का विरोध किया।

# लखनऊ में जिला चैंपियनशिप का आगाज

खेल संवाददाता

लखनऊ। बैडमिंटन कोर्ट पर विशेष पैडल और प्लास्टिक की गेंद से खेले जाने वाले पिकलबॉल ने कम समय में युवाओं से लेकर वरिष्ठ खिलाड़ियों तक को अपनी ओर आकर्षित किया है। इस खेल का रोमांच शनिवार को चिनहट स्थित पिकल डोम इंडोर कोर्ट में शुरू हुई दो दिवसीय लखनऊ जिला पिकलबॉल चैंपियनशिप-2026 में देखने को मिला। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ.

**❍ डॉ. आनन्देश्वर पांडेय व रोहित मिश्रा ने किया पिकलबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन**

आनन्देश्वर पांडेय व विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. आनन्देश्वर पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि पिकलबॉल देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा खेल है और इसमें युवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर मौजूद हैं।

विशिष्ट अतिथि रोहित मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए लखनऊ में पिकलबॉल को बढ़ावा




देने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने करते हुए कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं उभरते खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण मंच होती हैं। एसोसिएशन के सचिव डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने कहा कि एसोसिएशन का लक्ष्य शहर में पिकलबॉल का व्यवस्थित विकास करना तथा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी अवसर उपलब्ध कराना है।

## आठ भारतीय खिलाड़ी पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली। भारत ने शनिवार को यहां त्यागराज स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें मेजबान देश के आठ खिलाड़ियों ने पुरुष और महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में क्लीन स्वीप करते हुए सेमीफाइनल में चारों स्थान पर कब्जा किया जिससे सभी अंतिम चार मुकाबले भारतीय खिलाड़ियों के बीच ही होंगे।

वहीं पुरुष वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने विदेशी और घरेलू चुनौती को पार करते हुए सेमीफाइनल के चारों स्थान पर कब्जा कर लिया। पुरुष एकल में शीर्ष वरीय मानुष शाह को ऑस्ट्रेलिया के आदित्य सरीन ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन छह गेम तक चले मुकाबले में मानुष ने 11-6, 11-8, 2-11, 13-15, 11-8, 11-5 से जीत दर्ज की।

# ये दिल मांगे मोर : तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास

एजेंसी

ग्लास्गो। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर चार दिन पहले स्टेडियम के एक कोने में घुटनों के बल बैठे अपने आंसुओं को रोकने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि ऊंची कूद स्पर्धा में पहले ही प्रयास के बाद घुटने की पुरानी चोट फिर उभर आई थी और ऐसा लग रहा था कि राष्ट्रमंडल खेलों में उनका अभियान शुरू होने से पहले ही किसी बुरे सपने में बदल गया। लेकिन शुक्रवार शाम उसी स्टेडियम में उनके गले में डेकाथलन का कांस्य पदक चमक रहा था।

कुछ ही दिनों में निराशा से अविश्वास और फिर ऐतिहासिक सफलता तक का यह सफर उनके चेहरे की मुस्कान में साफ झलक रहा था। डेकाथलॉन में राष्ट्रमंडल खेलों का पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने 27 वर्षीय तेजस्विन ने मिक्स्ड जोन में प्रवेश करते हुए मुस्कुराकर कहा, दोस्तों, आज मैं नहीं रोऊंगा। तेजस्विन ऊंची कूद में भी पदक जीतने के इरादे से ग्लास्गो पहुंचे थे। चार वर्ष पहले उन्होंने इसी स्पर्धा में भारत के लिए पहला राष्ट्रमंडल पदक जीतकर इतिहास रचा था। लेकिन इस बार पहले ही प्रयास के बाद पुरानी घुटने की चोट उभर आई और उन्हें प्रतियोगिता से हटना पड़ा। उस समय उनकी आंखों से निकले आंसू दर्द से ज्यादा हार मान लेने की भावना के थे। उन्होंने कहा मैं अगर उस समय अकेला होता, तो शायद सब कुछ छोड़ देता।




# सेना की रक्षात्मक व आक्रामक क्षमता में आया बड़ा बदलाव

## 12 साल में भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाने में डोभाल की अहम भूमिका: शाह

एजेंसी

पुणे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल की निर्णायक भूमिका रही है। शाह ने साथ ही यह भी कहा कि इस दौरान देश की सशस्त्र सेनाओं की रक्षात्मक और आक्रामक, दोनों क्षमताओं में बड़ा बदलाव आया है। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 समारोह में डोभाल को सम्मानित करने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भारत की विदेश नीति को मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर फैसले के पीछे डोभाल की भूमिका और उनकी सलाह रही है।



शाह ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आधारित नए राष्ट्रवाद की नींव रखी और आज देश उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा है, अब इससे पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं उठता। शाह ने कहा, पिछले 12 वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने हमारी सशस्त्र सेनाओं की रक्षात्मक क्षमताओं के साथ-साथ उनकी आक्रामक क्षमताओं में भी बड़ा बदलाव किया है और इस परिवर्तन में डोभाल साहब का निर्णायक योगदान रहा है। शाह ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहला चयन अजित डोभाल को एनएसए के रूप में नियुक्त करके किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, उनमें संरचनात्मक बदलाव लाने, प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग और भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल सुनिश्चित करने तथा उनकी अभियान संबंधी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले किए। शाह ने कहा कि इन सभी पहलों में डोभाल ने प्रमुख सलाहकार की भूमिका निभाई। शाह ने कहा, एनएसए अजित डोभाल ने भारत की विदेश नीति को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के हर फैसले की पृष्ठभूमि में डोभाल की भूमिका और सलाह रही है। शाह ने आसूचना ब्यूरो और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में डोभाल के विशिष्ट करियर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बहु-एजेंसी केंद्र की मजबूत नींव रखी, जो आज देश की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ बना हुआ है। उन्होंने कहा कि खुफिया अभियानों की प्रकृति ऐसी होती है कि डोभाल के कार्यों का बड़ा हिस्सा कभी पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। शाह ने गुजरात के गृह मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान डोभाल के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि वर्ष 2008 में गुजरात में सिलसिलेवार बम विस्फोटों के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी मुलाकात डोभाल से कराई थी। उन्होंने कहा, डोभाल से मिले सुझावों के आधार पर गुजरात पुलिस ने न केवल गुजरात में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों की जांच की, बल्कि देशभर में बम विस्फोट के 13 अन्य मामले भी सुलझाए।

यह एक बड़ी उपलब्धि थी। शाह ने कहा कि वर्ष 2005 में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी डोभाल ने विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए काम जारी रखा। उन्होंने कहा वर्ष 2005 से 2014 के बीच उन्होंने देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने पर व्यापक मंथन किया। वर्ष 2014 तक ये विचार केवल पुस्तकों तक सीमित थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने और उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किए जाने के बाद इन विचारों को अमल में लाया गया।

# बालटाल मार्ग से अमरनाथ यात्रा फिर शुरू



श्रीनगर। खराब मौसम और मार्ग की आवश्यक मरम्मत के कारण एक दिन के लिए स्थगित रहने के बाद अमरनाथ यात्रा शनिवार को बालटाल मार्ग से पुनः शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा, बालटाल मार्ग से यात्रा फिर से शुरू हो गई है और श्रद्धालुओं को आज सुबह गुफा मंदिर के दर्शन के लिए जाने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि मौसम में सुधार होने और मार्ग की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद यात्रा बहाल की गई है। शुक्रवार को लगातार हुई बारिश के कारण प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों और मार्ग के मामूली रूप से क्षतिग्रस्त होने की वजह से यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, पहलगाम मार्ग से यात्रा फिलहाल निलंबित है, क्योंकि वहां आवश्यक मरम्मत कार्य जारी है। इस वर्ष यात्रा तीन जुलाई को शुरू हुई थी और अब तक लगभग 4,50,000 श्रद्धालु प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। इस यात्रा का समापन रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त को होगा।

संक्षेप

## वायुसेना के उप प्रमुख बने एयर मार्शल तेजपाल सिंह

नयी दिल्ली। एयर मार्शल तेजपाल सिंह ने शनिवार को नये वायुसेना उप प्रमुख के तौर पर पदभार संभाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिंह ने एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती का स्थान लिया है, जो देश की 39 साल की शानदार सेवा के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। एयर मार्शल सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि दी और देश की सेवा में प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को नमन किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 16 जून, 1990 को फाइटर पायलट के तौर पर शामिल हुए एयर मार्शल सिंह के पास 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने शनिवार को नए नौसेना उप प्रमुख का पदभार संभाला। इससे पहले, महानिदेशक (नौसेना अभियान) के तौर पर वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना की योजना, तैयारी और परिचालन तत्परता में अहम भूमिका निभा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, प्रमोद 1999 में ऑपरेशन विजय और 2001 में ऑपरेशन पराक्रम में भी शामिल रहे थे। प्रमोद ने वाइस एडमिरल तरुण सोबती का स्थान लिया।

# सेउटा में स्पेन-मोरक्को सीमा संकट गहराया

एजेंसी

सेउटा (स्पेन)। मोरक्को के साथ स्पेन के सेउटा सीमा संकट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 67 हो गई है। स्पेन सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्पेन सरकार ने कहा कि मृतकों में कुछ ऐसे लोग शामिल हैं जो डूब गए और कुछ ब्रेकवॉटर बैरियर को पार करने की भगदड़ में मारे गए।

❍ मृतकों की संख्या 67 हुई

स्पेन ने घोषणा की कि वह ब्रेकवाटर (लहररोधी बांध) की बाड़ के साथ एक अवरोधक दीवार खड़ी कर रहा है। इससे पहले बृहस्पतिवार और शुक्रवार को करीब 60000 प्रवासी स्पेन के इस क्षेत्र (सेउटा) में घुस गये थे। शनिवार सुबह तैरकर सेउटा के ताराजल तट पर पहुंचे कुछ थके-हारे प्रवासियों को सैनिकों ने सीमा के पार वापस भेज दिया। स्पेन के गृह मंत्रालय का कहना है।

# रूस के बैलिस्टिक हमलों से यूक्रेन में नौ की मौत

एजेंसी



कीव। रूस ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की सरकारी आपातकालीन सेवा के अनुसार, कीव के सोलोमियांस्की जिले में मलबा गिरने से पांच मंजिला रिहायशी इमारत क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई।

बचावकर्मियों ने इमारत की ऊपरी मंजिलों से 35 लोगों को सुरक्षित निकाला। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और दो बच्चों सहित आठ लोग घायल हुए हैं। आपातकालीन सेवा ने बताया कि दारनित्स्की जिले में हमले के कारण मकानों, वाहनों, एक प्रशासनिक भवन और अन्य गैर-आवासीय इमारतों में आग लग गई तथा भारी नुकसान हुआ।

इस इलाके में सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। राजधानी के शेवचेंकिव्स्की जिले में भी आपातकालीन कर्मियों ने एक गैर-आवासीय इमारत में लगी आग पर काबू पाया। हालांकि, जिले के महापौर द्वारा पहले दी गई इस सूचना पर कि एक अन्य रिहायशी इमारत में कुछ लोग फंसे हो सकते हैं, कोई नई जानकारी नहीं मिली है। शहर के दो अन्य जिलों में भी व्यावसायिक और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबर है।

# नड्डा ने नीट-पीजी 2026 की तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-परास्नातक (पीजी) 2026 की तैयारियों की समीक्षा की और सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि परीक्षा को सुचारु, सुरक्षित, पारदर्शी व तकनीक आधारित तरीके से आयोजित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साथ ही अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाहों और फर्जी दावों से सावधान रहने की सलाह दी। नीट-पीजी 2026 परीक्षा 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा एक ही पाली में लगभग 340 शहरों और 1,300 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस परीक्षा के लिए कुल 2,73,183 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। नड्डा ने समीक्षा बैठक के दौरान नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस), तकनीकी साझेदारों और अन्य संबंधित पक्षों की तैयारियों का जायजा लिया। बयान के मुताबिक, उन्हें परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं, अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए किए गए उपायों, सुरक्षा व्यवस्था और इस वर्ष की परीक्षा के लिए लागू की गई तकनीक आधारित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। नड्डा ने निष्पक्ष, पारदर्शी और उम्मीदवारों के अनुकूल परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में ईमानदारी और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने सभी संबंधित एजेंसियों को आपस में बेहतर तालमेल बनाकर काम करने और अभ्यर्थियों को बिना किसी परेशानी के परीक्षा देने में मदद करने का निर्देश दिया।

❍ प्रश्न पत्र लीक की अफवाहों से सावधान रहने को कहा

# केरल में भारी बारिश से बाढ़ और भूस्खलन, चार की मौत

एजेंसी

इडुक्कीकोट्टायम (केरल)। केरल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं के बीच शनिवार को इडुक्की और कोट्टायम जिलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य लोगों को बचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



प्रशासन के अनुसार, मृतकों में इडुक्की जिले के कुडयाथूर के निकट अडूरमाला क्षेत्र की रहने वाली सुमति शामिल हैं। शनिवार तड़के हुए भूस्खलन का मलबा उनके घर पर आ गिरा, जिससे उनकी मौत हो गई। पड़ोसियों ने उसके पति रवि और बेटे रथीश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों को चोटें आयीं और उन्हें थोडुपुझा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन में उनका मकान पूरी तरह तबाह हो गया।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन एवं बचाव सेवा, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के तलाशी अभियान के बाद सुमति का शव बरामद किया गया। कोट्टायम जिले के पूनजार के पय्यानिथोट्टम क्षेत्र में हुए भूस्खलन में एक युवक की मौत हो गई और उसकी मां की मलबे में दबने से मौत हो गयी। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की पहचान जोसेफ (24) और उसकी मां रेजिना जॉनी (46) के रूप में की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि जोसेफ को मलबे से निकाल लिया गया था, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

रेजिना का शव सुबह करीब साढ़े 10 बजे बरामद किया गया। एक अन्य घटना में, इडुक्की जिले के वागामोन क्षेत्र में भूस्खलन की चपेट में आने से प्रभाकरन नायर (77) नामक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कोट्टायम जिले के वाइकोम निवासी नायर अपने एक रिश्तेदार के घर के एक शयनकक्ष में सो रहे थे, तभी भूस्खलन हुआ।

## ईरान पर नये हमलों पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

**काहिरा।** अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय एवं आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस ने संकेत दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर नए सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका, ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और पिछले महीने दोनों देशों के बीच हुए युद्धविराम समझौते की शर्तों का पालन करने का दबाव बना रहा है। रातभर अमेरिका की ओर से ईरान पर कोई हमला नहीं किया गया। वहीं ईरान के अर्धसैनिक बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो और तेल टैंकरों को निशाना बनाया है।

इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'साहिया' की सेंसर प्रक्रिया पर विवाद

**मुंबई।** फिल्म 'साहिया' की सेंसर प्रक्रिया में कथित देरी को लेकर इसके प्रोड्यूसर और डायरेक्टर संजय शर्मा ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि फिल्म को प्रायोरिटी कैटेगरी में सबमिट किया गया था, लेकिन तय समयसीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। इससे फिल्म के रिलीज प्लान पर असर पड़ रहा है और प्रोड्यूसर्स को फाइनेंशियल नुकसान हो रहा है। बता दें कि फिल्म 'साहिया' की शूटिंग झारखंड के नेतरहाट क्षेत्र में की गई है। फिल्म में नीरज काबी, शांतनु माहेश्वरी और रिंकू राजगुरु मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं, संगीत में सोना मोहपात्रा, जावेद अली, रिचा शर्मा, कृष्णा बेउरा और स्वानंद किरकिरे ने अपनी आवाज दी है। फिल्म के गीत समीर अंजन और स्वानंद किरकिरे ने लिखे हैं। फिल्म के पोस्टर को लेकर भी विवाद है। फिल्ममेकर अविनाश दास ने दावा किया है कि यह फर्जी और बिना इजाजत का है। फिल्म के पोस्टर को लेकर भी विवाद है। फिल्ममेकर अविनाश दास ने दावा किया है कि यह फर्जी और बिना इजाजत का है। संजय शर्मा ने कहा कि नियमों के अनुसार तत्काल श्रेणी में आवेदन करने पर कुछ ही दिनों के भीतर फिल्म की स्क्रीनिंग हो जानी चाहिए थी, लेकिन उनकी फिल्म की स्क्रीनिंग करीब डेढ़ महीने बाद की गई। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग के दौरान यह बताया गया कि फिल्म में नक्सलवाद की पृष्ठभूमि होने के कारण इसे रिव्यू कमेटी के पास भेजा जाएगा।

❍ प्रोड्यूसर ने सीबीएफसी पर देरी का आरोप लगाया बोर्ड- प्रायोरिटी स्कीम खत्म हो चुकी




# रश्मिका मंदाना शूटिंग के दौरान हुईं चोटिल

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गई हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह चोट उन्हें डांस और एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान लगी। हालांकि, रश्मिका या उनकी टीम की तरफ से इसको लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। चोट की वजह से रश्मिका का शूटिंग शेड्यूल रोक दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग कर रही थीं। इसी दौरान उनकी हिप से जुड़ा एक टेंडन पूरी तरह अलग हो गया। डॉक्टरों के अनुसार, इस तरह की चोट आमतौर पर प्रोफेशनल एथलीट्स में देखी जाती है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें छह हफ्ते तक पूरी तरह आराम करने और फिर बताए गए रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम को शुरू करने की सलाह दी गई है। इस चोट की वजह से रश्मिका के आने वाले शूटिंग शेड्यूल और दूसरे प्रोफेशनल कमिटमेंट्स पर असर पड़ सकता है। वह अभी राणाबली और माइसा जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों पर काम कर रही हैं और कई एंडोर्समेंट कैंपेन भी मैनेज कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी अभी की शूटिंग और कमर्शियल असाइनमेंट्स को रीशेड्यूल किया जा सकता है।

❍ डांस सीक्वेंस में हिप का टेंडन अलग हुआ डॉक्टर ने दी 6 हफ्ते आराम की सलाह

## सलमान खान ने घटायी फीस

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बन रही फिल्म एसवीसी63 के लिए कथित तौर पर ?70 करोड़ की फीस तय की है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, सलमान खान आमतौर पर एक फिल्म के लिए ?120 करोड़ या उससे अधिक फीस लेते हैं। ऐसे में यह रकम उनकी नॉर्मल फीस का लगभग 60% बताई जा रही है। रिपोर्ट में एक सोर्स के हवाले से बताया गया है कि सलमान के पुराने दोस्त रफी काजी इस प्रोजेक्ट में मीडिएटर का काम कर रहे हैं। उनका नाम फिल्म के प्रोड्यूसर्स में भी शामिल रहेगा। इसी दोस्ती की वजह से सलमान अपनी अपफ्रंट फीस कम करने के लिए तैयार हुए हैं।

# 'रामायण' के ट्रेलर की पाकिस्तान में हुई तारीफ

**मुंबई।** रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज होने के बाद भारत के साथ पाकिस्तान में भी इसकी चर्चा हो रही है। पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर और फिल्म क्रिटिक्स ने ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए इसके वीएफएक्स, स्टार कास्ट और मेकिंग की तारीफ की। पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर 'काम वाली बात' के नाम से पहचाने जाने वाले माविया उमर फारूकी ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर की समीक्षा करते हुए कहा कि फिल्म का बड़ा बजट उसके विजुअल्स में साफ नजर आता है। फारूकी ने हॉलीवुड स्टूडियोज के साथ वीएफएक्स पर किए गए काम की भी सराहना की।



उन्होंने कहा, ह्यएक पाकिस्तानी के तौर पर मैं बोलूंगा कि भाई, मैं ट्रेलर देखकर तो एक्साइटेड हो गया हूं कि फिल्म के अंदर क्या है, फिल्म के अंदर क्या देखने को मिलेगा। पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर माविया उमर फारूकी क्रिकेट मैच और फिल्मों को लेकर ज्यादातर कंटेंट क्रिएट करते हैं। वहीं, पाकिस्तानी यूट्यूबर और फिल्म क्रिटिक हस्नात खान ने भी अपने यूट्यूब रिव्यू में ट्रेलर की तारीफ की।

❍ कंटेंट क्रिएटर्स ने वीएफएक्स और मेकिंग को बताया शानदार, रणबीर कपूर की भी सराहना की

उन्होंने कहा कि फिल्म को लेकर जो हाइप बनी थी, ट्रेलर उसे पूरी तरह सही साबित करता है। उनके मुताबिक, ट्रेलर का हर सीन शानदार है और मेकर्स ने विजुअल्स, सीजीआई, लाइटिंग, एनिमेशन और स्टंट्स पर बेहतरीन काम किया है। उन्हें कहीं भी लो क्वालिटी या कमजोर वीएफएक्स नहीं दिखे। हस्नात खान फिल्मों, वेब सीरीज, ट्रेलर और टेलीविजन ड्रामा का एनालिसिस और रिव्यू करते हैं। हस्नात खान ने यश की एक्टिंग और उनके एक्शन सीन्स की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रेलर की शुरूआत ही यश के दमदार अंदाज से होती है। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट का ट्रेलर कल रिलीज हो गया।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K